पौष मास, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 252, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, शनिवार, 31 दिसम्बर, 2022

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news




अंदर - बच्चों के लिए एक प्यारी किताब

अन्दर : क्रिकेटर ऋषभ कार दुर्घटना में घायल



# हीरा बा पंचतत्व में विलीन

## सरकारी कार्यक्रम खत्म कर भाई के घर पहुंचे प्रधानमंत्री



**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीरा बा का पार्थिव शरीर मुक्तिधाम शमशान घाट में पंचतत्व में विलीन हुआ। प्रधानमंत्री की मां हीराबेन मोदी का पार्थिव शरीर गांधीनगर के श्मशान घाट लाया गया। जहां सभी वैदिक विधि विधान एवं गोच्चारण के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमामि गंगे का कार्यक्रम खत्म करने के बाद राजभवन से सीधे अपने भाई पंकज मोदी के घर पहुंच गए। रविवार को सुबह 10 से 2 बजे के बीच वडनगर में प्रार्थना सभा का आयोजन होगा। हीरा बा का पूरा हिंदू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया गया। श्री मोदी ने अपने भाई के साथ मां के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। सूचना देने के समय प्रधानमंत्री बहुत भावपूर्ण हो गए। मुक्तिधाम शमशान घाट में हीरा बा की अंत्येष्टि के दौरान गुजरात के भूपेन्द्र पटेल, राज्य सरकार के मंत्री सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने मां हीरा बा का अंतिम संस्कार करने के बाद शमशान घाट से राजभवन की ओर प्रस्थान किया। इससे पहले प्रधानमंत्री को जैसी ही मां के निधन की सूचना मिली वह अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। मनपाहारा हवाई अड्डे से पहले गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल मौजूद थे। मोदी एयरपोर्ट से सीधे गांधीनगर में पंकज मोदी के घर रायसन पहुंचे। प्रधानमंत्री ने मां हीराबेन के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पण कर नमन किया। इसके बाद मोदी ने मां की अर्थी को कंधा दिया। जिसके बाद हीराबेन के पार्थिव शरीर को गांधीनगर के मुक्तिधाम शमशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री की मां हीराबेन का निधन तड़के साढ़े तीन बजे मनपा के एक निजी अस्पताल में हो गया।





# जय श्रीराम के नारों पर दूसरी बार भड़कीं ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन के दौरान सीएम ममता बनर्जी फिर से भड़क गईं। दरअसल, जब प्रोग्राम चल रहा था तभी कुछ लोगों ने जय श्रीराम का नारा लगा दिया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी वहां मौजूद थे। फिर क्या था, नारा सुनने के बाद ममता बनर्जी गुस्से में आ गईं। वो स्टेज पर जाने के बजाय एक कोने में लगी कुर्सियों पर बैठ गईं। उनके साथ राज्य के अफसर भी थे। 2021 में भी ऐसा ही वाकया सामने आ चुका है। कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में जय श्रीराम के नारे लगे थे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री लंबे अरसे बाद पीएम के साथ किसी कार्यक्रम में दिखी थीं। कार्यक्रम की शुरूआत के बाद जैसे ही ममता बनर्जी को भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया तो श्रोताओं में मौजूद कुछ लोग अचानक जय श्रीराम के नारे लगाने लगे। ममता बनर्जी नारेबाजी से चिढ़ गईं। उन्होंने कहा कि आपने कोलकाता में प्रोग्राम किया इसके लिए आभारी हूं। लेकिन यह एक सरकारी कार्यक्रम है। कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है।

# मां को आखिरी विदाई देने के बाद कर्म पथ पर मोदी

## 'वंदे भारत' ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कर्म को महत्व**

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मोदी ने कहा, बंगाल की जनता से माफी मांगता हूं**

**प्रधानमंत्री ने कहा, किसी अन्य कारणों से बंगाल नहीं आ पाया हूं**





**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोलकाता में वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर उसे देश को समर्पित किया। हावड़ा से जलपाईगुड़ी के बीच चलने वाली वंदे भारत को पीएम मोदी ने वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता से माफी मांगता हूं। पीएम ने कहा किसी अन्य कारणों से बंगाल नहीं आया पाया हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को माँ के अंतिम संस्कार करने के बाद शोक के बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कोलकाता के हावड़ा रेलवे स्टेशन से पूर्वी भारत की पहली एवं देश की सातवीं वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया और करीब 58 हजार करोड़ रुपये की क्षमता विस्तार की परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

हावड़ा स्टेशन पर सादे समारोह में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार, अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉन बारला, गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी और सांसद प्रसून बनर्जी उपस्थित थे।

मोदी की मां के निधन के समाचार का आज के कार्यक्रम पर असर साफ दिखाई दिया। रात में वंदे भारत एक्सप्रेस को फूलों, गुब्बारों एवं रंगीन पट्टियों से सजाया गया था, लेकिन हीरा बा के महाप्रयाण की खबर मिलने के बाद ट्रेन सेट से सारी सजावट उतार दी गई। कार्यक्रम में आयी भीड़ में भी मोदी की मां के निधन पर दुख भी भावना थी। मोदी ने करीब सवा 11 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। इस मौके पर रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में रेलवे के विकास के लिए पहले से कहीं अधिक आवंटन किया है और वह सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए पश्चिम बंगाल को विकसित राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। ममता बनर्जी ने अपने संबोधन में भावुक स्वर में मोदी के मां के निधन पर शोक व्यक्त और उनके प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि वह प्रार्थना करती हैं कि प्रधानमंत्री अपने कार्यों के माध्यम से अपनी माता को प्यार करते रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने निजी जीवन में सबसे अधिक कष्टकारी एवं शोकपूर्ण समय में होने के बावजूद वर्चुअल रूप में कार्यक्रम में जुड़े हैं। उन्होंने मोदी से आग्रह किया कि इस कार्यक्रम को छोटा किया जाए और वह कुछ समय आराम करें। बनर्जी ने कहा कि यह अवसर उनके लिए संतोष का है कि उनके रेल मंत्री रहते जिन पांच परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई थी उनमें से चार को लोकार्पित किया जा रहा है। उन्होंने मोदी को वंदे भारत एक्सप्रेस के लिए धन्यवाद देते हुए पुनः कहा कि वह समझ नहीं पा रही हैं कि वह श्री मोदी की मां को किन शब्दों में श्रद्धांजलि दें। आज उन्हें अपनी माँ की भी याद आ रही है। उन्होंने आत्मीयता भरी अपील की कि श्री मोदी थोड़ा आराम करें। मोदी ने कोई संबोधन नहीं दिया। उनके चेहरे पर शोक के भाव स्पष्ट तौर पर झलक रहे थे।

इसके बाद मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के साथ ही क्षमता विस्तार की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया और न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन की पुनर्विकास परियोजना की आधारशिला रखी। इससे राज्य में रेल परिचालन सुगमता और रफ्तार आएगी। वंदे भारत एक्सप्रेस हावड़ा न्यू जलपाईगुड़ी के बीच करीब 561 किलोमीटर की दूरी सात घंटे 50 मिनट में तय करेगी। गाड़ी दोनों दिशाओं में आते-जाते समय मालदा टाउन, बारसोई और बोलपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस मार्ग पर शताब्दी एक्सप्रेस भी चलती है जो यह दूरी आठ घंटे 20 मिनट में तय करती है। पूर्वी भारत की यह पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन पर्यटन और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण होगी। दार्जीलिंग और सिक्किम के लिए न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन मुख्य संपर्क बिन्दु है। यह स्टेशन पूर्वोत्तर क्षेत्र के द्वार के रूप में भी जाना जाता है।




# ऑक्सीजन सिलिंडर ब्लॉस्ट, दो के चिथड़े उड़े

**चंदौली में हादसा**

**एक निजी अस्पताल को सिलिंडर देने के लिए वाहन से उतार रहे थे**

**इस हादसे से नगरवासियों में मचा हड़कंप**

**घटना के बाद मौके पर पहुंचे एसपी फारेंसिक टीम ने की जांच**



चंदौली के रविनगर में सिलिंडर ब्लॉस्ट के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम

**डीडीयू नगर।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। जिले के मुगलसराय कोतवाली के रविनगर क्षेत्र स्थित एक निजी अस्पताल के सामने शुक्रवार की सुबह पिकअप वाहन पर लदा ऑक्सीजन गैस सिलिंडर ब्लॉस्ट कर गया। इसकी जद में आए वाहन के दो लोगों (चालक व खलासी) के चिथड़े उड़ गए। धमाका इतना तेज था कि समूचा इलाका दहल उठा। घटना के बाद तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और लोग अपनी जान बचाकर भागते नजर आए। धमाके के बाद जब लोग मौके पर जुटे तो देखा कि दो लोगों का क्षत-विक्षत शव सड़क पर पड़ा था। सूचना के बाद मुगलसराय कोतवाली के साथ ही पुलिस विभाग के आला अफसर मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सिलिंडर ब्लॉस्ट के चलते मृतकों के शरीर के चिथड़े उड़ गए। इस हादसे से नगरवासियों के रोंगटे खड़े हो गए और घटनास्थल पर खौफनाक मंजर देख लोगों की रूह कांप उठी। धमाके चलते आसपास के कई भवनों और इमारतों के शीशे और ग्रिल टूट गए।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह रविनगर स्थित एक निजी अस्पताल पर ऑक्सीजन सिलिंडर की सप्लाई देने के लिए दोनों युवक वाहन से सिलिंडर उतार रहे थे। तभी अचानक एक सिलिंडर तेज आवाज के साथ ब्लॉस्ट कर गया। सिलिंडर फटने पर जोरदार धमाका हुआ और आसपास के लोग बेसुध होकर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। ब्लॉस्ट की जद में आने से नई सब्जी मंडी-मुगलसराय निवासी राजन पाल (30) और कूढ़े खुर्द निवासी चंद्रभान राम (36) की मौत हो गई। दोनों ऑक्सीजन गैस वाहन सप्लाई के ड्राइवर व खलासी बताए जाते हैं। धमाके के कारण एक युवक का सिर धड़ से उड़कर अलग हो गया। वहीं मौके पर एक मृतक का शव ईंट लदे ट्रैक्टर टायर के नीचे पड़ा मिला। घटना के पश्चात मौके पर ट्रैक्टर छोड़कर चालक फरार हो गया।

घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, सीओ अनिरूद्ध सिंह पहुंचे। एसपी ने बताया कि मेडिकल ऑक्सीजन गैस सिलिंडर किन कारणों से ब्लास्ट हुआ है, इसकी जानकारी अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस टीम जांच कर रही है।

जांच के पश्चाता ही वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा कि घटना कैसे हुई है? दूसरी तरफ, फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही थी। टीम के सदस्यों ने बारीकी से जांच करते हुए सभी साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने मृतकों के क्षत-विक्षत शव को एकत्रित कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले और साक्ष्य जुटाने का प्रयास किया।

## राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे :राजनाथ सिंह



**तिरुवनंतपुरम।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखना और इन्हें आगे भी बनाए रखना चाहता है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर नहीं किया जाएगा। यहां शिवगिरि मठ की 90वीं वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की उस टिप्पणी को याद किया जिसमें उन्होंने कहा था कि हम दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंधों की आवश्यकता है। लेकिन, हम अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। हम अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर किसी के साथ अच्छे संबंध नहीं चाहते हैं।

# खरमास के बाद केंद्रीय कैबिनेट में बदलाव

**परिवर्तन की आहट**

**मिशन 2024 में जुटे पीएम मोदी और शाह**

**बेहतर काम करने वाले सांसदों को मिल सकता हैं मौका**



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के बजट सत्र से पहले पीएम नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है। बताया जा रहा हैं कि मकर संक्राति के बाद कभी भी ये विस्तार हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की टीम में फेरबदल का खाका तैयार हो गया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने को देखकर ये बदलाव हो सकते हैं। इस साल 8 जून को पीएम मोदी के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था जिसमें कुल 12 चेहरों को जगह दी गई थी जबकि कुछ बड़े नामों की छुट्टी कर दी गई है। मंत्रिमंडल फेरबदल की खबरों के बाद से बीजेपी सांसदों में सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है। सूत्रों ने बताया खरमास (इस एक माह में हिंदू कैलेंडर में कोई अहम काम नहीं किया जाता है।) के बाद मकर संक्राति के अवसर पर ये बदलाव हो सकता है। 2024 के आम चुनाव से पहले मंत्रिमंडल में ये आखिरी बदलाव हो सकता है। अगले साल कई राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं। इसके बाद राज्यों के चुनाव को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में बदलाव हो सकता है। बजट सत्र से पहले पीएम मोदी नए चेहरों के साथ शुरूआत करने की तैयारी में हैं। सूत्रों ने बताया कि जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं वहां के राजनीतिक समीकरणों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिमंडल में बदलाव किए जाएंगे। माना जा रहा है कि इन बदलाव के जरिए अगले साल होने वाले चुनावों में बीजेपी बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल में फेरबदल में न केवल मंत्रियों के परफॉर्मेंस का ध्यान रखा जाएगा बल्कि रोटेशन पॉलिसी का भी पालन होगा ताकि अन्य को भी मौका मिल पाए। इसके जरिए काबिल सांसदों को मौका देना और कुछ मंत्रियों का इस्तेमाल संगठन में करना है। मोदी मंत्रिमंडल में 2019 के बाद एकमात्र बदलाव इस साल जून में हुआ था।

# छह देशों से आने वाले यात्रियों के लिए जारी संशोधित दिशा-निर्देश

**सतर्कता**

**केवल उन यात्रियों को बोर्डिंग पास जारी करें, जिन्होंने एयर सुविधा पोर्टल पर स्व-घोषणा फॉर्म जमा किया**

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में आने वाले यात्रियों के लिए शुक्रवार को संशोधित कोविड दिशानिर्देश जारी किए। यह दिशानिर्देश चीन और थाईलैंड सहित छह देशों के यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर निगेटिव जांच रिपोर्ट अनिवार्य किए जाने से पहले जारी किए गए हैं। एक जनवरी, 2023 से चीन, सिंगापुर, हांगकांग, कोरिया गणराज्य, थाईलैंड और जापान से सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में आने वाले यात्रियों के लिए प्रस्थान पूर्व आरटी-पीसीआर निगेटिव जांच रिपोर्ट अनिवार्य होगी। मंत्रालय ने एक संवाद में कहा कि एयरलाइंस को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी चेक-इन कार्यक्षमता में बदलाव शामिल करें और छह देशों से यात्रा करने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों में से केवल उन यात्रियों को बोर्डिंग पास जारी करें, जिन्होंने एयर सुविधा पोर्टल पर स्व-घोषणा फॉर्म जमा किया है।इसमें कहा गया है, एयर सुविधा पोर्टल स्व-घोषणा को चीन, सिंगापुर, हांगकांग, कोरिया गणराज्य, थाईलैंड और जापान से सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए चालू कर दिया गया है। इसमें भारत आने वाले इन अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर निगेटिव जांच रिपोर्ट के साथ-साथ स्व-घोषणा पत्र अपलोड करने की अनुमति देने वाला एक प्रावधान शामिल किया गया है। आरटी-पीसीआर जांच यात्रा शुरू करने से 72 घंटे पहले की गई होनी चाहिए। प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय उड़ान में आने वाले यात्रियों में से 2 प्रतिशत यात्रियों की बिना क्रम के जांच करने की वर्तमान व्यवस्था भी जारी रहेगी।

# राम व हनुमान पर बीजेपी का एकाधिकार नहीं

## उमा भारती ने फिर से किया अपनी ही पार्टी को असहज

**किया तंज**

**हम यह भ्रम न पालें कि सारा हिंदू समाज हमारा वोटर होगा**



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने भगवान राम और हनुमान की भक्ति पर एक बड़ा बयान दिया है। इखढ नेता ने कहा कि भगवान राम और हनुमान पर भाजपा का कॉपीराइट नहीं है, भगवान राम का भक्त कोई भी हो सकता है।

उमा भारती ने कहा, भगवान राम और हनुमान पर भाजपा का कॉपीराइट नहीं है। भगवान राम और हनुमान बीजेपी के कार्यकर्ता नहीं हैं। जब भाजपा का अस्तित्व नहीं था, जब मुगल शासन था, अंग्रेजों का शासन था तब भी भगवान राम और हनुमान थे। अगर हम भाजपा वालों ने ये भ्रम पाल लिया है कि जब हमने आंखें खोली तब सूरज-चांद निकल आए, तो फिर ये हमारे लिए विनाशकारी साबित होगा।

मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा जिले के सिमरिया में कमलनाथ द्वारा बनवाए गए हनुमान मंदिर पर पहुंची पूर्व उमा भारती ने कहा, हम कभी भी यह भ्रम ना पालें कि सारा हिंदू समाज हमारा वोटर होगा। नहीं हो सकता है। उनकी अपनी आस्था होगी। क्या सारा हिंदू समाज हमारा वोटर है। भले ही हमने राम मंदिर का निर्माण किया हो।

उन्होंने आगे कहा, हिमाचल में हम नहीं जीत पाए तो क्या वे अहिंदू थे जिन्होंने हमें वोट नहीं दिया। जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था है वहां आप किसी धर्म, किसी जाति, किसी मत और किसी व्यक्ति को बंधक नहीं बना सकते हैं। यही बात मोदी जी ने भी कही। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता ने शस्त्र रखने को लेकर प्रज्ञा ठाकुर का बिना नाम लिए बिना कहा कि शस्त्र लाइसेंस सरकार ही देती है। हिंदुओं के सभी देवी-देवता भी शस्त्र धारण किए हुए हैं। शस्त्र नही हिंसक भाव बुरा है। उन्होंने कहा कि शस्त्र धारी व्यक्ति अहिंसक और निशस्त्र व्यक्ति भी हिंसक हो सकता है। हमारे मन में क्या है इससे हिंसा-अहिंसा तय होती है।

इससे पहले भोपाल में लोधी समाज के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमा भारती ने कहा था, मैं चुनाव में आऊंगी। मंच से संबोधित करूंगी, लेकिन मैं यह नहीं कहूंगी की तुम बीजेपी को वोट करो। मैं सभी से कहती हूं कि तुम बीजेपी को वोट करो क्योंकि मैं तो अपनी पार्टी की निष्ठावान सिपाही हूं। पर मैं आपसे थोड़ी अपेक्षा करूंगी कि आप पार्टी के निष्ठावान सिपाही होंगे। बीजेपी नेता ने कहा था कि अगर आप पार्टी के कार्यकर्ता नहीं है, अगर आप पार्टी के वोट नहीं है तो आपको सारी चीजों को देखकर ही अपने बारे में फैसला करना है।

# सरकार ने छोटी बचत पर ब्याज दर बढ़ाया

**नये साल का तोहफा**

**डाक घर की एनएससी एमआईएस और एफडी पर बढ़ी ब्याज दर**



**नई दिल्ली।** सेंटर की मोदी सरकार ने आम लोगों को नया साल 2023 का शानदार तोहफा दिया है। केंद्र सरकार ने एक जनवरी से डाक से संबंधित प्रमुख बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों में वृद्धि कर दी है। इन योजनाओं के लक्ष्यीकरण योजना में राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्र, डाक घर बचत योजना और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना शामिल हैं। लेकिन पीपीएफ की दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकार ने पहले डाक सेवा घेरा, एनएससी और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित लघु बचत योजनाओं पर ब्याज में 1.1 प्रतिशत तक खाते की। यह यादगार एक जनवरी से लागू होगा। सरकार की यह वृद्धि हाल में घबराहट में कई तरह से जुड़ी हुई है। हालांकि, पब्लिक फ्यूचर फंड (पीपीएफ) और बालिका बचत योजना 'सुकन्या समृद्धि' की बद्धता में बदलाव नहीं किया गया है।राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर एक जनवरी से सात प्रतिशत के आधार पर लाभ मिलेगा। अभी यह 6.8 प्रतिशत है। इसी तरह सीनियर सिटीजन सेविंग योजना में मौजूदा 7.6 प्रतिशत के लिए आठ प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। एक से पांच साल की अवधि की डाक व्यवसाय जमा योजना पर व्याज योजना 1.1 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दृष्टिकोण। मंथली आय योजना में भी 6.7 साल की जगह अब 7.1 साल का ब्जेज मिलेगा।

## संक्षेप

### देव भूमि इंटरनेशनल स्कूल में हुआ ज्ञानबोध परीक्षा

**खीरी।** शुक्रवार को देवभूमि इंटरनेशनल स्कूल खीरी में एक दिवसीय ज्ञान बोध परीक्षा का आयोजन किया गया ।यह परीक्षा प्राइमरी वर्ग व जूनियर वर्ग में आयोजित की गई। जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, इतिहास, भूगोल, तर्कशक्ति सामान्य ज्ञान, कंप्यूटर से संबंधित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। जिसमें कुल 100 प्रश्न पूछे गए ।इस परीक्षा को लेकर के विद्यार्थियों में बहुत ज्यादा रुचि के साथ काफी ज्यादा उत्साह भी था। इस परीक्षा को लेकर के बच्चों ने कहा इस परीक्षा का आयोजन वर्ष में चार बार होना चाहिए। बच्चों की मांग को ध्यान में रखते हुए स्कूल के संचालक ने निर्णय लिया गया कि अब इस परीक्षा का आयोजन वर्ष में चार बार किया जाएगा। ज्ञान बोध परीक्षा का उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक और मानसिक विकास करना है ।स्कूल के प्रिंसिपल इंद्र लाल कुशवाहा ने बताया कि सभी स्कूल के बच्चों को उत्साह हेतु संचालित ज्ञान बोध परीक्षा में सामिल होना चाहिए।

# आमने-सामने बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**उरुवा।** बाइक पर सवार होकर घर से रिश्तेदारी जा रहे युवकों की सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार रहे तीन लोगों में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दो घायल युवकों को आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर ले जाया गया। जहां पर इलाज के दौरान दोनों घायल युवकों की हालत बिगड़ती देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार का जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मेजा थाना क्षेत्र के टूड़ीहार गांव निवासी सुंदर भारतीया का 26 वर्षीय बेटा धीरज भारतीया शुक्रवार को दोपहर बाइक पर सवार होकर अपने दो साथियों प्रदीप कुमार 22 पुत्र चुटुन्ने भारतीया तथा अनिल कुमार 23 पुत्र राजकुमार भारतीया के साथ रामनगर गांव अपनी रिश्तेदारी जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार उरुवा उंचडीह मार्ग पर तेजी का पूरा गांव के सामने पहुंचे,सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें बाइक सवार तीनो लोग सड़क पर गिर पड़े और बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर लगते ही दूसरा बाइक सवार पुआल के ढेर पर जा गिरा और मामला गंभीर देख बाइक लेकर भाग निकला। जानकारी होते ही घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर मृत युवक सहित घायल दोनों युवकों को आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी रामनगर भेजा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मेजा पुलिस टीम के साथ रहे मेजारोड चौकी इंचार्ज रामभवन वर्मा,जेवनियां चौकी प्रभारी प्रदीप अस्थाना तथा कांस्टेबल शशिकांत चौबे और प्रदीप यादव ने मृत युवक और घायलों के घर सूचना देने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए शहर भेजकर दोनों घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया।

### पुरानी रंजिश में लाठी डंडे लोहे की राड से हुई मार पीट में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दो युवकों ने एक को लाठी डंडे लोहे की राड से मार कर जख्मी कर दिए। तथा बाइक तोड दी। पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम भिखनापुर अलावलपुर निवासी शिवमंगल पाल पुत्र बृजलाल का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर पहले से ताक में लगे उसके गांव के दो लोग उस समय उसके ऊपर हमला कर दिए जब वह अपनी पुत्री को बाइक से लेने जा रहा था। शिवमंगल पाल का आरोप है कि वह मरखामऊ ऊसरा के पास पहुंचे तभी उनके ऊपर हमला कर दिए और बाइक क्षतिग्रस्त कर दी गई। शिवमंगल पाल ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर शिवमूरत और अनुज उर्फ सत्यम के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### प्रधानमंत्री के माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नैनी।** माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज नैनी प्रयागराज में देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की माताजी श्रीमती हीराबेन जी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी जी ने शोक व्यक्त करते हुए समस्त भैया वहनों के मध्य में 1 मिनट का मौन धारण करवाया, एवं दिवंगत आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। विद्यालय के आचार्य श्री बनवारी लाल चौरसिया जी की माताजी के निधन पर भी विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई, एवं इन दोनों दिवंगत आत्माओं के छवि चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य कार्यक्रम में छात्राओं को दी गयी उपयोगी जानकारी



किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का फीता काटकर शुरूआत करते डॉ. राममूर्ति सिंह यादव

**उरुवा।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के अधीक्षक डॉ. नीरज सिंह पटेल के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत उरुवा विकास खंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बरी में किशोर स्वास्थ्य मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रबंधन बीपीएम आशीष द्विवेदी द्वारा किया गया। किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्या आरती देवी द्वारा फीता काटकर किया गया। छात्रा नाज बानो द्वारा स्वागत गीत तथा छात्रा प्रीति द्वारा एक सुंदर कविता सुनाई गई। किशोर स्वास्थ्य मंच के तहत सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें उपस्थित छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित किशोरी योजना, लिंग,हिंसा,तंबाकू एवं अनेक मादक पदार्थों के बारे में तथा यौन प्रजनन एवं माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। छात्राओं को आयरन एवं सेनेटरी नैपकिन आदि वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राममूर्ति यादव द्वारा एनीमिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। डॉ. ज्योत्स्ना द्वारा छात्राओं को माहवारी के बारे में जागरूक किया गया। आप्टिशियन रत्नेश कुमार राय के द्वारा छात्राओं को आंख की सुरक्षा के बारे में बताया गया। के। एएनएम प्रभा द्वारा पर्यावरण के साफ सफाई के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन आरकेएसके ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एनजीओ लवकुश कुमार यादव का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगी छात्राओं को पुरस्कार भी वितरण गया। जिसमें नाज बानो, प्रीति, तहजीब आलिया, साबरीन, कक्षा 7 से अंतिमा सरोज, प्रीति, गरिमा, कक्षा 8 से अंशिका प्रजापति, पूजा गौतम, प्रियांशी सिंह एवं खुशी रही। कार्यक्रम में अध्यापिका रंजना, सुमन, इंदु, सालिकराम एवं मंगला आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानों ने मनरेगा सेल में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करने की दी चेतावनी



खण्ड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्रधान

**शंकरगढ़।** ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का वर्षों से भुगतान न किए जाने पर आज विकास खंड के प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि यदि तीन दिवस के अंदर हमारी ग्राम पंचायतों का भुगतान नहीं किया गया तो हम लोग मनरेगा सेल में तालाबंदी करते हुए बीडीओ कार्यालय के सामने शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन करेंगे।

विकास खण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायतों द्वारा मनरेगा के तहत काफी विकास कार्य कराया गया है। लेकिन ग्राम पंचायतों को 2021-22 तथा 2022 23 का भुगतान अभी तक नहीं किया गया। जिससे ग्राम प्रधान के साथ साथ मनरेगा के तहत कार्य करने वाले मजदूरों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया । शंकरगढ़ विकासखंड के प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों के लिए धन आवंटित किया गया था। यही नहीं हम लोगों लोगों से कहा गया था कि 29 दिसंबर को आप लोगों के खाते में धन आवंटित कर दिया जाएगा। लेकिन खंड विकास अधिकारी की उदासीनता के चलते शंकरगढ़ विकास खंड में कोई भुगतान नहीं हो सका। जिससे शंकरगढ विकास खंड के ग्राम प्रधानों के,समक्ष भारी दिक्कत पैदा हो गई है। प्रधानों का आरोप है कि खंड विकास अधिकारी तथा मनरेगा सेल में बैठे कर्मियों की उदासीनता के चलते आज शंकरगढ़ विकासखंड के प्रधानों के सामने आर्थिक तंगी की स्थिति पैदा हो गई है। ग्राम प्रधानों का कहना है कि यदि तीन दिवस के अंदर हम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग मजबूर होकर मनरेगा सेल में तालाबंदी कर खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे । प्रधान संघ की ओर से सीडीओ प्रयागराज और मनरेगा उपायुक्त को भी शिकायती पत्र डाक के माध्यम से भेजा गया है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पुष्पराज सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष, दिनेश कुमार मिश्रा महामंत्री, मीडिया प्रभारी गुलाब सिंह, डॉ मंगलेश सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह उर्फ बबली, श्याम बाबू यादव, महेश सिंह, विद्यापति, गनेश कुमार, विजयलक्ष्मी सिंह, रत्नाकर सिंह, फैजान अहमद, सुभाष कुमार, राममिलन, समरजीत यादव, काशी प्रसाद, प्रदीप कुमार, रामजतन, सलिला प्रजापति सहित दर्जनों प्रधान उपस्थित थे।

### शोकसभा कर पीएम की दिवंगत मां को दी गई श्रद्धांजलि

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा के रामनगर चिरैया मोड़ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी की मौत होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी व किसान मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकताओं ने दिवंगत की आत्म शांति के लिए प्रार्थना करते हुए 2 मिनट मौन रखकर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष जयशंकर पांडेय, वीरेंद्र मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष उरुवा सुधाकर शुक्ल, विद्याकांत मिश्र, आशीष सिंह, संतोष द्विवेदी, राममूर्ति द्विवेदी, भोला शुक्ल, अशोक दुबे, अमलेश बाबा, रविशंकर शुक्ल, नरेंद्र तिवारी,किसान मोर्चा के जिला मंत्री सुभाष पयासी, विजयश्याम तिवारी, शिक्षक नेता विनोद कुमार मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष उरुवा संजय केसरी के नेतृत्व में भी रामनगर बाजार में शोक सभा की गई। जिसमें आनंद कुमार मिश्र,कुलदीप मिश्र,जय कुमार गुप्ता सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

# श्रमिक कालोनियों में किरायेदारों को दिया जाए मालिकाना हक!

**नैनी।** श्रमिक कल्याण समिति, श्रमिक बस्ती, नैनी, प्रयागराज के सचिव विनय मिश्र ने श्रमिक बस्ती में रहने वाले मजदूरों के आवासों का मालिकाना हक दिए जाने की मांग की है!

सूत्रों का कहना है कि श्रमिक कॉलोनी का स्वामित्व तय करने को लेकर शासन इस समय गंभीर है । इसके लिए एक परामर्शदात्री समिति बनाई गई है । जिसमें प्रमुख सचिव,, मुख्य सचिव समेत कई लोगों को शामिल किया गया है।

यह समिति इस बात पर विचार करेगी कि कालोनियों में रहने वाले लोगों को उनके आवासों का मालिकाना हक दिया जाए या इन कालोनियों में बड़े-बड़े अपार्टमेंट और कमर्शियल कंपलेक्स बनाए जाएं। इस प्रस्ताव पर भी विचार होगा कि इन कालोनियों का उपयोग जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाए। श्रमिक कल्याण समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि मजदूरों के कल्याण के लिए ही इन कालोनियों की स्थापना की गई थी । 50 वर्षों से यहां लोग रहते चले आए हैं । उन्हें उजाड़ कर कमर्शियल कंपलेक्स बनाना और अपार्टमेंट बनाना केंद्र सरकार की राजआज्ञा के विपरीत है । श्री मिश्र ने कहा है कि श्रमिक बस्ती के बारे में 1978 में तत्कालीन जनता पार्टी की सरकार ने एक आदेश जारी करके इन कालोनियों में रहने वाले लोगों को उनके आवासों का मालिकाना हक दिए जाने का आदेश दिया था ।

श्री मिश्र ने कहा है कि सरकार के द्वारा जो परामर्शदात्री समिति बनाई गई है । उसके द्वारा 1978 में जारी की गई राज आज्ञा के बारे में सबसे पहले विचार करना चाहिए ।

कॉलोनी में रहने वाले लोगों को उनके आवासों का मालिकाना हक तत्काल नहीं दिया गया तो श्रमिक बस्ती के निवासियों के द्वारा अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा । उन्होंने यह भी कहा है कि श्रमिक बस्ती नैनी के मजदूरों के लिए बनाए गए राजकीय कर्मचारी केंद्र पर पीएसी वालों ने कब्जा कर लिया है। इसका निर्माण मजदूरों के लिए किया गया है, पीएसी के लिए नहीं । पीएसी के लोग सार्वजनिक जनजीवन को बाधित करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर जबरन कब्जा कर रहे हैं । बच्चों के खेलने के सभी मैदानों पर पीएसी वालों ने कब्जा कर लिया है। समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि श्रमिक बस्ती नैनी समेत उत्तर प्रदेश की सभी बस्तियों में रहने वाले लोगों को उनके आवासों का मालिकाना हक दिया जाए । सरकार, शासन के द्वारा जो समिति बनाई गई है । उस समिति को केंद्र सरकार की राज आज्ञा को केंद्र बिंदु बनाकर इन कालोनियों के बारे में सम्मानजनक निर्णय लिया जाए ।

श्री मिश्र ने कहा है कि इन कालोनियों में रहने वाले लोगों को जिन सरकारी शर्तों पर आवास सुविधा दी जाएगी । उसका पालन करेंगे । गरीब मजदूरों को उजाड़ना न्यायोचित नहीं है।

एक तरफ तो सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाकर लोगों को दे रही है । ऐसी स्थिति में पिछले कई वर्षों से जो लोग रहते चले आए हैं । उन लोगों को भी उनके आवासों का मालिकाना हक दिया जाए।

इसके अलावा कमर्शियल कांप्लेक्स बनाने, सरकारी संस्थानों को देने या अन्य मुद्दों पर सरकार को विचार ही नहीं करना चाहिए । इन कालोनियों में लाखों मजदूर कई कई पीढ़ियों से रहते चले आए हैं ।

समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा है कि शासन को इन कालोनियों के बारे में तत्काल उचित निर्णय लेते हुए लोगों को मालिकाना हक दिए जाने की अग्रिम कार्रवाई की जाए।

### मारपीट में दो चोटहिल

**फूलपुर।** थाना अंतर्गत खंसार गांव की कमला देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी दूधनाथ तथा शुक्लाना मोहल्ले में आकाश कुमार मौर्य उम्र 28 वर्ष को विपक्षियों द्वारा मारपीट करने में चोटें आई ।थाना में मारपीट की तहरीर देने के बाद दोनों पक्ष को मेडिकल हेतु सी एच सी फूलपुर में इलाज कराया गया।

### अज्ञात विषैले जंतु के काटने से युवती अचेत

**फूलपुर।** फूलपुर के ढोकरी गांव की युवती सीमा तिवारी उम्र 20 वर्ष को बीती रात अंधेरे में किसी जंतु ने डस लिया । जिसके चलते घर में घबराहट मच गई। घर के लोग रात ही में सी एच सी फूलपुर लाए। वहां डॉक्टर विनोद पटेल की देखरेख में इलाज होने के बाद सुधार हुआ। तो घर भेज दिया गया।

## उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने किया धरना प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते शिक्षकगण

**होलागढ़।** होलागढ़ के शिक्षक संघ के बिम्बेश त्रिपाठी के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन बीआरसी होलागढ़ पर शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया। बता दें कि 30 दिसम्बर को बीआरसी होलागढ़ पर नवीन पेंशन योजना में जबरदस्ती कटौती एवं उक्त स्कीम को मनमानी तरीके से थोपे जाने के विरोध में एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी लालजी शर्मा को दिया गया। इस मौके पर राकेश मिश्र नगरहा, बालकृष्ण शुक्ल, संजय शर्मा, प्रवीण पटेल, रामपाल सरोज, हरीलाल राजीव तिवारी जितेन्द्र पांडेय, राकेश तिवारी, विद्यासागर श्रीवास्तव आदि सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

### शुरू हुई ठंड जनजीवन प्रभावित

**कोरांव।** बीते 3 दिनों से मौसम में हुए अचानक बदलाव के बाद गलन बढ़ गई है। दिन में धूप की वजह से मौसम कुछ गर्म जरूर रहता है लेकिन शाम होते ही शीतलहर दिखने लगती है । ठंड बढ़ने की वजह से आम जनजीवन प्रभावित दिख रहा है। मनुष्य के साथ पशु पंछी भी ठंड की वजह से प्रभावित दिख रहे हैं। शुक्रवार को दिन में तेज धूप रही तो वही शाम को गलन शुरू हो गई । मौसम में गलन की वजह से दिन डूबने के बाद बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आगामी दो-तीन दिन के बाद शीतलहर की रफ्तार तेज होने की उम्मीद है। क्षेत्र में बाजारों में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव तहसील प्रशासन द्वारा जलाया जा रहा है। इसके अलावा ग्राम पंचायत स्तर पर लेखपालों के माध्यम से जरूरतमंदों को कंबल का वितरण भी किया जा रहा है। सड़कों पर निराश्रित रूप से घूम रहे गोवंश भी ठंडी की वजह से ठिठुरते देखे जा रहे हैं।

## मतदान मजबूत लोकतंत्र का आधार : मनीष



मतदाता जागरूकता रैली निकालते हुए

**करछना।** अच्छे, सच्चे और मजबूत लोकतंत्र हेतु सभी को मतदान करना बहुत जरूरी है। मतदान यग्य के समान एक पुनीत कार्य है जिससे हम सब वोट देकर अपने देश समाज के लिए एक अच्छे जनप्रतिनिधि को चुनते हैं।

सभी बच्चे इसके लिए अपने घर, गांव, पास पड़ोस के लोगों को जागरूक करें। क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इं का. में मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता और जागरूकता रैली के पूर्व प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने यह बातें बच्चों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए कही। बच्चों ने सुन्दर और आकर्षक पोस्टर बनाए। प्रतियोगिता में तनवीर फात्मा को पहला, रहनुमा को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। अदीबा तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल से निकली जागरूकता रैली रामपुर चौराहे से होकर वापस विद्यालय पहुंचने के बाद सभी ने मतदान के प्रति संकल्प लिया ।इस मौके पर प्रवक्ता जीतेन्द्र कुमार, प्रदीप श्रीवास्तव, मो.परवेज सिद्दीकी, चन्द्र शेखर सिंह, सुधा सिंह समेत शिक्षक कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

## मोबाइल से प्रेमी के उकसाने पर किशोरी ने की खुदकुशी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** प्रेम प्रसंग में किशोरी ने आत्महत्या कर ली थी। जिसपर मृतका के पिता ने बेटी के प्रेमी पर आत्म हत्या के लिए उकसाने पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अतन उर्फ नौगिरा निवासनीय एक पन्द्रह वर्षीय किशोरी ने प्रेमी के नाम पर मांग में सिन्दूर भर कर 26 दिसम्बर की रात्री में दुपट्टे से फांसी लगाकर कर आत्महत्या कर ली थी। बताते हैं कि खुदकुशी से पहले किशोरी मोबाइल से अपने प्रेमी से आधा घंटा बात की थी । पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाकर दफना दिया गया था। शुक्रवार को मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दीपक कुमार पुत्र राम सेवक के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## नव वर्ष पर मेले का आयोजन

**बहरिया।** विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत हसनपुर में चक मंसूर के मजरा नेवादा चौराहे पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष के उपलक्ष में रविवार को एक मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें दिन में मेला व रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। यह जानकारी मेले का अध्यक्ष सुरेश यादव व कोषाध्यक्ष शिलाजीत नें सम्मिलित रूप से दी है।



पुलिस की गिरफ्त में शाति चोर

### शंकरगढ़ पुलिस ने तीन शातिर चोरो को तमंचा व मोटरसाइकिल के साथ किया गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक तमंचा एक मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त यमुनापार व सहायक पुलिस आयुक्त बारा के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की टीम ने मुखबीर की सूचना पर नारीबारी क्षेत्र के मौहरिया मोड़ से तीन शातिर चोरो को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस , एक पल्सर गाड़ी, दो गैस सिलेंडर के अलावा कुछ अन्य बर्तन व 2900 रुपये नगद बरामद हुए। पुलिस ने जिन युवाको को गिरफ्तार किया है उसमे प्रशांत कुशवाहा उर्फ सन्नू पुत्र प्रभुनाथ निवासी अतरैला सोहगी रीवा मध्यप्रदेश, कुलदीप बंसल पुत्र संतलाल बसोर निवासी खटिया थाना सोहागी तथा सुनील गोस्वामी पुत्र भोला गोस्वामी निवासी खटिया थाना सोहागी मध्यप्रदेश शामिल हैं। गिरफ्तार युवकों के खिलाफ शंकरगढ़ थाने में कई मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वालो में उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विवेक कुमार राय, कांस्टेबल इंद्रजीत यादव, कांस्टेबल सुखबीर सिंह,कांस्टेबल गोपाल सिंह शामिल हैं।

# मौत को दावत दे रहे हैं ट्रांसफार्मर, बिजली के पोल



मौत को दावत देता ट्रांसफार्म व टेड़ा बिजली का पोल

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मर खुले में लगे होने के कारण मौत को दावत दे रहे है। यही बिजली के पोल झुके होने के कारण किसी भी समय धराशायी हो सकता है।

मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में लगे ट्रांसफार्मर सडकों के किनारे खुले में लगे हुए हैं। यही नहीं अधिकांश विद्युत पोल सड कर झुक गए हैं। जिससे किसी भी दिन कोई बडा हादसा हो सकता है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि हैं विद्युत विभाग को इस ओर कोई ध्यान नहीं जाता है। वह बस चेकिंग अभियान के नाम पर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न एंव धनादोहन करना एक मात्र कार्य रह गया है। इन दिनों विद्युत उपभोक्ता विद्युत विभाग से ऊब गए हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिल जमा होने एंव बाईपास न होने के बावजूद कनेक्शन अनायास काट दिया जा रहा है। बोलने पर कहा जाता है कि जाकर जुडवा लो। उपभोक्ताओं का सबसे गंभीर आरोप यह है कि घर में पुरुषों की गैर मौजूदगी में घरों में चेकिंग अभियान के नाम बिना महिला कर्मचारियों के घरों में घुस जाते हैं जिससे महिलाएं अजनबी लोग समझ कर शोर मचाने लगती हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि यदि वह बोलते हैं तो धमकी दी जाती है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने के नाम पर जेल भेज देंगें। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कनेक्शन सही होने और बिल जमा होने के बावजूद भी एक तरफ से केबिल काटी जा रही है। विगत दिनों एक दलित के घर में घुस गए महिलाओं ने आपत्ति किए और शोर मचाए तो आस पास के लोग एकत्रित हो गए। अन्यथा पिटना तय था। हालांकि मऊआइमा नगर पंचायत के उपभोक्ताओं ने इसकी लिखित शिकायत आला अधिकारियों से की है। चारों तरफ खुले में लगे ट्रांसफार्मर, झुके पोल, झूलते तारों को ठीक न करके केवल अपने निजी स्वार्थ के लिए विद्युत विभाग उपभोक्ताओं का उतपीडन कर रहा है। जिसे लेकर उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है वही लोगो का कहना है कि जनता कब सडक पर उतर जाए कुछ कहा नहीं जा सकता।

## बढ़ती ठंड के साथ कोहरा बना मुसीबत अलाव न जलने से बढ़ी परेशानी

**फूलपुर।** घने कोहरे के बीच बढ़ती ठंड ने गरीबों की परेशानी बढ़ा दी है। मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले मजदूरों को ठंड से भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। रोजी- रोटी के लिए शहर में कमाने वाले मजदूर सुबह देर तक छाए कोहरे के कारण काम पर नहीं जा पा रहे। पूरेसूदी गांव निवासी रंजीत व अशोक ने बताया कि वह काम करने के लिए शहर जाते हैं परन्तु कोहरे और ठंड के कारण समय से नहीं पहुंच पाते नतीजतन वापस लौटना पड़ता है।

**नि:शुल्क खाद्यान्न योजना बनी गरीबों का सहारा**

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिल रहा निशुल्क अनाज गरीबों का सहारा है। मनेथू, वीरकाजी, पतुलकी व सावडीह गांव की मुसहर बस्ती के मजदूरों ने बताया कि बढ़ती ठंड के कारण काम बंद होने से परेशानी तो बढ़ी है। ऐसे मे खाने के लिए कम से कम राशन तो नहीं खरीदना पड़ रहा है।

**गांवों में जरूरतमंदों को नहीं मिला कंबल**

ठंड से बचाव के लिए क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हमेशा से सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवियों के द्वारा गरीबों को निशुल्क कंबल वितरण किया जाता है। परन्तु इस वर्ष अभी कंबल का वितरण नहीं हुआ ऐसे में उनकी निगाहें तहसील के उच्च अधिकारियों के ऊपर लगी हुई है।

**इफको से भी मिलता है गरीबों को कंबल**

क्षेत्र के हजारों गरीब किसानों व मजदूरों को ठंड से बचाने के लिए इफको प्रतिवर्ष निशुल्क कंबल वितरित करती है। ग्राम प्रधान वीरकाजी रामचंद्र तुफानी ने बताया कि इफको में पत्र लिखा गया है अतिशीघ्र ही इफको के अधिकारियों के द्वारा गरीबों को कंबल वितरित किया जाएगा।


**फूलपुर में नहीं है अलाव की व्यवस्था**

फूलपुर नगर पंचायत में तहसील, ब्लाक व कोतवाली के साथ ही अन्य सरकारी दफ्तर होने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में राहगीर आवागमन करते हैं। बस स्टाप पर भी देर शाम तक लोग वाहनों के इंतजार में खड़े रहते हैं। ऐसे में चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव न होने से ठिठुरन भरी ठंड में राहगीर रद्दी कागजों को जलाकर ठंड से बचने का प्रयास करते हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के देहांत पर श्रद्धांजलि देते फाफामऊ विधानसभा के विधायक गुरु प्रसाद मौर्य

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

### लूट के मुकदमे का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**थरवई।** शुक्रवार को थरवई पुलिस द्वारा थाना थरवई में पंजीकृत 394 / 411 भादवि से सम्बंधित का वांछित अभियुक्त सुनील सरोज उर्फ खूंटी पुत्र स्व छोटेलाल निवासी मातादीन का पूरा थाना फाफामऊ को थरवई पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र थरवई के पान की पुलिया के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार उपनिरीक्षक सोहराब अहमद, अमित कुमार थाना थरवई पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# प्रधानमंत्री की माता हीराबेन मोदी के निधन पर कांग्रेस जनों ने जताया दुःख

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर एक बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की माता हीराबेन मोदी के निधन पर कांग्रेस जनों ने दुख व्यक्त किया। इस अवसर पर बोलते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि हीराबेन मोदी एक साधारण परिवार की महिला थी उनका पूरा जीवन संघर्ष में गुजरा उन्होंने बहुत मुश्किल से अपने परिवार का पालन पोषण किया यदि उनकी जिंदगी में झांका जाए तो लगेगा कि हीराबेन मोदी ऐसी संघर्षशील महिला थी जिनसे हमें उनके जीवन से सीख लेनी चाहिये। श्री अंशुमन हीरा बेन मोदी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज वह हमारे बीच नहीं रही उनका परिवार शोकाकुल है शहर कांग्रेस कमेटी भी हीराबेन पटेल के निधन पर दुख व्यक्त करती है तथा उनके परिवार के सभी सदस्यों को यह सांत्वना देती है कि ईश्वर उन्हे सब्र करने की शक्ति प्रदान करे तथा हीराबेन पटेल की आत्मा को ईश्वर शांति प्रदान करे ।



दिवंगत आत्मा की शांति के लिए शोक व्यक्त करते कांग्रेसी

उक्त अवसर पर सर्वश्री मोहम्मद असलम, अनूप सिंह, सुष्मिता यादव, अजेंद्र गौड़, सतीश केसरवानी, राज कुमार शुक्ला, संजय सिह, इरशाद उल्ला, अबदुल कलाम आजाद, माधवी राय, रमेश जायसवाल, विशाल अग्रवाल, मानस शुक्ला, प्रवीण गुप्ता, अब्दुल सलाम, फैसल अंसारी आदि उपस्थिति रहे।

### ट्रक की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**नैनी।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के डेज मेडिकल तिराहे के समीप गुरुवार की शाम ट्रक की टक्कर लगने से घायल बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के सड़वा कला गांव निवासी अभिषेक यादव (27) वर्षीय पुत्र निर्मल यादव प्राइवेट नौकरी करता था। गुरुवार की शाम को वह बाइक से विशंभरपुर गांव से घर जाने के लिए निकला, जैसे ही वह डेज मेडिकल तिराहे के समीप मोड़ पर पहुंचा, तभी तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। शुक्रवार की शाम को पोस्टमार्टम के बाद गांव मैं शव पहुंचने पर कोहराम मच गया। देखने वालों के लिए अच्छी खासी भीड़ जुट गई। शुक्रवार की शाम को ही गंगा घाट पर ले जाकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नवांगतुक अपर पुलिस महानिदेशक ने किया पदभार ग्रहण



नवागंतुक अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर

**प्रयागराज।** शुक्रवार को नवागंतुक अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन का पदभार ग्रहण किया। 1996 बैच के आईपीएस भानु भास्कर मूलरूप से बलिया के रहने वाले हैं दिल्ली विश्वविद्यालय और जवाहर लाल नेहरू विवि से स्नातक, परास्नातक व एमफिल की पढ़ाई की वह लखनऊ, मथुरा, रामपुर, औरैया, बरेली और वाराणसी में एएसपी, एसपी व एसएसपी रहे आगरा और फैजाबाद रेंज में डीआईजी के साथ इलाहाबाद जीआरपी में भी डीआईजी रहे बतौर डीआईजी पीटीसी मेरठ भी रहे सीबीआई में करीब 15 साल पहले कार्यकाल में 2003-से 2010-और दूसरे में- 2013- से 2021-तक प्रति नियुक्ति पर रहे सीबीआई में वह पहले एंटी करप्शन पॉलिसी डिवीजन में एसपी रहे बाद में ज्वाइंट डायरेक्टर सीबीआई बने बिहार में शेल्टर होम वाले केस की जांच से लेकर सुनवाई पूरी करवाने तक उनकी अहम भूमिका रही।

उपलब्धियां- 2006-में चिवनिंग फेलोशिप मिली।

नेशनल डिफेंस कॉलेज 60-वें बैच में हाईयेस्ट स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट का कोर्स किया 2007-08 में एचएचएच हम्फे प्रोग्राम के तहत फुलब्राइट फेलोशिप मिली 2015-में कनाडा के ओटवा से रॉयल कैनेडियन माउंटटेड पुलिस कोर्स किया।

## संक्षेप

### तीन दिवसीय खेलकूद का हुआ शुभारंभ



**सिकंदरा।** अनुपम पब्लिक स्कूल एवं कॉलेज मिझूरा में हर वर्ष की तरह शुक्रवार को प्रधान मिझूरा अरुण कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ हुआ। इस खेलकूद के कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जाता है। इसमें स्कूल की छात्र व छात्राओं द्वारा अपनें अपनें खेल का प्रदर्शन किया जाता है। प्रत्येक खेलों में प्रथम व द्वितीय स्थान पानें वाले छात्र छात्राओं को स्कूल द्वारा मेडल व आकर्षक पुरस्कार दिया जाता है। जिसमें विद्यालय की डायरेक्टर उषा रतन गुप्ता अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता, प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव , प्रभारी राजकुमार गुप्ता, व राजीव कुमार नें खेलकूद के विषय में अवगत कराया तथा विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गुप्ता नें प्रधान अरूण कुमार सिंह का माल्यार्पण कर खेलकूद समारोह का शुभारंभ करवाया जिसमें खेल प्रभारी शैलेश जयसवाल के साथ में समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### बीआरसी में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव में शिक्षकों की प्रदर्शनी



**बहरिया।** बीआरसी सिकंदरा में बेसिक शिक्षा विभाग तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के संयोजन में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल वाटिका में पढ़ने वाले बच्चों तथा रेडिनेश कार्यक्रम में 80 फीसदी से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नोडल शिक्षकों को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी बहरिया धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने निपुण लक्ष्य प्राप्त करने एवं स्कूल रेडीनेश कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जानकारी दी। नोडल एआरपी आदर्श चतुवेर्दी ने हमारा आंगन हमारे बच्चे स्लोग्न को भावनात्मकरूप से देखने व समझने की बात कही। इस मौके पर मौजूद सीडीपीओ अशोक कुमार चौहान ने निपुण लक्ष्य प्राप्ति हेतु आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं शिक्षकों से चर्चा की। इस मौके पर विकासखंड बहरिया के एआरपी देवेंद्र शुक्ला, रामचंद्र यादव, संतोष गुप्ता, मुकेश कुमार, विपिन बिहारी, अबू हमजा, आकांक्षा गुप्ता, सुनीता देवी, ज्ञानेंदु सिंह, मो. उमर, दीपक तिवारी तथा श्वेता निर्मल समेत नोडल शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकत्री और नोडल शिक्षक संकुल उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया प्रधानमंत्री के माता जी को श्रद्धांजलि



**फाफामऊ ।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के माताजी के देहांत के उपरांत भारतीय जनता पार्टी मंडल पांडेश्वर नाथ धाम कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया श्रद्धांजलि सभा में फाफामऊ विधानसभा के विधायक गुरु प्रसाद मौर्य द्वारा उनके माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पण करके श्रद्धांजलि और कार्यकताओं के साथ 2 मिनट मौन धारण करके उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सुशील महाराज, मंडल महामंत्री नीरज त्रिपाठी, महेंद्र गिरी, धर्मेंद्र तिवारी, नवल किशोर द्विवेदी, हरी राम यादव, परमानंद पाल, शंकर शरण त्रिपाठी, अजय कुशवाहा, विपिन पांडे, रवि पासी, पप्पू फौजी, रमेश पाल, अमर सिंह, पाल प्रमोद मौर्या, धीरेंद्र पांडे, वीरेंद्र त्रिपाठी, संदीप कुमार उपाध्याय आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी क्रम मे फाफामऊ चौराहे पर फाफामऊ व्यापार मंडल की तरफ से प्रधान मंत्री की माता जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दिया गया इसी क्रम में फाफामऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरू केसरवानी, गौरव अग्रवाल, श्याम बाबू केसरवानी, आरडी वर्मा, राम नारायण मिश्र, शेखर गुप्ता, मंशु केसरवानी, राजकुमार भारतीय, जितेंद्र कुमार भारतीय आदि लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मां को अर्पित की श्रद्धांजलि



**बारा।** त्याग व तपस्या की मूर्ति थी मां हीरा बा उनका निधन अपूर्णीय क्षति है। आज पूरा देश आदरणीय प्रधान मंत्री जी के साथ उनके दुख में खड़ा है पुरे विश्व को अपने सामने झुका लेने वाले प्रधान मंत्री जी के माता जी को नमन जिन्होंने ऐसा सपूत दिया जिसने पूरे विश्व में भारत का डंका बजाया उक्त बातें जसरा में आयोजित शोक सभा कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कही। शोक सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने कहा की देश के लिए एक सुपर पावर देने वाली मां हीरा बा को शत शत नमन। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजा बाबू पाठक, इंद्रजीत पटेल, वीरेंद्र पाठक, दिनेश प्रजापति, सुबोध जायसवाल, अमित पासी, रजनीश, नरेंद्र, गोपाल केसरवानी, आलोक द्विवेदी, निधिष पाठक, अशोक तिवारी, राकेश पाठक, स्वतंत्र शुक्ला, हिमांशु शुक्ला, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## भाजपा विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री की माँ को दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माताजी के देहांत के उपरांत भारतीय जनता पार्टी मंडल पांडेश्वर नाथ धाम कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया श्रद्धांजलि सभा में फाफामऊ विधानसभा के विधायक गुरु प्रसाद मौर्य द्वारा उनके माता जी के चित्र पर पुष्प अर्पण करके श्रद्धांजलि व दो मिनट मौन धारण कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष आचार्य सुशील, नीरज त्रिपाठी, महेंद्र गिरी, धर्मेंद्र तिवारी, त्रिभुवन नाथ प्रजापति, नवल किशोर द्विवेदी, हरी राम यादव, परमानंद पाल, शंकर शरण त्रिपाठी, अजय कुशवाहा, विपिन पांडे रवि पप्पू फौजी, रमेश पाल, अमर सिंह पाल, धीरेंद्र पांडेय, वीरेंद्र त्रिपाठी, संदीप कुमार उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# उमरे ने ऑटोमेटिक सिग्नलिंग को पूरा कर हासिल की बड़ी उपलब्धि

**उपलब्धि**

**गाजियाबाद- प. दीन दयाल उपाध्याय सेक्शन बना भारतीय रेल के मुख्य मार्ग का सबसे लम्बा ऑटोमैटिक सिग्नलिंग वाला बना सेक्शन**

**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्क में से एक है। ट्रेनों को समय पर और सुरक्षित तरीके से चलाने के लिए भारतीय रेलवे समय-समय पर तकनीकी बदलाव करता रहता है और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करता रहता है। आधुनिक तकनीक के उपयोग के संबंध में, सिग्नलिंग प्रणाली के आधुनिक स्वचालन यानी स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का उद्देश्य भारतीय रेलवे के भीड़भाड़ वाले नेटवर्क या उच्च घनत्व वाले मार्गों में मानवीय त्रुटि को कम करने और लाइन क्षमता को बढ़ाने के लिए ट्रेन संचालन में सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाना है। संचालन की दक्षता में वृद्धि से यातायात घनत्व में वृद्धि होगी। इसके परिणामस्वरूप लोकोमोटिव और वाहनों की आवश्यकताओं की संख्या भी कम होगी। उच्च गति और भारी भार के लिए कर्षण में आधुनिकीकरण कुशल सेवाओं के लिए स्वचालित सिग्नलिंग के उपयोग की गारंटी देता है।

नई दिल्ली-प. दीन दीनदयाल उपाध्याय सेक्शन उत्तर मध्य रेलवे का एक अत्यंत घनत्व वाला खंड है, यह खंड पूर्वी भारत (कोलकाता की ओर) को पश्चिम भारत (नई दिल्ली की ओर) से जोड़ने वाले मुख्य गलियारे पर भी है। 30.12.2022 को सतनरैनी-रसूलाबाद-फैजुल्लाहपुर सेक्शन (16.2 किमी) में स्वचालित सिग्नलिंग की स्थापना के साथ नई दिल्ली - दीन दयाल उपाध्याय खंड (756 किमी) अब पूरी तरह से स्वचालित सिग्नल वाला खंड हो गया है। इससे कुल 892 रूट किमी. और



1910 ट्रैक कि.मी. उत्तर मध्य रेलवे पर स्वचालित सिग्नलिंग के साथ कमीशन किया गया है जो सभी क्षेत्रीय रेलवे में सबसे अधिक है।

विगत 9 माह में 9 ब्लॉक सेक्शन में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली को स्थापित करने का कार्य किया गया। महज 32 माह में, 163 किलोमीटर के प्रयागराज - कानपुर खंड के 24 ब्लॉक सेक्शनों में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग स्थापित करके पुरे भारतीय रेल में नया मील का पत्थर स्थापित किया है।

उपर्युक्त दोनों ब्लॉक सेक्शन में प्रत्येक रिले हट में पावर सप्लाई के निर्बाध आपूर्ति के लिए इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम लगाया गया है। सिग्नलिंग उपकरणों की विफलता की स्थिति में विफलता के कारणों का पता लगाने में अधिक समय न लगे, इसके लिए सिग्नलिंग उपकरणों के डाटा को एनालिसिस करने के लिए डेटालॉगर स्थापित किया गया है। डटलॉगेर से एंटी-थेफ़्ट अलार्म सिस्टम, एटी सप्लाई मॉनिटरिंग, रिले रूम डोर मॉनिटरिंग सिस्टम को भी जोड़ा गया है। एकीकृत सञ्चालन हेतु इस डटलॉगेर को प्रयागराज मंडल के सेंट्रल डटलॉगेर सेण्टर के इंटीग्रेटेड किया गया है। यह उपलब्धि महाप्रबंधक, सतीश कुमार और पीसीएसटीई एम. के. बेउरा से प्राप्त निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के साथ हासिल किया गया है। इस बड़े मील के पत्थर को हासिल करने में मंडल और प्रोजेक्ट यूनिट सिग्नल और दूरसंचार टीम द्वारा बड़ा प्रयास किया गया है।

गाज़ियाबाद-दीनदयाल उपाध्याय खंड में स्वचालित सिग्नलिंग कमीशनिंग का इतिहास इस तथ्य से देखा जा सकता है कि नैनी-प्रयागराज खंड 1973 में सबसे पहले कमीशन किया गया था, इसके बाद 1987 में टूंडला-मितावली, फिर 1989 में अलीगढ़-दाउदखान और इसी क्रम में सतनरैनी से रसूलाबाद एवं रसूलाबाद से फैजुल्ला स्टेशनो के बीच 16.02 किलोमीटर लम्बे खंड पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग आधारित ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली की कमीशनिंग के साथ आज दिनांक 30.12.22 से पूरे 752 किलोमीटर के खण्ड को स्वचालित सिग्नलिंग के साथ चालू कर दिया गया है। इससे इस खंड में गाड़ियों की समयपालनता एवं संरक्षा और बेहतर होगी।

# बार एसोसिएशन बारा : देवमणि अध्यक्ष, प्रदीप बने मंत्री

**बारा।** बार एसोसिएशन बारा का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव में अध्यक्ष पद पर देवमणि यादव और मंत्री पद पर प्रदीप कुमार मिश्र निर्वाचित घोषित हुए हैं। जबकि कोषाध्यक्ष पद पर राजन पांडेय को साथी अधिवक्ताओं ने जिम्मेदारी सौंपी है।

मुख्य चुनाव अधिकारी समरजीत सिंह की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न करवाई गई। अधिवक्ता समरजीत सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के दावेदार अशोक कुमार वर्मा को सात मत, कृष्णकांत मिश्र को 53, चंद्रप्रकाश द्विवेदी को 49 और देवमणि यादव को 63 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार देवमणि यादव को कृष्णकांत मिश्र के मुकाबले दस मतों के अंतर से विजयी घोषित किया गया। इसी प्रकार मंत्री पद के लिए प्रदीप कुमार पांडेय को 27 मत, बृजेश कुमार श्रीवास्तव को 45 मत, रत्नाकर सिंह को 48 मत और प्रदीप कुमार मिश्र उर्फ लड्डू बाबू को 52 मत मिले।

इसी प्रकार प्रदीप कुमार मिश्र चार मत से विजयी घोषित हुए। इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रमोद कुमार त्रिपाठी को 39 मत, अनिल कुमार द्विवेदी को 65 मत, राजन पांडेय को 68 मत मिले। इस चुनाव में राजन पांडेय तीन मत से विजयी घोषित किए गए। चुनाव के उपरांत चुनाव अधिकारी ने विजयी प्रतिभागियों के निर्वाचन की घोषणा की।



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर किया गया स्वागत

नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवमणि यादव ने अधिवक्ता हित में सदैव आगे रहने का आश्वासन देते हुए चुनाव में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।अधिवक्ता सहायक चुनाव अधिकारी सुनीत कुमार श्रीवास्तव, शरदचंद्र मिश्र, राजेंद्र सिंह बघेल,भइयन अली, सुभाष शुक्ल, सुरेंद्र सिंह, जय सिंह, गुलाब सिंह, अयोध्या पाठक, सुभाष द्विवेदी, चंद्रमणि सिंह, आशीष शुक्ला, राजन पांडेय, बाबा लाल,प्रवीण कुमार,प्रदीप द्विवेदी, आलोक कुमार आदि ने सभी को बधाई दिया।

# तुगलकी फरमान शिक्षक बर्दाश्त नहीं करेंगे : यामवन्त सिंह

**मेजा।** उत्तर प्रदेशीय जू०हा० (पू.मा.) शि०संघ मेजा द्वारा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर नयी पेंशन योजना जबरदस्ती शिक्षकों पर थोपे जाने एवं प्रान नंबर न होने पर वेतन रोकने की धमकी दिए जाने के विरोध मे बीआरसी मेजा में एक ज्ञापन ब्लाक संयोजक यामवन्त सिंह द्वारा दिया गया। सयोजक यामवंत सिंह ने कहा कि जहाँ शिक्षक सरकार से नई पेंशन के बदले पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग कर रहे है ऐसे में शिक्षकों के साथ जोर जबरदस्ती कर के उन्हें नई पेशन योजना को लेने का दबाव बनाया जा रहा है न लेने पर वेतन रोकने का भय दिखाया जा रहा है इस तुगलकी फरमान को शिक्षक बर्दाश्त नही करेंगे। जब कि पहले यह योजना ऐच्छिक था उन्होंने कहाँ की सरकार को अपने कर्मचारियों के अभिभावक की तरह काम करना चाहिए जब कि 2005 से एनपीएस लागू है लेकिन उस समय इस योजना को लेने के लिए तब से आज तक शिक्षकों को वेतन रोकने की धमकी नही दी गई परन्तु अचानक इस प्रकार के अन्यायपूर्ण व तानाशाही आदेश का हम सब विरोध करते है सरकार से मांग करते है इसे जल्द ही वापस लिया जाय नही तो शिक्षक बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। अंत मे ज्ञापन पढ़कर सभी को सुनाया गया। कार्यक्रम में छवि नाथ तिवारी, सुरेश सिंह, अजय प्रताप, उमेश कुमार, विजय कुमार गुप्ता, सुनील कुमार तिवारी, शिव प्रताप सिंह, मनोरमा देवी, सीमा पाण्डेय, विनय सिंह, अरूण पाण्डेय,रश्मि प्रभा, निधी रघुवंशी, हंस राज पाल, कैलाश नाथ, लोकेन्द्र त्रिपाठी, आशीष कुमार श्रीवास्तव ,शिवभान आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।



पुरानी पेंशन बहाली की लेकर ज्ञापन सौंपते शिक्षक

# हमारा आँगन, हमारे बच्चें उत्सव फूलपुर में सम्पन्न

**प्रयागराज।** बुनियादी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्री-प्राइमरी शिक्षा के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय हमारा आँगन-हमारे बच्चे उत्सव विकास खण्ड फूलपुर में स्थित मोती पैलेस में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद वर्मा दीप प्रज्जवलित कर किया। ततपश्चात एडीओ पंचायत गुलाब चन्द पाण्डेय तथा श्रीमती रेनू कुमारी सुपरवाइजर एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी विश्व नाथ प्रजापति ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए किया। शिक्षक संकुल सीमा शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विश्व नाथ प्रजापति द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया तथा आज के उत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बुनियादी शिक्षा को कैसे मजबूत किया जाए के लिए



कार्यक्रम में सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते बच्चे व अन्य

समयबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया गया । समयान्तर्गत निपुण के लक्ष्य को प्राप्ति का सभी शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने उत्सव में संकल्प लिया। एआरपी प्रभाशंकर त्रिपाठी द्वारा राज्य स्तरीय निपुण भारत मिशन पर चर्चा किया गया तथा कृतसंकल्प को दोहराते हुए मिशन को प्रत्येक दशा में प्राप्त करने की बात कही गयी। इस अवसर पर शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में श्री दिनेश कुमार मिश्र ,श्री उमापति पांडे, श्री मिथिलेश यादव तथा श्रीमती रेनू ने भी शिक्षकों तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का निपुण लक्ष्य संप्राप्ति हेतु हौसला बढ़ाया।यह कार्यक्रम एक ही परिसर में संचालित विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र के कक्षा एक को पढ़ाने वाले अध्यापक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ती के संयुक्त बैठक में बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से हमारा आँगन हमारे बच्चे उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री नीरज सिंह द्वारा किया गया।स्कूल रेडिनेश पर चर्चा करते हुए एआरपी रमेश गुप्ता ने बाल बाटिका को कैसे मजबूत बनाया जाय पर चर्चा किए। बुनियादी शिक्षा पर आधारित नाटिका कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बालिकाओं ने बालिका शिक्षा पर लघु नाटिका प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत शिवानी, श्रेया, जान्ह्वी पटेल, अंश कुशवाहा,कृष्णा मौर्या, अभय यादव, अंकिता, एवं अन्य को बेस्ट परफॉर्मर स्टूडेंट्स को मोमेंटो देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं की गयी। कार्यक्रम का समापन करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी विश्व नाथ प्रजापति ने बीडीओ, एडीओ पंचायत, सीडीपीओ, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन के स्मृतिचिन्ह देते हुए आभार व्यक्त किया गया।



प्रधानमंत्री की मां को श्रद्धांजलि देते लोग

### प्रधानमंत्री की मां को दी गई श्रद्धांजलि

**लालगोपालगंज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता हीराबेन के निधन पर देशभर में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जगह-जगह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हो रहा है। लालगोपालगंज कस्बा के काली जी मंदिर प्रांगण भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न वर्ग समुदाय के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। पूर्व चेयरमैन प्रदीप केसरवानी ने दुःख जताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री की मां का निधन भारत की महत्वपूर्ण क्षति है। कहा कि कुछ दिन पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि मारी मां जितनी सरल है, उत्नी ही साधारण है। निश्चित रुप से मां, मां होती है। मां का दुनिया से गुजर जाना बहुत ही दुखदायी होता है। अंत में हीराबेन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मनोज मित्तल, सर्वेश केसरवानी, मोनू केसरवानी, पूर्व सभासद राकेश केसरवानी, बचानी अग्रवाल, गौरवराज अग्रवाल, शुभम जयसवाल, रामू अग्रवाल, आशीष केसरवानी आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### ई-रिक्शा उठा ले गए चोर

**कौशाम्बी।** असदउल्लापुर रोही गांव निवासी गब्बर पुत्र बिरजू ने ई.रिक्शा खरीद रखा है। गुरुवार रात उसने अपना रिक्शा घर के बाहर खड़ा किया था। रात को चोर ई.रिक्शा उठा ले गए। चार बैट्री और मोटर निकलने के बाद रिक्शा रोही रेलवे फाटक के पास खेत में फेंक दिया। रिक्शा सुबह मिला। रोही गांव के ही नरेश पुत्र राजाराम ने स्थानीय बाईपास के पास पान की गुमटी खोल रखी है। उसकी गुमटी से भी चोरों ने लगभग 1500 रुपये कीमत का सामान पार कर दिया।

### आटो की टक्कर से किशोर घायल


**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के एदिलपुर गांव का मुकेश कुमार पुत्र श्रीनाथ शुक्रवार सुबह किसी काम से ओसा चौराहा जा रहा था। गांव की मुख्य सड़क पर पहुंचते ही पीछे से आए ऑटो ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# खराब मटेरियल प्रयोग कर बनाया गया ट्यूबवेल का गुलाबा हुआ ध्वस्त

**आक्रोश**

**सिंचाई को लेकर किसान में परेशानी, आक्रोश**

**कौशाम्बी।** ब्लाक कौशाम्बी के ग्राम पंचायत म्योहर में सिंचाई के लिए सरकारी ट्यूबवेल 31 का गुलाबा के मेंटेनेंस के लिए विभाग की ओर से ठेकेदार को निर्देशित किया गया था। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा ट्यूबवेल के पांच गुलाबों की मरम्मत 15 दिन पूर्व करवाया गया, पांचों गुलाबें खराब मटेरियल लगाने की वजह से क्षतिग्रस्त हो गए। ऐसे में किसान समय से गेहूं की फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, बार-बार लोगों के संबंधित अधिकारी को अवगत कराने के बावजूद भी अभी तक उसका दोबारा निर्माण नहीं हो पाया। इस ट्यूबेल से लगभग 50 से 60 बीघे खेतों की सिंचाई की जाती है। पहले ट्यूबवेल के गुलाबों की संख्या 16 थी जिसमें से सिर्फ और सिर्फ 5 गुलाबा का मरम्मतीकरण विभाग द्वारा कराया गया।



"किसान पोस्ती सिंह का कहना है कि धान की फसल की रोपाई के समय भी ट्यूबवेल का मरम्मतीकरण किया गया लेकिन सही समय पर बारामती करण ना होने की वजह से धान की फसल की सिंचाई करने में प्राइवेट ट्यूबवेल का सहारा लेना पड़ा और समय से फसलों की सिंचाई भी नहीं हो पा रही थी।"



.किसान संतोष सिंह का कहना है कि खराब मटेरियल का प्रयोग होने की वजह से 15 दिन पूर्व बना गुलाबा क्षतिग्रस्त हुआ यदि मटेरियल का सही प्रयोग किया गया होता तो ऐसी दिक्कत ना आती और समय पर फसलों की सिंचाई की जा सकती थी।



किसान रामदास का कहना है कि विभाग और ठेकेदारों की लापरवाही के कारण किसान की फसलों की सिंचाई सही समय पर नहीं हो पा रही है इसमें विभाग की उदासीनता और लापरवाही दिखती है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

विभाग के जेई रामाकांत सैनी ने बताया कि ठेकेदार को निर्देशित कर दिया गया है टूटे हुए गुलाबों का मरम्मत जल्द से जल्द करवा दिया जाएगा।

## करंट ने लील लिया बुजुर्ग की जान

**चरवा, कौशाम्बी।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत समसपुर गांव में शुक्रवार को एक बुजुर्ग करंट की चपेट में आ गया। हादसा इतना दर्दनाक रहा कि बुजुर्ग पूरी तरह से जिंदा जल गया। बुजुर्ग की हालत देख लोग हैरान रह गए। समसपुर गाँव के रोशन लाल पाल रिटायर्ड रेल कर्मी है। बृहस्पतिवार की रात वह निजी नलकूप में अपने दो नातियों के साथ सो रहे थे, इस दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गए। हादसे में उनकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं साथ में सो रहे दो बच्चे गोलू; (7) व बब्लू की धुएं से दम घुटने के कारण बेहोश हो गए थे। जानकारी होने पर चरवा पुलिस मौके पर पहुंची जहां शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं बेहोश हुए दोनों बालकों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। बहरहाल कुछ भी हो करंट की चपेट में बृजुर्ग कैसे आया खबर लिखे जाने तक कुछ साफ नहीं हो सका था। उधर घटना के बाद से जहां मृतक के परिवार में कोहराम रहा। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे लोग जिस तरह से बुजुर्ग रोशन एक कंकाल में तब्दील हो गया था उसे देख हैरान सा थे।

## नए साल में 3996 लोगों को मिलेगा नया आशियाना

**कौशाम्बी।** नए साल में करीब चार हजार गरीबों को पक्की छत नसीबा हो जाएगी। लाभार्थियों का चयन हो चुका है। इनमें से अधिकतर को पहली किस्त जारी भी हो चुकी है। वर्ष 2023 में इनका खुद का मकान बनकर तैयार हो जाएगा। इसी साल इनको आवास की चाबी जनप्रतिनिधि अथवा अधिकारियों के हाथ से मिलेगी। आवास के साथ गरीबों का खुद का शौचालय भी होगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार हजार लोग झुग्गी.झोपड़ी से निकलकर खुद के आशियाना में जाएंगे। इन गरीबों का यह सपना 2023 में पूरा होगा। इसकी पूरी तैयारी हो चुकी है। लाभार्थियों का चयन हो चुका है। चयनित लाभार्थियों में से 2995 लोगों को पहली किस्त जारी हो चुकी है। लाभार्थियों ने अपने नए आशियाना का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। पीएम आवाास योजना की देखरेख करने वाली टीम भी सक्रिय हो चुकी है। मकान में काम कर रहे लाभार्थियों को मनरेगा से भुगतान भी हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इन लाभार्थियों का आवास वर्ष 2023 में बनकर तैयार हो जाएगा। इसी साल इनको इनके मकान की चाबी भी दी जाएगी। वृहद कार्यक्रम में इनको आवास की चाबी थमाई जाएगी। आवास के साथ लाभार्थियों को शौचालय का भी लाभ मिलेगा।

## प्रेमी के साथ फरार हो गई किशोरी

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र की एक किशोरी के पड़ोसी युवक के साथ प्रेम संबंध थे। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो उन्होंने किशोरी का मोबाइल फोन भी छीन लिया गया। युगल बुधवार को घर से फरार हो गए। खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लगने पर किशोरी के पिता ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर दी। पुलिस युगल की तलाश कर रही है।

## ...तो आधार में बेटा बन मृतक आश्रित पर की जा रही नौकरी

**परिवार के लोग कर चुके शिकायत, नहीं हुई कार्यवाही**

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के म्योहर गांव का वह कौन सा व्यक्ति है जो दमाद होने के बाद मृतक ससुर का बेटा बन मृतक आश्रित पर नौकरी हथिया लिया। हालांकि यह एक बड़ा जांच का विंदु है। सूत्रों की बातो पर यकीन करें तो कहा जा रहा है कि युवक की ससुराल म्योहर गांव है। उनके ससुर कोइलरी में नौकरी करते थे। तकरीबन बीस वर्ष पहले उनकी मौत हो गई। हालांकि मृतक की दो बेटियां थी। ससुर के मौत होने के बाद उक्त फजीर्वाड़ा करने वाला युवक म्योहर गांव का पता दिखाते हुए मृतक का बेटा बन आधार कार्ड बनवा लिया। इसके बाद मृतक आश्रित पर नौकरी कर रहा है। हालांकि प्रकरण में कितनी सच्चाई है यह तो अफसरों के जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन इतना जरूर है कि उक्त फर्जी वाडा की यदि निष्पक्ष जांच हुई तो कहीं न कहीं रहस्य खुलकर सामने आएंगे। बहरहाल इलाकाई बुद्धिजीवियों ने इस ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उक्त फर्जी वार्ड की सच्चाई की जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।

### पति पर लगाया पीटने का आरोप

**कौशाम्बी।** चायल कस्बा निवासी रशीदा बेगम ने बताया कि उसका पति शराब के नशे का आदी है। आए दिन शराब पीने के बाद गाली.गलौज करता है। पीड़िता की मानें तो गुरुवार शाम भी पति अपशब्द कह रहा था। विरोध करने पर पिटाई कर दी। पीड़ित महिला ने शुक्रवार को मामले की शिकायत एसपी से की है।

# डीएम, एसपी ने अधिनस्थों के साथ नये वर्ष को लेकर किया बैठक

**बैठक**

**सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को फूट पेट्रोलिंग करने के निर्देश**

**अवैध व मिलावटी शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने का भी दिया निर्देश**

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार मे नववर्ष एवं आगामी त्यौहार पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को नववर्ष एवं आगामी त्यौहारों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दियें, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। उन्होंने सम्वेदनशील क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों.मॉ शीतलाधाम मन्दिर व पभोषा एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को सम्बन्धित ई.ओ के साथ फूट पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि नववर्ष एवं आगामी त्यौहारों पर कोई कार्यक्रम आयोजित होता है तो वह उसकी अनुमति अवश्य ली गई हो। उन्होने सीएमओ को सभी सीएचसी एव पीएचसी पर डॉक्टरों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने तथा अधिशासी अभियंता,विद्युत को सभी अवर अभियंता की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि रात्रि 10 बजे के बाद डीजे न बजने पाये। वहीं ईओ दारानगर को निर्देशित किया कि मॉ शीतलाधाम मन्दिर में




अफसरों के साथ बैठक करते डीएम व एसपी

भीड़ के दृष्टिगत सम्बन्धित थानाध्यक्ष एवं मन्दिर प्रबन्धक से वार्ता कर भीड़ प्रबन्धन के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब मिलावटी शराब के विरूद्ध अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने शराब के ठेकों का भी निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर अवैध खनन के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी ईओ को खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आवारा गोवंशों को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दियें। उन्होंने एआरटीओ एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर को जनपद में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाये रखने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान परिषद निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन सम्बन्धी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है तथा आदर्श आचार संहिता तात्कालिक प्रभाव से लागू हो गई है। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। पुलिस अधीक्षक श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़.भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जायए ताकि महिलाओं एवं बच्चियों के साथ छेड़खानी की घटना न होने पाये एवं कोई भी व्यक्ति शराब पीकर सार्वजनिक स्थानों एवं बाजारों में हुड़दंग न करने पाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति हाइवे पर स्टन्टबाजी करता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को फूट पेट्रोलिंग करने तथा एन्टी रोमियों को सक्रिय रख ड्यूटी लगाने के निर्देश दियें। उन्होंने मुख्य अग्निशमन अधिकारी को अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने एआरटीओ एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर को ट्रैफिक व्यवस्था विशेषकर हाइवे पर बेहतर बनाये रखने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी भॉग की दुकान पर गांजा बिकने की शिकायत न आने पायेए शिकायत प्राप्त होने पर सख्त कार्यवाही किया जाय। उन्होंने अवैध शराब के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय एवं अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रधान व प्रधानाध्यापक की संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**कौशाम्बी।** ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापकगणों के साथ एक संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को सिराथू में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर व ब्लाक प्रमुख सिराथू प्रतिनिधि लवकुश मौर्य मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि डायट प्राचार्य, बीडीओ सिराथू, खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह पटेल उपस्थित रहे। बैठक में सभी उपस्थित लोगों को बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत सचालित विभिन्न योजनाओं के विषय पर चर्चा करते हुए जागरूक किया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में ब्लॉक के शिक्षक कुंवर मार्तंड सिंह, गौरव सिंह, अरुण बाजपेई, राकेश कुमार, प्रतीक कुमार, अजीत कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन किया। इस मौके पर मौजूद लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई।



कार्यक्रम में मौजूद प्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सहित अन्य

### 45 में तीन अज्ञात शवों को ही मिली पहचान

**कौशाम्बी।** जिले की पुलिस के लिए अज्ञात शव की शिनाख्त कराना आसान नहीं रहा। साल भर पुलिस शवों को रेलवे लाइनए झाड़ियों या फिर खेतों से उठाकर पोस्टमार्टम हाउस भेजती रही। शव किसके है और क्यों घटना हुईए इससे पुलिस अफसर अनभिज्ञ रहे। यही कारण है कि वर्ष 2022 में मिले 45 शव में महज तीन शव की ही पुलिस पहचान करा सकी है। पुलिस का यही हाल 2021 में भी रहा। साल भर में मिली 49 लाशों में पांच की ही पहचान कराई जा सकी है। जिन शवों की पहचान नहीं हो सकी। इन घटनाओं ने जनपदवासियों को झकझोर कर रख दिया। वहींए पुलिस ने भी सभी घटनाओं के बाद पसीने छोड़े।

## चोरों ने किसान के घर से लाखों का सामान समेटा

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के अढ़ौली गांव में गुरुवार रात सेंध लगाकर एक किसान के घर से चोरों ने नकदी सहित लाखों का माल पार कर दिया। घटना की जानकारी गृहस्वामी को सुबह हुई। उसकी तहरीर लेकर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। अढ़ौली निवासी रामचंद्र पुत्र सुखरूप किसान है। गुरुवार रात वह और उसके परिवार के सदस्य खाने के बाद सो गए। इस दौरान पीछे की दीवार से सेंध लगाकर भीतर घुसे चोर करीब 15 हजार रुपया नकदए सवा लाख रुपया कीमत के गहनेए कपड़ाए बर्तन, बिस्तर, अनाज आदि उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच की। जांच के दौरान बक्सा पास स्थित खेत में पड़ा मिला। मामले में महेवाघाट इंस्पेक्टर रोशनलाल का कहना है कि चोरों की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# भारी मात्रा में गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गिरफ्तारी**

**एसओजी व सदर कोतवाली ने किया कार्यवाही**

**कौशाम्बी।** एसओजी व नगर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने शुक्रवार दोपहर 22 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। तस्कर छत्तीसगढ़ से गांजा लाकर यहां फुटकर सप्लाई किया करते थे। नगर कोतवाल संतोष कुमार शर्मा को शुक्रवार दोपहर सूचना मिली कि बाइक सवार गांजा तस्कर मंझनपुर से सिराथू की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर हाजीपुर पतौना पुल के समीप से तस्कर विकास केसरवानी निवासी सिराथू व कर्मदीप पांडेय निवासी कैमा थाना पइंसा को गिरफ्तार कर लिया। इनकी बाइक की डिक्की और पास रहे झोले से 22 किलो गांजा बरामद किया गया। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने पत्रकार वार्ता में बताया कि बरामद गांजा की कीमत करीब चार लाख रुपये है।



पत्रकार वार्ता करते एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव

### पेड़ से गिरकर अधेड़ जख्मी

**कौशाम्बी।** सरायअकिल के बसुहार गांव का जावेद अहमद शुक्रवार सुबह दातून तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। तभी डाल टूटने से अचानक वह नीचे गिर गया। इससे उसका पैर टूट गया है। परिजनों ने घायल को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति खतरे से बाहर है।

## रंजिशन दबंग ने छात्र को पीटकर किया घायल

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के तिलातारा मजरा बलीपुर टाटा गांव में शुक्रवार सुबह स्कूल जा रहे छात्र को रंजिशन दबंग ने परिजनों के साथ मिलकर पीट दिया। इससे छात्र को काफी चोटें आई। घायल छात्र ने मां के साथ थाने में आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

तिला तारा मजरा बलीपुर टाटा गांव निवासी सुमिरन गौतम मजदूरी करता है। शुक्रवार सुबह वह मजदूरी करने चला गया था। इसी दौरान उसका 16 वर्षीय बेटा सचिन स्कूल जा रहा था। रास्ते में गांव के ही दबंग युवक ने उसे रोककर गाली गलौच करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसने पत्नी और मां के साथ मिलकर सचिन की पिटाई कर दी। घायल छात्र ने मां के साथ थाने में आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# पीएम की मां का देहांत, हुई शोक सभा



शोक सभा में मौजूद लोग

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ाधाम में प्रधानमंत्री मोदी की माता के निधन पर व्यक्त किया शोक। नगर पंचायत कडाधाम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता के निधन पर पंडा समाज के लोगों ने मन्दिर के पास दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी की माता जी का आज सुबह लगभग 3 बजे देहांत हो गया। हालांकि उनका तकरीबन 100 वर्ष की उम्र निधन हुआ बताया जा रहा था। उनके निधन पूरे भारत वर्ष में शोक की लहर दौड़ गई। इस मौके पर पंडा समाज अध्यक्ष उदय पंडा,उपाध्यक्ष विनोद त्यागी, महामंत्री सुधेश कुमार, सप्तमी पंडा, तूफानी पंडा, कल्लू पंडा, चुन्नू पंडा, विजेंदर पंडा, छोटकू मोदनवाल, मनीष केशरवानी, झिलमिल पंडा, तरैया पंडा, कृष्ण कुमार पंडा, अजय पंडा, ओझा पंडा, प्रदीप पंडा आदि लोग मौजूद रहे।

## घर पर चढ़ दबंगई करने का आरोप

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीते शाम दबंगो ने पीड़ित के घर पर चढ़कर अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने दबंगो पर आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है ।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के धुमाई का मजरा मुराईन का पुरवा गांव के रहने वाले राकेश कुमार पुत्र शिव भजन ने सैनी पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र के हवाले से पड़ोस के रहने वाले दबंगो पर आरोप लगाते हुए बताया की बीती शाम वह परिवार के साथ खाना खाने जा रहा था तभी दबंगो ने घर पर चढ़कर उस पर हमला बोल दिया। बीच बचाव के लिए आगे आई पीड़ित की पत्नी को भी दबंगो ने धक्का दे दिया। शोर शराबा सुनकर पहुंचे पड़ोसियों के बीच बचाव के बाद दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है की दबंग पहले भी कई बार हमला बोल चुके है जिससे पीड़ित का परिवार दहशत में है। पीड़ित ने मामले में कार्यवाई की मांग की है।

## ठंड से बचाव हेतु असहाय गरीबों में बांटे गए गर्म कपड़े

**दारानगर कौशाम्बी।** कड़ा के संत शिरोमणि बाबा मलूक दास व उनके शिष्य योगी नानक चन्द्रदेव जी महाराज के परम शिष्य अमेरिका निवासी स्वर्गीय हरीश जोशी की धर्मपत्नी हेलीना लिस्टो पैड दीक्षा की प्रेरणा से कड़ा क्षेत्र में दो दिवसीय शीत शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को शीत शिविर के माध्यम से कड़ा क्षेत्र में भ्रमण कर असहाय महिलाएं बुजुर्ग एवं बच्चों को कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़े दिए गए।

बता दें कि बाबा की शिष्य दिल्ली निवासी ईशा कोहली व सुहानी शेठी के माध्यम से कड़ा क्षेत्र के ईट भट्ठों में काम करने वाले गरीब असहाय वृद्धजनों महिलाओं एवं बच्चों को कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़े वितरित किए गए। अचानक से मिली सहायता से गरीब असहाय जनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान समाजसेवी हेलिना की प्रेरणा से शीत शिविर लगाने कड़ा आई दिल्ली निवासी बाबा की शिष्या ईशा कोहली वा सुहानी शेठी के द्वारा क्षेत्र में जगह.जगह शिविर के माध्यम से गरीबों की सेवा की गई। यह शिविर शुक्रवार और शनिवार दो दिन तक चलेगा।

### पड़ोसी ने किशोरी को पीटा

**कौशाम्बी।** महेवाघाट निवासी विमला देवी ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह घर के पास लगे हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। तभी पड़ोसी दबंग भी वहां पहुंच गया और नम्बर लगाने के लिए गाली.गलौज करने लगा। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। चीख.पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने दखल देकर किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी।

## पड़ोसी ने परिवार के पांच सदस्यों को पीटा

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में शुक्रवार सुबह पड़ोसी दबंगों ने एक परिवार के पांच सदस्यों को पीट दिया। रंजिश के चलते सभी की पिटाई की गई। पीड़ित पक्ष की तहरीर लेकर पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

दानपुर निवासी कैलाश कुमार ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी रंजिश है। इसे लेकर वह आए दिन गाली.गलौज करते हैं। विरोध करने पर झगड़ा करते हैं। पीड़ित की मानें तो शुक्रवार सुबह भी दबंग अपशब्द कह रहे थे। ऐतराज जताने पर पिटाई शुरू कर दी। बीच.बचाव करने पहुंचे परिवार के महेशए नितेशए ईश्वर व नागेश को भी पीटा। चीख.पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने दखल देकर किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# अवैध आरा मशीनों पर संयुक्त कार्यवाही से मचा हड़कंप


अवैध आरा मशीनों पर कार्यवाही करती पुलिस

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही आरा मशीनों के खिलाफ वन और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर उनको बंद करा दिया। अवैध रूप से चल रही आरा मशीनों के सारे उपकरणों को वन विभाग की टीम उठा लाई और सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। टीम की इस कार्यवाई से वन माफियाओं में हड़कंप मच गया। महेशगंज थाना क्षेत्र में कई वर्षों से अवैध रूप से कई आरा मशीनें संचालित हो रही थी। जिसकी शिकायत क्षेत्रीय लोगों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से की थी। शुक्रवार को वन रेंजर कालाकांकर हनुमान प्रसाद चैरसिया की अगुवाई में वन विभाग टीम ने पुलिस की मदद से कई जगहों पर अवैध रूप से चल रही आरा मशीनों पर छापा मारा। इलाके के ठकुराइन का पुरवा, सराय सद्धावा गरीबी, ऐमापुर बिंधन जगहों पर अवैध रूप से आरा मशीनों को टीम ने पकड़ा और सारे सामानों को वाहन पर लादकर थाने उठा लाई। वन विभाग की टीम द्वारा महेशगंज थाने में शाम तक लिखा पढ़ी की कार्यवाही चल रही थी। इस मौके पर डिप्टी रेंजर अवध बिहारी, वन दरोगा भइया राम पांडेय, वन रक्षक विजय कुमार, बीट प्रभारी जगदीश प्रसाद और गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

## जन चौपाल आयोजित कर सुनी समस्याएं

**पट्टी।** आसपुर देवसरा विकास क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांव में लोगों की समस्याओं को लेकर शासन के निर्देश पर जन चौपाल का आयोजन किया गया। मौजूद अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और निस्तारण योग्य समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण भी कर दिया। आसपुर देवसरा के एडीओ पंचायत इंद्र प्रताप सिंह, ग्राम विकास अधिकारी गोविंद सिंह, कमलेश सिंह व अनिल सिंह की मौजूदगी में विकास क्षेत्र के आसपुर देवसरा, उमापुर, आमापुर ग्राम सभाओं में जन चैपाल का आयोजन किया गया। जहां पर ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखी। जो समस्याएं वाह शिकायतें मौके पर ही निस्तारित की जा सकती थी उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। कुछ ऐसी भी शिकायतें प्राप्त हुई थी जिनका निस्तारण मौके पर नहीं हो सकता था तो उन्हें संबंधित लोगों को अग्रेषित किया गया है कि जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण इसका निस्तारण किया जाए। इस दौरान तीनों ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान ग्रामीण मौजूद रहे।

# घर से भागे छात्र को बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने परिजनों को सौंपा

**खुशी**

**मां की डांट से घर छोड़ा, ट्रेन से पहुंच गया था प्रयाग**


बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोगी के साथ छात्र

**प्रतापगढ़।** मां की डांट से नाराज एक किशोर घर से भागकर प्रयाग पहुंच गया। जो बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोगी को मिला। सहयोगी ने उसे लाकर परिजनों को सौंप दिया। घर के चिराग को पाकर परेशान परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने इस कार्य के लिए ग्रुप की सराहना की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली नगर के पंचमुखी मंदिर के पीछे रहने वाला शिवम कक्षा चार में पढ़ता है। गुरुवार को किसी बात पर उसकी मां ने डांट दिया। बस इसी बात से नाराज होकर उसने घर छोड़ने का फैसला ले लिया। सीधे रेलवे स्टेशन पहुंचा। प्रयाग जा रही पीआरएल पैसेंजर में जाकर बैठ गया। प्रयाग में उतरने पर यात्रियों को कुछ शंका हुई। उन्होंने उसे एसएस के हवाले कर दिया। जानकारी होने पर ट्रेन मैनेजर और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप के सहयोगी वीके तिवारी एसएस से मिले। उन्होंने शिवम को देखा। उससे बात की। सारी घटना पता चली तो उन्हें शिवम पर तरस आ गया। उसको खाने पीने की चीजें दी। उसके बाद उसे पीएलएल ट्रेन से लेकर प्रतापगढ़ स्टेशन पहुंचे और रात को उसे उसके परिजनों को सौंप दिया। शिवम को पाकर परिजन निहाल हो गए। वीके तिवारी ने बताया कि शिवम के घर की माली हालत ठीक नहीं है। मां और पिता मजदूरी करने जाते हैं। पानी गिरने से चूल्हे बुझ गया था। इस कारण मां ने उसे डांट दिया था।

# प्रधानमंत्री की माँ के निधन पर प्रमोद व मोना ने जताया दुःख

**लालगंज।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीराबेन के आकस्मिक निधन को दुःखद ठहराया है। कांग्रेस की स्टेयरिंग कमेटी के वरिष्ठ सदस्य प्रमोद तिवारी ने पीएम को पत्र लिखकर उनकी मां के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी मां से बहुत ज्यादा आत्मीय रूप से जुड़े थे। कहा कि पिता के न रहने के बाद मां ने ही प्रधानमंत्री का लालन-पालन किया। उन्होनें कहा कि मां और बेटे का सम्बन्ध खून से जुड़ा होता है, पीएम मोदी को अपनी मां से सदैव ममतामयी स्नेह के सम्बल के साथ जीवन के संरक्षकत्व का भी अनूठा मार्गदर्शन मिलता रहा। ऐसे में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ईश्वर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस दारूण दुःख को सहन करने की शक्ति देने की भी ईश्वर से प्रार्थना की है। वहीं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी पीएम मोदी की मां हीराबेन के देवलोकगमन पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मां की ममता से अनमोल कुछ भी नही है। ऐसे मे विधायक आराधना मिश्रा मोना ने मां के निधन पर प्रधानमंत्री के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि पीएम की मां हीराबेन ने जीवन के उच्च सिद्धांतो को अपनाते हुए सादगी भरे जीवन का प्रेरणास्पद व्यक्तित्व एक आदर्श मां की भी अमिट छाप लिये रहा। उन्होनें एक पुत्र के रूप में ममतामयी मां के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को असहनीय दुख सहन करने का भी ईश्वर से सामर्थ्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे, चार घायल

**पट्टी।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर पुलिस पहुंची और घायलों को सीएचसी अमरगढ़ भिजवाया। जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के मानापुर गांव के रहने वाले सुनील कुमार से पड़ोसियों से जमीनी विवाद काफी अरसे से चला रहा था। उसी बात को लेकर शुक्रवार की सुबह दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में केवला देवी, भारती देवी, सुनील कुमार, अशोक कुमार को गंभीर चोट आई हैं। पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर घायलों को सीएचसी अमरगढ़ भिजवाया जहां पर चारों का इलाज चल रहा है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# अधिवक्ताओं के हितों को लेकर बार कौंसिल का प्रयास रहेगा जारी : प्रदीप सिंह

**सम्मान**

**बार कौंसिल के सदस्य का संगोष्ठी मे हुआ सारस्वत सम्मान**


तहसील सभागार में बार कौंसिल के सदस्य प्रदीप को सम्मानित करते अधिवक्ता

**लालगंज।** स्थानीय तहसील सभागार में शुक्रवार को अधिवक्ताओं से जुडे कल्याणकारी योजनाओं पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यअतिथि यूपी बार कौंसिल के सदस्य प्रदीप सिंह ने कहा कि बार कौंसिल द्वारा अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं को अमल मे लाने के लिए लगातार सरकार के स्तर पर प्रयास जारी है। उन्होनें बताया कि अब पचास वर्ष की प्रैक्टिस पूरी करने वाले बुजुर्ग अधिवक्ताओं को पेंशन की भी बार कौंसिल सुविधा देगी। वहीं उन्होने गंभीर बीमारी तथा दुर्घटना को लेकर भी बार कौंसिल द्वारा चिकित्सा सहायता की प्रक्रिया से साथियों को अवगत कराया। संयुक्त अधिवक्ता संघ की मांग पर सदस्य प्रदीप सिंह ने शीघ्र ही लालगंज तहसील मे अधिवक्ताओं के ज्ञानार्जन के लिए लाइब्रेरी की भी सुविधा मुहैया कराए जाने की घोषणा की। उन्होनें कहा कि प्रदेश के अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए उनके द्वारा लगातार संघर्ष किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के नेतृत्व मे वकीलो ने बार कौसिल के सदस्य प्रदीप सिंह को अधिवक्ता गौरव सम्मान पत्र तथा अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित भी किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को प्रभावी बनाए जाने के लिए बार कौंसिल से सरकार को प्रस्ताव भेजवाए जाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। संघ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक शैलेन्द्र सिंह ने संगोष्ठी के उद्देश्यो पर प्रकाश डाला। वहीं पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह ने स्वागत भाषण तथा महामंत्री शेष तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। संगोष्ठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, हरकेश पटेल, रमेश पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, संदीप सिंह, गया प्रसाद मिश्र, सुरेन्द्र सिंह ने भी संबोधित कर अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विपिन शुक्ल, जान्हवी प्रताप सिंह, जयकरन सिंह, प्रमोद सिंह, कमाल अहमद, प्रमोद तिवारी, सिंटू मिश्र, नामवर सिंह, रामअंजोर तिवारी, रामलगन यादव, केबी सिंह, केके शुक्ल, राजीव तिवारी, संजय सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, आदि अधिवक्ता रहे।

## संक्षेप

### सड़क निर्माण से जल निकासी हेतु बनी पुलिया बंद, ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रतापगढ़।** सड़क का हो रहे निर्माण से गांव स्थित पुरानी पुलिया के बंद होने से गांव व तालाब के जल निकासी बाधित होने से ग्रामीणों को समस्याओं का सामना झेलना पड़ेगा। इस बाबत जिले के पट्टी तहसील क्षेत्र के ग्रामसभा पूरे वेदुआ के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी, उप जिलाधिकारी पट्टी, तहसीलदार पट्टी को प्रार्थना पत्र देकर जल निकासी की व्यवस्था कराए जाने हेतु पुलिया को खोले जाने की मांग की है। दिए गए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि गांव के सामने उड़ाईयाडीह-दीवानगंज सड़क मार्ग का निर्माण किया जा रहा है,इसी मार्ग पर गांव स्थित तालाब व गांव के पानी के निकासी हेतु पुलिया का निर्माण हुआ था, सड़क मार्ग के निर्माण होने से उक्त पुलिया को बंद कर दिया गया ।पुलिया के बंद कर दिए जाने से जल निकासी की व्यवस्था पूर्ण रूप से बंद हो गई है जिससे आने वाले समय बरसात में तालाब के पानी या गांव के पानी की निकासी पूर्ण रूप से बंद होने से ग्रामीणों को कठिन समस्याओं से जूझना पड़ेगा। ग्रामीणों ने अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में पुरानी पुलिया को खुलवाए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र देने वालों में राजकुमार तिवारी, संतोष वर्मा, अनिल, कल्लू सहित आदि शामिल रहे।

### अवैध शराब बरामद, आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज।** पुलिस ने आकस्मिक छापेमारी कर लालगंज के दो गांवो से चालीस लीटर शराब बरामद करने मे सफलता ली है। कोतवाली के दरोगा राजेन्द्र कुमार यादव ने उन्तीस दिसंबर को जेवई गांव मे फोर्स के साथ दबिश दी। यहां पुलिस ने ढखवा अगई निवासी शंभूलाल के पुत्र फूलचंद्र पटेल के पास से बीस लीटर अवैध शराब बरामद की। वहीं कोतवाली के दरोगा निकेत भारद्वाज ने भी शुक्रवार को जेवई गांव के बसंतगंज मोड से कैथन का पुरवा समापुर निवासी अनिल सरोज पुत्र रामकिशोर को भी बीस लीटर अवैध शराब के साथ धर दबोचा। पुलिस की तहरीर पर दोनो आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया गया है।

### दो दिन प्रतापगढ़ होकर जाएंगी गैर रूट की ट्रेनें

**प्रतापगढ़।** लखनऊ मंडल में बाराबंकी, अयोध्या कैंट, जफराबाद और अकबरपुर रेलवे स्टेशन के बीच इंटरलाकिंग का कार्य होने से इस रूट की कई ट्रेनों का मार्ग तीन और सात जनवरी को परिवर्तित रहेगा। जिसमें ट्रेनें बनारस, लखनऊ और प्रतापगढ़ रूट से होकर जाएंगी। हावड़ा दून एक्सप्रेस, कोलकाता जम्मू तवी एक्सप्रेस,फिरोजपुर कैंट धनबाद अप और डाउन,कामख्या एक्सप्रेस, गांधीधाम एक्सप्रेस ट्रेनें इस रूट से जायेंगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी है।

### भाजपा कार्यालय पर आयोजित की गई शोक सभा

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूजनीया माता हीराबेन के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री की माता 100 साल की थीं। उन्होंने शुक्रवार सुबह अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में अंतिम सांस लीं। सांस लेने में तकलीफ के बाद उन्हें मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मौके पर समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण करते हुए गहरी शोक संवेदना जताते हुए इस दुख की घड़ी में परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र नाथ शुक्ल, आशीष श्रीवास्तव, राजेश सिंह, रामजी मिश्रा, अभिषेक वैश्य, अवनीश सिंह गुड्डू, अशोक मिश्र, पवन गौतम, अजय वर्मा सहित आदि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दुख जताया है।

# अवधी काव्य संग्रह 'खेत-खरिहान' पर डॉ० दयाराम सम्मानित


सम्मानित होते वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ द्वारा संस्थान के स्थापना दिवस पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ० दयाराम मौर्य को उनके अवधी भाषा काव्य संग्रह 'खेत-खरिहान' के लेखन पर वंशीधर शुक्ल सर्जना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हिंदी संस्थान के यशपाल सभागार में निदेशक आर. पी. सिंह वरिष्ठ आईएएस, साहित्यकार डॉ० राम कठिन सिंह तथा कथाकार डॉ० सुधाकर अदीब ने अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह देकर डॉ० रत्न को पुरस्कृत किया। इसके पूर्व डॉ० रत्न इसी संस्थान से अयोध्यासिंह उपाध्याय सर्जना पुरस्कार तथा अमृतलाल नागर बालकथा सम्मान से पुरस्कृत हो चुके हैं। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान लखनऊ से सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार भी डॉ० रत्न को मिल चुका है। विशिष्ट लेखन हेतु उन्हें ब्रिटिश वर्ल्ड रिकॉर्ड पुरस्कार जैसा अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड भी मिल चुका है। अब तक डॉ रत्न को राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों को मिलाकर 162 प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। डॉ रत्न के इस उपलब्धि पर साहित्यकार हरीलाल, डॉ० प्रदीप चित्रांशी, डॉ० अर्जुन पाण्डेय, राम औतार पंकज, समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम, राधेश्याम दीवाना, अनिल कुमार, श्रीनाथ मौर्य सरस, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, रीतिका मौर्य आदि ने बधाई दी है।

## अमित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व धीरेंद्र बने राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष

**प्रतापगढ़।** जिले में अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला समिति की बैठक मंगलवार को कुंडा के हीरागंज में सम्पन्न हुई। जिसमें संगठन संथापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया के निर्देश पर काशी प्रांत के उपाध्यक्ष मिश्रीलाल विश्वकर्मा व विभाग महामंत्री सुधीर शुक्ल की मौजूदगी में संगठनों में पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ। प्रान्त संगठनमंत्री संजय दुबे ने नीरज कुमार सिंह व शांति भूषण शुक्ल की अनुशासनहीनता व निष्क्रियता के कारण उन्हें पड़ से हटा दिया। उनके स्थान पर समिति के पुराने सदस्य अधिवक्ता धीरेंद्र कुमार शर्मा को राष्ट्रीय बजरंग दल का जिला अध्यक्ष और संगठन के पुराने कार्याध्यक्ष अमित कुमार मिश्र को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद प्रतापगढ़ का अध्यक्ष मनोनीत किया है।

## डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी को कबीर सम्मान से अलंकृत होने पर प्रबुद्धजनों में खुशी


डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी

**लालगंज।** स्थानीय एसवीएम पीजी कालेज के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अंबिकेश त्रिपाठी को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा कबीर सम्मान मिलने पर प्रबुद्धजनों मे प्रसन्नता की लहर देखी गयी। हिन्दी के उत्कृष्ट लेखक डॉ. अंबिकेश को उनकी मशहूर कृति श्रीरामचरितमानस का साम्प्रतिक विमर्श पर 2021 के कबीर सम्मान के अलंकरण के साथ संस्थान द्वारा पचहत्तर हजार रुपए नकद पारितोषिक व प्रमाण पत्र एवं अंगवस्त्रम भी प्रदत्त हुआ है। डॉ. अंबिकेश के सम्मान के अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डा. रामकठिन सिंह एवं प्रसिद्ध कथाकार डा. सुधाकर अदीव की भी खास मौजूदगी देखी गयी। वहीं हिन्दी संस्थान के निदेशक आरपी सिंह ने डा. अंबिकेश की कृति को साहित्य के क्षेत्र की विलक्षण धरोहर करार दिया है। इसके पहले डॉ. अंबिकेश को चित्रकूट के जेआरएच विश्वविद्यालय से तुलसी सम्मान का भी अलंकरण मिल चुका है। डा. अंबिकेश पीजी कालेज की पत्रिका सारस्वती एवं संस्कार सौरभ के भी प्रधान संपादक रहे हैं। लेखन एवं शोध पत्रों के प्रकाशन की श्रृंखला में लालगंज का नाम देश एवं प्रदेश में रोशन करने पर डा. अंबिकेश के सम्मान को लेकर यहां प्रबुद्धजनों मे खुशी देखी गयी। पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा, आचार्य रामअवधेश मिश्र, प्राचार्य डा. अमित सिंह, वरिष्ठ लेखक डा. दुर्गा प्रसाद ओझा, संस्कृत परिषद के आचार्य डा. शिवमूर्ति शास्त्री, साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र, ख्यातिप्राप्त गजलकार डा. अनुज नागेन्द्र, मानसमराल पं. रामफेर पाण्डेय, आचार्य पारसनाथ त्रिपाठी आदि ने डा. अंबिकेश को कबीर सम्मान मिलने को साहित्य के क्षेत्र मे गौरवशाली उपलब्धि कहा है।

## दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना मे घायल वृद्ध की इलाज के दौरान गुरूवार की देर रात मौत हो गयी। वृद्ध की मौत की खबर घर पहुंची तो परिजनों मे कोहराम मच गया। वही पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर बाइक चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने तथा गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जसमेढ़ा निवासी राकेश कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेईस दिसंबर को सुबह नौ बजे उसका पिता शंकरलाल विश्वकर्मा (65) घर से साइकिल द्वारा बगल के गांव पूरे भिखारी जरूरी काम से जा रहा था। जसमेढ़ा पुल के पास तीव्र गति से आ रही बाइक ने पिता की साइकिल मे जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना मे उसका पिता गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। इलाज के लिए परिजन मृतक को लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आये। गंभीर दशा देख चिकित्सको ने उसे रेफर कर दिया। हालांकि पैसे के अभाव मे पीडित घायल पिता को बाहर इलाज कराने नही ले जा सका। घर पर ही इलाज के दौरान गुरूवार की रात शंकरलाल की सांसे थम गयी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महेशगंज थाना के भिखारी का पुरवा निवासी बाइक चालक रिंकू सरोज पुत्र पुत्ते के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को मृतक का शव कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

### गैंगस्टर भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** मानधाता थाना क्षेत्र के मोहम्मद हसीब पुत्र मो0 शरीफ निवासी रामपुर बन्तरी थाने में गैंगस्टर का आरोपी है। आरोपी के ऊपर फतनपुर व देल्हूपुर थाने में गैंगस्टर सहित गोवध अधिनियम के महत मुकदमा दर्ज है। संबंधित मुकदमें में आरोपी को पुलिस की तलाश थी। मानधाता थाने के उप निरीक्षक सुधीर कुमार पाण्डेय ने आरोपी को थाना क्षेत्र के मझिगवां प्राथमिक विद्यालय से उसे गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से पुलिस को देशी बम व बाइक बरामद हुई है। आरोपी मोहम्मद हसीब पर मानधाता थाने में विस्फोटक अधिनियम में मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया। बरामद बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया।

# परशुराम सेना ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**ज्ञापन**

**प्रेमी युगल के शव मिलने का मामला**


एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के बलापुर गांव में तीन दिन पूर्व प्रेमी युगल का शव पेड़ से लटकता मिला था। इस घटना को राजनैतिक रंग दिया जा रहा है। लड़के की तरफ से लड़की पक्ष वालों पर मुकदमा दर्ज हो चुका है। जबकि लड़की की मां लड़के पक्ष पर मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस अधिकारियों का चक्कर लगा रही है। घटना में दो ब्राम्हड़ लड़के भी आरोपी हैं। घटना में ब्राह्मण युवाओं के नाम फर्जी तरीके से राजनीतिक द्वेष में मुकदमा होने पर राष्ट्रीय परशुराम सेना अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक का शुक्रवार को घेराव कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि उक्त घटना में नामजद ब्राह्मण युवाओं का नाम राजनीतिक द्वेष के कारण दर्ज किया गया है जो पूरी तरह से गलत है। इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर खुलासा किया जाए और निर्दोष फंसाए गए ब्राह्मणों को न्याय मिले। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय, महामंत्री अरुण उपाध्याय, विनोद मिश्र, ज्ञानचंद दुबे, पंकज पांडेय, अखिलेश शुक्ल, अभिषेक मिश्र, कार्तिकेय मिश्र, अनुराग त्रिपाठी, अंकुर पांडेय, अमित शुक्ला, अभिषेक दुबे, शिवा पांडेय, आशु दुबे, नीरज मिश्र सहित संगठन के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# नेपाल में सत्ता परिवर्तन

भारत और नेपाल सदियों से साँस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से अत्यँत निकट भ्राता राष्ट्र रहे हैं. आज के दौर में अनेक राजनीतिक और कूटनीतिक गलतियों के कारणवश ही दोनों राष्ट्रों के मध्य कुछ दुर्भाग्यपूर्ण कटुताएँ उभर कर सामने आ गई हैं. कम्युनिस्टों की कयादत में नेपाली राजसत्ता का चीन की तरफ स्पष्ट झुकाव है और यह भारत के लिए कशीदगी और चिंता का विषय है. हालाँकि ऐतिहासिक तौर पर नेपाली कम्युनिस्टों को सदैव भारत में ही प्रश्रय और परवरिश हासिल हुई, किंतु भारत के साथ सीमा विवाद को तूल देकर नेपाली राष्ट्रवाद का परचम लहराना नेपाली कम्युनिस्टों का एक शगल सा बन गया है.

इस तथ्य को एक विडंबना ही कहा जा सकता है कि नेपाल में नवनिर्मित जनतँत्र के दौर में मात्र दस वर्षों के इतिहास में पँद्रह दफा सत्ता परिवर्तन हो चुका है. नेपाल में राजशाही का वास्तविक खात्मा तो वर्ष 2007 में हो गया था, किंतु विकट दीर्घ कालीन उठा पटक के तत्पश्चात वर्ष 2015 में नेपाल द्वारा नए संविधान को अँगीकार किया गया. वर्ष 2015 के संविधान के तहत नेपाल हिंदू राष्ट्र की अपनी ऐतिहासिक साँमती विरासत का पूर्णतः परित्याग करके एक बहुदलीय जनताँत्रिक और धर्म निरपेक्ष राष्ट्र के तौर पर स्थापित हो गया.

नेपाल के वर्ष 2022 के आम चुनाव में किसी भी एक राजनीतिक दल को सँसद में सँपूर्ण बहुमत का दीदार नहीं हो सका. अतः एक मिली जुली बहुदलीय हुकूमत का निर्माण करने के लिए राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी के लीडर पुष्प कमल दहल प्रचँड को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया. हालाँकि आम चुनाव में प्रचँड की कम्युनिस्ट पार्टी केवल 32 सीटें हासिल करके संसद में तीसरे स्थान पर रही. ओली की कम्युनिस्ट पार्टी को 78 सीटें हासिल हुई और देऊबा की नेपाली काँग्रेस का 89 सीटें मिली. नेपाल के अनेक राजनीतिक दलों के मध्य एक राजीनामा अंजाम दिया गया कि प्रचँड और केपी शर्मा ओली क्रमशः ढाई ढाई वर्ष की अवधि के लिए नेपाल के प्रधानमंत्री पद पर आसीन होगें.

उल्लेखनीय है कि प्रचँड और ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टियों द्वारा वर्ष 2017 के आम चुनाव के पश्चात भी नेपाल में एक मिली जुली हुकूमत निर्मित हुई थी. दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों को मिलकर सन् 2017 के आम चुनाव में संसद में 174 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत हासिल किया था. उस वक्त भी एकदम ऐसा ही राजीनामा अंजाम दिया गया, कि पहले ढाई वर्ष केपी शर्मा ओली और अगले ढाई वर्ष प्रचँड नेपाल का प्रधानमंत्री पद संभालेंगे. यहाँ तक कि सन् 2018 में प्रचँड और ओली की कयादत वाली कम्युनिस्ट पार्टियों द्वारा परस्पर विलय अंजाम देकर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (मार्क्सवादी) का गठन भी कर लिया गया. ढाई वर्ष के समापन के पश्चात ओली द्वारा राजीनामा तोड़ दिया गया और ओली द्वारा प्रधानमंत्री पद पर कायम बने रहने के लिए प्रत्येक पैंतरेबाजी और हर तिकड़म अख्त्यार की गई. किंतु नाकाम रहने पर ओली ने संसद को भंग करने की सिफारिश राष्ट्रपति से कर दी. किंतु सुप्रीम कोर्ट ऑफ नेपाल ने संसद भंग करने के राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी के अध्यादेश को निरस्त कर दिया. प्रचँड के समर्थन से नेपाली काँग्रेस के लीडर शेर बहादुर देऊबा वर्ष 2021 में पाँचवी दफा प्रधानमंत्री पद पर आसीन हो गए.

वर्ष 2022 का आम चुनाव देऊबा की नेपाली काँग्रेस और प्रचँड की माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने एक साथ मिलकर लड़ा, किंतु यह राजनीतिक मोर्चा चुनाव परिणाम के पश्चात विखंडित हो गया, क्योंकि देऊबा ने प्रचँड को प्रधानमंत्री बनाने के इंकार कर दिया. नेपाल के राजनीतिक पटल फिर पुराना समीकरण उभरा और दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों के मध्य सत्ता के लिए एकता स्थापित हो गई है. अब देखना है कि यह कम्युनिस्ट लीडरॉन की एकता कब तक कायम बनी रहती है?

नेपाल के कम्युनिस्ट लीडर सत्तानशीन हो जाने की प्रबल महत्वाकाँक्षा से सरोबोर रहते हैं. इँकलाब के लिए त्याग और बलिदान करने वाली महान् सँस्कृति से बहुत दूर जा चुके हैं. केपी शर्मा ओली और प्रचँड दोनों ने दीर्घ काल तक भूमिगत और संघर्षशील रहकर नेपाल के जनमानस के मध्य अपार लोकप्रियता हासिल की थी. राजसत्ता हासिल कर लेने की सिद्धाँतहीन और अवसरवादी ललक ने प्रचँड की पार्टी को तो संसद में तीसरे नंबर पर ला पटका है, जबकि सन् 2008 के संसदीय चुनाव में प्रचँड की माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी नेपाल की संसद में पहले नंबर की पार्टी थी, तब पहली दफा प्रचँड नेपाल के प्रधानमंत्री बने थे. वर्ष 2017 के आम चुनाव में संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल करने के साथ सत्तासीन होने वाले कम्युनिस्टों को 2022 के चुनाव में कुल मिलाकर 275 सीटों के सदन में केवल 110 सीटें ही हासिल हो सकीं और किसी तरह से कुछ अन्य छोटी पार्टियों के समर्थन से सरकार बना सके हैं. कम्युनिस्ट लीडरॉन के मध्य उत्पन्न हुई सिद्धांतहीन और महत्वाकाँक्षी फितरत के कारण शनैः शनैः उनकी लोकप्रियता नेपाल में तिरोहित हो रही है.

कूटनीतिक तौर पर भारत को नेपाल पर बहुत अधिक तव्वजों प्रदान करनी चाहिए. जो कूटनीतिक गलतियाँ विगत काल में भारत द्वारा अंजाम दी गई उनका समुचित निराकरण करना अत्यंत आवश्यक है. भारत को अब समझ लेना चाहिए कि नेपाल अब राजशाही दौर वाला नेपाल नहीं है. वर्ष 2015 में अंजाम दी आर्थिक नाकाबंदी ने नेपाल को भारत से कहीं दूर ले जाकर चीन की तरफ जाने के लिए विवश किया. सन् 2015 में नेपाल के नवनिर्मित संविधान को लेकर जैसा तल्ख कूटनीतिक व्यवहार भारत द्वारा अंजाम दिया गया, उस व्यवहार की कटुता आज तक भारत और नेपाल के रिश्तों में विद्यमान है. नेपाल के पहाड़ी इलाकों में बहुत अधिक भारत विरोधी भावनाएँ विद्यमान हैं. नेपाल के मधेसियों के मध्य भी भारत अब पहले जैसा लोकप्रिय देश नहीं रहा है. भारत को नेपाल में अपनी अधूरी पड़ी हुई परियोजनाओं को सँपूर्ण करने में पूरी ताकत लगा देनी होगी. चीन की वन बैल्ट वन रोड परियोजना में नेपाल बाकायदा दाखिल हो चुका है. चीन का पूँजी निवेश नेपाल में अत्यंत तेजी से बढ़ रहा है. भारत को चारों दिशाओं से रणनीतिक तौर घेर लेने की कोशिश में नेपाल भी भारत के विरुद्ध चीन का एक रणनीतिक मोहरा बन सकता. भारत द्वारा नेपाल को अपनी कूटनीतिक पहल में उच्च स्थान प्रदान करना होगा. नेबर फर्स्ट की कूटनीति कहीं केवल जुमलों में उलझ कर ही ना रह जाए और नेपाल भी कहीं पाकिस्तान की तरह से चीनी पूँजी की गिरफ्त में ना चला जाए, इस कटु तथ्य पर ध्यान केंद्रीत करके भारत को नेपाल को अपना बनाए रखने की प्रबल कोशिश करनी होगी.



**प्रभात कुमार राय**
**लेखक सुरक्षा मामलों के विशेषज्ञ एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

# बच्चों के लिए एक प्यारी किताब

## आकलन



**कँवल भारती**

मनोविज्ञान की प्रोफेसर डा. मंजू देवी की, बनारस के मोचियों पर लिखी बेहद महत्वपूर्ण और मर्म-स्पर्शी किताब 'नाली पर मोची' (नेशनल बुक ट्रस्ट से प्रकाशित) का परिचय मैं इसी स्तम्भ में अपने पाठकों को करा चुका हूँ। इस स्तम्भ में मैं उनकी एक और महत्वपूर्ण और पठनीय पुस्तक 'बच्चों के लिए' का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत कर रहा हूँ। डा. मंजू देवी उत्तर प्रदेश किशोर न्याय बोर्ड में चार वर्षों तक उसकी सदस्य के रूप में कार्य कर चुकी हैं, साथ ही सामाजिक अनुसन्धान केंद्र, नई दिल्ली और 'महिला समाख्या' कार्यक्रम के तहत बनारस में नन्हें-मुन्ने बच्चों के 'उड़नखटोला' में भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इन संस्थानों में काम करने के दौरान प्राप्त अनुभवों ने उन्हें इस अनमोल कृति को लिखने के लिए प्रेरित किया। इस पुस्तक के परिचय में वह अपने 'दो शब्द' में लिखती हैं कि विभिन्न तरह के कार्य करने के पश्चात बच्चों के कार्य और व्यवहार को बहुत पास से जानने का अवसर प्राप्त हुआ। प्यार नहीं मिलने से बच्चा किस तरह गलत दिशा में जा सकता है, इसका अनुभव किशोर न्याय बोर्ड में हुआ, जहाँ छोटे-छोटे बच्चे बलात्कार के केस में फंसे हुए थे। उन्होंने ऐसे तमाम केसों का अध्ययन किया, जिसके आधार पर ऐसे बहुत से प्रश्नों को उठाया है, जिनका जानना बच्चो के मातापिता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इस किताब में बारह अध्याय और एक परिशिष्ट है, जिसमें 20 नवम्बर 1989 को सयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा बच्चों के लिए पारित अधिकार-पत्र दिया गया है। पहले अध्याय में 'बच्चों के लिए प्यार आवश्यक क्यों है?' विषय पर लिखते हुए उन्होंने प्रश्न उठाया है कि अधिकांश मातापिता अपनी दुनिया में इतने खोए रहते हैं कि उन्हें खुद इस बात का ज्ञान नहीं होता कि बच्चे को क्या चाहिए? केवल भौतिक सुख-सुविधाएँ देकर उन्हें लगता है कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर दिया। बच्चे के मन में बहुत सारे प्रश्न होते हैं, जिनका बच्चा समाधान चाहता है। यदि मातापिता दुलार से उसके प्रश्नों को उदाहरण दे-देकर समाधान करते, रहें तो बच्चा मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है। उनका कहना है कि विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्षों से जो परिणाम प्राप्त हुए, उनसे पता चलता है कि ह्यप्यार से वंचित बच्चों में शारीरिक विकास की गति मंद होती है। भाषा-विकास बाधित होता है और मानसिक योग्यता का भी विकास अवरुद्ध होता है। ऐसे बच्चे समाज के लोगों से दूर रहना चाहते हैं तथा आसानी से लोगों से घुलमिल नहीं पाते।' वह लिखती हैं कि आज स्थिति इतनी खराब हो चुकीं है बच्चों के बचपन को ही छीना जा रहा है। उनके अनुसार, मिशिगन यूनिवर्सिटी के सामाजिक शोध विभाग ने हाल ही में एक शोध कराया था, जिसमें कहा गया है कि बच्चों का जीवन स्कूल और घर दोनों जगह बड़ों के द्वारा बनाए गए नियमों में बंधा होता है। 'बच्चों को एक ऐसी दुनिया में ढकेला जा रहा है, जहाँ वह न तो अपनी मर्जी से हँस सकता है, और न ही अपनी मर्जी से बोल सकता है। उसके रोने पर भी पाबंदी है। मातापिता को यह बात अच्छी नहीं लगती कि उनका बच्चा किसी भी समय रोने लगता है।'

डा. मंजू देवी ने बच्चों को अपना शिकार बनाने वाले आन लाइन चल रहे कुछ वीडियो गेमों पर भी चर्चा की है। उन्होंने लिखा है कि ब्लू ह्वेल चैलेन्ज नामक गेम कई बच्चों की जान ले चुका है। इसी हत्यारे खेल को खेलने के चक्कर में फंसकर 26 सितम्बर 2017 को हरियाणा के पंचकूला में दसवीं के एक छात्र ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। उनके अनुसार लगभग दो दर्जन ऐसे देश हैं, जहाँ बच्चे इस खेल के शिकार हुए। वह बताती हैं, 'इस खेल को बनाने वाले पढ़ाई-लिखाई में नाकाम एक छात्र का कहना है कि समाज में तमाम लोग जैविक कचरा बन चुके हैं, जिनकी सफाई नितांत आवश्यक है।' हालाँकि, इस खेल का आविष्कारक आज जेल में बंद है, लेकिन सच यह है कि आजकल के बच्चे अकेलेपन और अवसाद के शिकार हैं, जो आसानी से ऐसे खेलों में फंस जाते हैं। इसलिए उनका निष्कर्ष है कि इसके विरुद्ध अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए समय निकालना होगा। 'बच्चों के साथ समय बिताना और उनके समीप रहना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।'

उनके दूसरे अध्याय का विषय 'बच्चे : अनमोल निधि' है। इसमें वह लिखती हैं कि 'थोड़े दिन पहले एक शोध में यह बात सामने आई कि बच्चे के सर पर प्यार से हाथ फेरना, उसे न केवल भावात्मक रूप से, बल्कि शारीरिक रूप से भी स्वस्थ रखता है। ऐसा करने से बच्चों को लगता है कि उनकी रक्षा के लिए कोई है।' वह आगे लिखती हैं कि 'आज अभिभावक बच्चों को टोकते रहते हैं कि अमुक काम करो या अमुक काम मत करो। बच्चे के अंदर जो क्षमता है, उसे वे आगे बढ़ने नहीं देते हैं। बच्चा स्कूल चला जाए, मातापिता यही सोचते रहते हैं। पर स्कूल में जाकर बच्चे ने क्या किया, इस बारे में सोचने की फुर्सत किसी के पास नहीं है। 'वह कहती हैं कि 'बच्चों की मुक्त कल्पना को नहीं रोकना चाहिए। बच्चों को सहज ज्ञान की आवश्यकता होती है। इस सहज ज्ञान का कोई तर्क नहीं होता है। बच्चे ऐसी अमूल्य निधि हैं, जिसे सहेजकर रखना जरूरी है, ऐसी स्थिति में उनमें कल्पना और वैज्ञानिकता दोनों का विकास होता है।' इस सन्दर्भ में वह बाल-मनोवैज्ञानिकों के हवाले कहती हैं कि 'आज बहुत ही छोटी उम्र में बच्चे अवसाद और अनिद्रा जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं। यह सोचने का विषय है कि क्यों उनका यह अमूल्य निधि बालक गुमसुम सा अकेले घर में बैठा रहता है और मातापिता यह समझ भी नहीं पाते कि बच्चों के साथ ऐसा क्यों हो रहा है? बच्चा क्या कहना चाहता है, क्या सोचता है, आखिर उसकी बातों को कौन सुनेगा?

तीसरा अध्याय 'वर्तमान समय में बच्चों की स्थिति' पर है, जिसमें डा. मंजू देवी ने बच्चों के पोषण, कुपोषण, शैक्षिक स्थिति, बाल-श्रम, बाल-अपराध और लापता होते बच्चों की समस्याओं पर विचार किया है। यह किताब का बहुत ही महत्वपूर्ण अध्याय है। बच्चों में पोषण की स्थिति पर वह लिखती हैं, 'भारत में जन्म के समय हर दस में से दो बच्चों का वजन ढाई किलोग्राम से कम है और प्रत्येक दस में से चार बच्चे कुपोषित हैं।' वह कहती हैं, 'पांच वर्ष से कम उम्र के आधे से अधिक बच्चों की मृत्यु का एक प्रमुख कारण मातृत्व एवं शिशु-कुपोषण है।' उनके अनुसार, इस मृत्यु-दर को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता सेवाओं को लागू करके कम किया जा सकता है। वह 2012 के आंकड़ों के आधार पर बताती हैं कि 'उत्तर प्रदेश में तीन साल से कम उम्र वाले 75 लाख बच्चे कम वजन वाले, 93 लाख बौने और 35 लाख बच्चे सूखा रोग से ग्रस्त हैं। इसके अलावा 12.6 लाख बच्चे तीव्र कुपोषण से पीड़ित हैं। इनमें इन तीव्र कुपोषण के शिकार बच्चों की मृत्यु की सम्भावना नौ गुना अधिक होती है।' शैक्षणिक स्थिति के संबंध में डा. मंजू देवी का कहना है कि जनगणना 2011 के अनुसार भारत में चार बच्चों में से एक बच्चा स्कूल नहीं जाता है तथा कुल 99 मिलियन बच्चे स्कूल छोड़ देते हैं। और जिला शिक्षा सूचना प्रणाली 2014-15 की रिपोर्ट के मुताबिक सौ में से केवल 32 बच्चे ही अपनी सही उम्र में स्कूली शिक्षा पूरी कर पाते हैं। इसी तरह उन्होंने बाल श्रमिकों का प्रश्न भी उठाया है। वह लिखती हैं कि भारत के बाल-श्रम प्रतिबंध कानून के तहत चौदह साल से कम उम्र के बच्चों से श्रमिक के रूप में काम लेना दंडनीय अपराध है, जिसमें दो साल की कैद और पचास हजार रुपए तक के जुमार्ने का प्रावधान है, परन्तु इसके बावजूद भारत में करोड़ों बच्चे श्रमिक के रूप में काम करते हैं। उनके अनुसार सबसे ज्यादा बाल-श्रमिक उत्तर प्रदेश में हैं। हालाँकि इस बाल-श्रम का प्रमुख कारण गरीबी है, पर उनके अनुसार एक बड़ा कारण यह भी कि 'छोटे बच्चों को काम पर रखने के पीछे यह स्वार्थ होता है कि बाल-श्रम सस्ता होता है, वे कम जगह में काम कर लेते हैं, और वे असंगठित होते हैं। बाल अपराध भी एक गम्भीर समस्या है। वह लिखती हैं कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार नावालिगों द्वारा किए जाने वाले अपराध कुल अपराध का एक प्रतिशत है। तीन साल पूर्व के लगभग पैतालिस हजार बाल अपराधों में लगभग तीस हजार अपराध 16 से 18 साल की उम्र के बच्चों द्वारा किए गए थे। 2017 में राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि किशोर अपराध में पिछले पांच सालों में 47 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इन बाल अपराधों में चोरी, डकैती, कत्ल और बलात्कार जैसी घटनाएँ प्रमुख रूप से हैं। न जाने कितने प्रतिशत बच्चे रेलवे प्लेटफार्मों पर रहते हैं और विभिन्न अपराधों में लिप्त हैं। इस अध्याय के अंत में उन्होंने लापता होते बच्चों के सवाल को भी पूरी शिद्दत से उठाया है।

बच्चों की मासूमियत कहीं खो न जाए, बच्चों की जिंदगी में बड़ों का हस्तक्षेप, प्यार देने में बेटे-बेटी में भेदभाव क्यों?, प्यार के अभाव में बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति, बच्चों को प्यार दें का छतरी माडल, प्यार नहीं मिलने पर बच्चों पर पड़ने वाला दुष्प्रभाव, स्कूलों में बच्चों की देखभाल और उन्हें मिलने वाला प्यार, बच्चों के विकास हेतु सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रयास, बच्चों के सम्यक विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव एवं संस्तुतियां विषयक उनके अगले अध्याय हैं, जो अत्यंत ज्ञान-वर्धक और प्रेरणादायी हैं। अंत में, लेखिका ने एक परिशिष्ट में 20 नवंबर 1989 को बच्चों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित घोषणा-पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें बच्चों के संबंध में 54 अनुच्छेद हैं। लेखिका ने लिखा है कि ह्ययह समझते हुए कि विश्व के सभी देशों में अत्यंत कठिन परिस्थितियों में अनेक बच्चे रह रहे हैं और इन पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है, बच्चों के संरक्षण और सुसंगत विकास के लिए प्रत्येक राष्ट्र की परम्पराओं और सांस्कृतिक मूल्यों का पूरा ध्यान रखते हुए प्रत्येक देश में, खास तौर से विकासशील देशों में, बच्चों के जीने की स्थितियों में सुधार के काम में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व को समझते हुए अनेक देश इस घोषणा-पत्र पर सहमत हुए।'

डा. मंजू देवी ने घोषणा-पत्र के सभी 54 अनुच्छेदों को प्रस्तुत किया है। कुछ का उल्लेख करना यहाँ जरूरी है। यथा–

अनुच्छेद 2 में कहा गया है : 'इस समझौते में शामिल देश अपने अधिकार क्षेत्र में प्रत्येक बच्चे के लिए, बच्चे अथवा उसके मातापिता अथवा कानूनी अभिभावक की जाति, वर्ण, लिंग, भाषा, धर्म, राजनीतिक तथा अन्य विचार, राष्ट्रीय, जातीय अथवा सामाजिक उदगम, संपत्ति, विकलांगता, जन्म और हैसियत के किसी भी भेदभाव के बिना इस समझौते में प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करेंगे और इन्हें सुनिश्चित करने के सभी उचित उपाय करेंगे कि बच्चे के मातापिता, कानूनी अभिभावकों अथवा परिवार जनों की हैसियत, गतिविधियों, व्यक्त विचारों अथवा विश्वासों के कारण बच्चे को किसी भी प्रकार का भेदभाव या दंड न झेलना पड़े।ह्य

अनुच्छेद 20 में कहा गया है, 'अगर कोई बच्चा अस्थाई अथवा स्थाई रूप से अपने पारिवारिक वातावरण से वंचित है, अथवा उसी के सर्वोत्तम हित में उसे अपने पारिवारिक वातावरण में भेजना उचित नहीं है, तो ऐसी स्थिति में वह बच्चा सरकार की ओर से विशेष संरक्षण और सहायता पाने का अधिकारी होगा।'

अनुच्छेद 23 में कहा गया है कि समझौते में शामिल देश यह सुनिश्चित करेंगे कि मानसिक अथवा शारीरिक रूप से विकलांग बच्चे को पूर्ण और अच्छी जिंदगी जीनी चाहिए और इस जिंदगी में गरिमा सुनिश्चित होनी चाहिए।

अनुच्छेद 28 में उल्लेख है कि समझौते में शामिल देश बच्चों के शिक्षा के अधिकार को मान्यता देंगे और समान अवसर के आधार पर इस अधिकार को उपलब्ध कराने में निरंतर प्रगति के लिए प्राथमिक, सामान्य और व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य बनाकर सभी बच्चों को निशुल्क उपलब्ध करायेंगे।

अनुच्छेद 30 में यह प्रावधान है कि जिन देशों में जातीय अथवा भाषाई अल्पसंख्यक और आदिम निवासी रहते हैं, वहाँ उनके बच्चों को अपने धर्म के बारे में बताने या उसे मानने अथवा अपनी भाषा का प्रयोग करने के अधिकार से वंचित नही किया जायेगा।

अंत में भारत की वचनबद्धता को दर्शाया गया है। यथा– भारत राज्य विशेष रूप से, अपनी नीति को इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए निर्देशित करेगा–

- कि श्रमिकों, पुरुषों और महिलाओं और सुकुमार उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य और शक्ति के साथ दुर्व्यवहार नहीं होगा और आर्थिक आवश्यकता के कारण नागरिकों द्वारा ऐसे व्यवसाय करने को बाध्य नहीं किया जाएगा, जो उनकी आयु अथवा शक्ति के अनुकूल नहीं है;
- कि बच्चों को स्वस्थ तरीके और स्वाधीनता तथा गरिमापूर्ण परिस्थितियों में विकास करने के अवसर दिए जायेंगे और बचपन तथा यौवन को संरक्षण मिलेगा, ताकि उनका शोषण और नैतिक तथा भौतिक परित्याग न होने पाए।

**(लेखक दलित साहित्य में अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं, संपर्क. 09412871013.)**

# 'कविता कभी खत्म नही होती'

## जाता हुआ समय



**कौशल किशोर**

## काव्य परिदृश्य - 2022

2022 में जिस बड़े पैमाने पर कृतियां प्रकाशित हुई हैं, उसे देखकर कहा जा सकता है कि कोरोना संक्रमण का जो प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था, उससे साहित्य समाज बाहर निकल आया है। वैसे इस महामारी के दौर को साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं में बखूबी दर्ज किया। न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन के 'समकाल की आवाज' सीरीज का आरम्भ 2021 में हुआ था। इसके तहत 18 कवियों के 'चयनित कविताएं' शीर्षक से संकलन आए। परन्तु वर्ष 2022 में तो इस प्रकाशन संस्थान ने इतिहास ही बना दिया। प्रेमचंद जयंती 31 जुलाई के दिन इसके द्वारा 21 कवियों के कविता संकलन का सीरीज जारी किया गया। इसमें स्वप्निल श्रीवास्तव, शैलेन्द्र शांत, महेन्द्र नेह, गीता गैरोला, असंग घोष, कुमार मुकुल, रमेश प्रजापति, कमलजीत चौधरी, मणि मोहन, केशव तिवारी, डॉ कर्मानन्द आर्य, शरद कोकास आदि शामिल हैं। 'चयनित कविताएं' का दूसरा खण्ड भी 2022 के अंत होते-होते जारी हुआ। इसमें जीवन सिंह, उद्भ्रांत, मिथिलेश श्रीवास्तव, सुभाष राय, डी एम मिश्र, बलभद्र, कैलाश मनहर, मनोज शर्मा, प्रतिभा कटियार, राजकिशोर राजन, विजय सिंह, मालिनी गौतम, अग्निशेखर सहित पच्चीस कवि शामिल हैं। इस तरह एक वर्ष के भीतर 46 कवियों के संकलन को प्रकाशित करना साहसिक काम तो है ही, उसके साथ कविता पर भरोसा जताना भी है। जैसा कि प्रकाशकीय वक्तव्य में कहा गया है ह्यजब भी मनुष्यता पर संकट आया, समकालीन कविताएं मनुष्यता को बचाने के लिए सबसे पहले सामने आती हैं।.....समकाल की आवाज उसी आवाज को कहा जा सकता है जो अपने समय और समाज को सही रूप में प्रतिबिम्बित के साथ-साथ उसे आगे की ओर ले जाती हो।'

कोरोना के संक्रमण के दौरान हमने अनेक कवियों-रचनाकारों को खोया है। कवयित्री शुक्ला चौधुरी उन्हीं में रही हैं। वे संक्रमित हुई और 23 मई 2021 को उनका निधन हुआ। शुक्ला चौधुरी की कविताओं का पहला संग्रह है 'अनछुआ रह गया आकाश'। सोचता हूँ आज होतीं और अपने कविता संग्रह को देखती तो उनकी कैसी प्रतिक्रिया होती। किसी के जीवन में उसकी कविताओं की पहली किताब का आना किसी नवागंतुक से कम नहीं होता है। संग्रह की शुरूआत 'घर' शीर्षक से तीन कविताओं से होता है। इसमें 'घर' की कई छवियाँ हैं। पहली कविता में कहती हैः 'नाम के भरम में/मत पड़ जाना/यहाँ संगमरमर वाली बात/नहीं है कहीं/दरवाजे पर टांगकर/रखा हुआ है प्रेम/जिसका एक सिरा पकड़ कर/अंदर आ जाना'। उनकी कविताओं का आरंभ यहीं से होता है। प्रेम, प्रेम और प्रेम। यह मनुष्यता के रंग में रंगा है।

वरिष्ठ कवि जवाहरलाल जलज का दूसरा संकलन 'रहूंगा तब तक इसी लोक में' आया। इनकी कविताओं में लोक की पीड़ा है। इसमें प्रतिरोध का स्वर है। इनकी विशेषता है कि ये अपने प्रतिरोध को नारा नहीं बनने देते। इसकी विस्तृत भूमिका कवि और आलोचक भरत प्रसाद ने लिखी है।

दिविक रमेश उन गिने-चुने रचनाकारों में हैं जिन्होंने साहित्य की कई विधाओं में सृजन किया है। कविता, अनुवाद, आलोचना के अतिरिक्त उन्होंने बच्चों के लिए कविता, कहानी व नाटक लिखे हैं, विदेशी साहित्य से अनुवाद किये हैं। 2021 में 'पचास कविताएं: कुछ चहेती मेरी भी' शीर्षक से काव्य संग्रह आया, वहीं इस साल ह्यकवि के मन सेह्व आया जिसका प्रकाशन इंडिया नेटबुक्स ने किया। इसमें कवि दिविक रमेश द्वारा चयनित कविताएं हैं। वे 75 के पार है पर आज भी उनकी सृतनात्मक सक्रियता बेमिसाल है। वे मानव प्रेम की बेहद आत्मीय व स्नेहिल दुनिया रचते हैं।

सेतु प्रकाशन ने भी अनेक कविता संकलन प्रकाशित किए हैं। स्वप्निल श्रीवास्तव का 'घाड़ी में समय' और सुभाष राय का 'मूर्तियों के जंगल में' खासा चर्चित रहा है। ये कवि अपने समय की चुनौतियों से लगातार टकराते हैं। रुख प्रकाशन ने पंकज चतुवेर्दी का चौथा काव्य संकलन प्रकाशित किया है। इनकी कविताओं पर टिप्पणी करते हुए प्रियदर्शन कहते हैं कि पंकज चतुवेर्दी ऐसी काव्य-भाषा गढ़ने में कामयाब होते हैं जिसमें व्यंग्य का तीखापन भी है, विचार की गहराई भी। सेतु प्रकाशन से मोहन कुमार डहेरिया का पांचवां कविता संग्रह 'चरण कमलों के दौर में' आया। युवा कवि पंकज चौधरी का कविता संग्रह है 'किस-किस से लड़ोगे' भी यहीं से आया। इसने पाठकों का ध्यान आकर्षित किया। इनकी कविताएं सामाजिक वर्जनाओं, विडंबनाओं, विसंगतियों और इस व्यवस्था की क्रूर और नग्न हकीकत से रूबरू कराती हैं। ये राजनीतिक से अधिक सामाजिक और सांस्कृतिक हैं। पंकज चौधरी की कविताएं वर्णाश्रमी व्यवस्था की परतों को खोलती हैं। इनमें व्यक्त यथार्थ बहुतों के लिए सुपाच्य नहीं है। साहित्य का भद्रलोक या अभिजन समाज इसे कलाविहीन मानते हुए दरकिनार भी कर सकता है। लेकिन इसे नकारा नहीं जा सकता है।

राकेशरेणु का तीसरा कविता संग्रह है 'नए मगध में' जो अनुज्ञा बुक्स से आया है। यह अतीत की गाथा नहीं है बल्कि हमारे समय की महागाथा है जिसे राकेशरेणु ने पूरे त्वरण और भावावेग से रचा है। इतिहास वर्तमान में प्रवेश करता है। इसके संदर्भ, यथार्थ और ट्रीटमेंट में नवीनता है। यह 'अशोक की मूल्य चेतना, चंद्रगुप्त मौर्य की शौर्य गाथाएं व चाणक्य की नीतियों के' पुराने पड़ जाने और नए घटोत्कच के उदय की कथा है। इस मगध में मुसोलिनी भी है। फिर समझा जा सकता है इस मगध के चरित्र को। 2022 में जो संग्रह आये हैं, उनमें यह महत्वपूर्ण है।

अजय सिंह अपनी सत्ता विरोधी राजनीतिक कविताओं के लिए जाने जाते हैं। उनका दूसरा कविता संग्रह गुलमोहर किताब से आया है। शीर्षक है 'यह स्मृति को बचाने का वक्त है'। इनकी कविता की दुनिया प्रेम, सुन्दरता, राजनीति और क्रान्ति से मिलकर बनती है। रंजीत वर्मा का नया संकलन 'यह रक्त भरा समय है' भी साल बीतते आया। इसे परिकल्पना ने छापा है। इनकी कविताएं क्रूर, हिंसक और अलोकताांत्रिक होती व्यवस्था की सच्चाई को सामने लाती है जिसमें हत्यारे-बलात्कारी सम्मानित-प्रतिष्ठित होते हैं और वरवर राव जैसे कवि को जेल की सींखचों में बंद किया जाता है।

2022 के आरम्भ में बोधि प्रकाशन से युवा कवयित्री अनुराधा ओस का संकलन आया 'वर्जित इच्छाओं की सड़क'। वहीं, उर्मिल मोंगा की कविताओं का संग्रह 'लड़ना है न्याय युद्ध' संभव प्रकाशन से आया। जहां अनुराध ओस की कविता में स्त्री जीवन की अनुभूतियां हैं, वहीं उर्मिल मोंगा का इस बात पर जोर है कि औरतों की लड़ाई उनकी स्वयं की लड़ाई है। संभव प्रकाशन से ही पंजाबी कवि हरिभजन सिंह रेणु का संकलन 'एंटीने पर बैठी सोन चिड़ी' आया। पंजाबी से हिन्दी अनुवाद उर्मिल मोंगा और पुरूषोत्तम शास्त्री ने किया है। अमरजीत कौंके पंजाबी और हिन्दी साहित्य के बीच सेतु हैं। उनका नया संग्रह 'आकाश के पन्ने पर' प्रतीक पब्लिकेशन से आया।


2022 में अनेक साझा संकलन भी आए। किसान आंदोलन को लेकर पिछले दिनों ढ़ेर सारी कविताएं लिखी गईं। नीरज कुमार मिश्र और अमरजीत कौंके के संपादन में किसान जीवन और संघर्ष पर लिखी 134 कवियों की कविताओं का संकलन 'कविता में किसान' शीर्षक से आया। कवि व गीतकार शिव कुमार पराग के संपादन में होली व वसंत के गीतों और कविवताओं का संकलन 'उड़त गुलाब' शीर्षक से आया। युवा कवि प्रद्युम्न कुमार सिंह के संपादन में साझा संकलन 'खुशबू की तलाश में गुलमोहर' आया। इसमें 16 समकालीन कवियों की कविताएं शामिल है। न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन ने 'कोठिल' नाम से हिन्दी और उसका भोजपुरी अनुवाद प्रकाशित किया है। इसमें 52 कवियों की कविताएं हैं। हिन्दी से भोजपुरी अनुवाद जगदीश नलिन ने किया है।

2022 में देवेन्द्र आर्य के दो संकलन आए। कविता की किताब 'रंगायो जोगी कपड़ा' तथा गजल संग्रह ह्यमन कबीरह्व आया। धर्मेंद्र कटियार का गजल संग्रह 'शहर के वास्ते' भी इसी साल आया। प्रवीण परिमल के दो संकलन आए। वे हैं 'प्रेम का रंग नीला' और 'जंगल से लौटकर'। कवि-उपन्यासकार वीरेन्द्र सारंग का पांचवा कविता संग्रह 'कथा का पृष्ठ' भारतीय ज्ञानपीठ से आया। कैलाश मनहर का संग्रह 'उतरते इक्कीस के दो महीने', मुकेश प्रत्युष का 'हाशिए के लिए जगह', जनेश्वर का 'रोशनी की तरेड़', रवि खण्डेलवाल का 'उजास की एक किरण', मुकेश कुमार सिन्हा का '...है न!', अजय गुप्ता की मानव काव्य-गाथा 'पल की यात्रा', पीयूष सिंह का काव्य संग्रह 'रंग महसूस होते हैं' इस साल आए। कहा जा सकता है कि 2022 का वर्ष साहित्य की दृष्टि से काफी उत्पादक और सृजनात्मक रहा है। सैकड़ों की संख्या में नहीं हजारों की संख्या में काव्य-कृतियां आई हैं। उनके विविध स्वर हैं।

**एफ - 3144, राजाजीपुरम, लखनऊ - 226017**
**मोबाइल - 8400208031**


## कोई नदी निकट है क्या

कलकल ध्वनि सुनने का मन है,/ कोई नदी निकट है क्या?
ताल ढूँढती बत्तख जैसा /आजीवन बेचैन रहा,/सूर्य देखने को उतावला/ यह मन सारी रैन रहा/ मन के पारावार! बता तू,/पीड़ा का भी तट है क्या?
बर्फ हुआ है निर्झर मन का,/ अगर बहे तो अच्छा है/ एक झिलमिलाहट है अन्दर,/ बची रहे तो अच्छा है/ चेहरा कागज-सा सिकुड़ा है/ यह जीवन सिलवट है क्या?
हर यकीन को किर्च बनाकर/ आँखों को बीहड़ करके/ बोलो तुम्हें हुआ क्या हासिल /झीलों को कंकड़ करके?/ हर अलाव है ढँका राख से,/ देखो कहीं लपट है क्या?
तिनके-सी हर फिक्र उड़ा दें,/ हर दुखड़े को फूस करें/ है गुलाब-सी उम्र, जिसे हम/ तितली-सा महसूस करें/ जाना है अनजान सफर पर,/ यारो! पास टिकट है क्या?



**- सत्येन्द्र कुमार रघुवंशी**

## व्यंग्य



## नए साल में सवाल ही सवाल !

**अनूप श्रीवास्तव**

एक और नया साल ! कुछ नई उम्मीदें और बहुत सारे संकल्प !!आगत का स्वागत । ढेर सारी आकांक्षाएं । कुछ नया ,ढेर सारा पुराना । नए साल का टेंडर करने के लिए अलग अलग पार्टियों के वेंडर कतार में खड़े हैं । हाँ इसी नए साल में पंचसाला टेंडर भी भरे जाने हैं इसलिए कदम कदम पर जोड़ तोड़ और सवाल पर सवाल हैं।

हाँ , इस नए साल में कुछ नए टेंडर पाने की जमीन पिछले साल तैयार हुई थी जिस पर पूरी तरह काम होना बाकी है। लोकतंत्र में 'छुपेरुस्तम'प्रहरियों के कुछ टेंडर पिछले साल खोले गए थे । छुपे रुस्तमों द्वारा टेंडर की नई जमीन भी तैयार की गई थी। उनकी यशगाथायें आगे चलकर नए रुस्तमो को प्रेरणा देने का काम करेंगी ।इसीलिए कि हम परम्परावादी हैं । हमारी परम्पराएं मूल्यवान हैं ।हम मूल्यहीन प्रश्नों और तर्कहीन जवाबों पर विश्वास नहीं रखते । हर प्रश्न की अपनी कीमत है। जनहित मे उसे प्रस्तुत किये जाने पर और भी कीमती हो जाता है । बाहर तो 'लॉबिंग' पर सरकार बाकायदा टैक्स वसूलती है ।जनता उसे वजनी मानती है।

हमी हैं जो अपने ढोल की पोल से परेशान हैं । बिना पोल के ढोल किस काम का ? न मढ़ने में न बजने में । ऐसे ढोल से क्या फायदा ? यह भी कोई बात हुई कि जिसके पास ढोल दिखाई दिए उसी के गले मढ दिए गए। अब भला कौन समझाए कि नाचने के लिए आंगन का टेढ़ा होना जरूरी है । अगर नाचने के लिए कुछ लोगों ने अपना आंगन टेढ़ा कर भी लिया तो इतना हाय तौबा क्यों ?

नए साल में टेंडरों की फेहरिश्त भी काफी लंबी है । नटवर त्रिभंगी मुद्रा में हैं । उमा ताल बेताल हैं ।इक्कीसवीं सदी ने जितना कुछ निगला है उसे पचाने की भी कशमकश है। तभी 2024 का आम चुनाव नए साल की दहलीज पर गहरी परछाइयां लेकर खड़ा है । ऐसे में दूर के ढोल की तरह दूर के देवता भी अपने को सुहावना बता रहे हैं ।

देश मे गरीबी पांव पसारे पड़ी है ।भुखमरी के यत्र तंत्र दंश हैं ।अशिक्षा से हमारी जुगलबंदी है । हमे बेरोजगारी भाती है क्योंकि हम महा आलसी हैं । वैसे हमारे यहां भारत जोड़ो यात्रा ने बड़ो बड़ो की नाक में दम कर रखा है। हमारे आगे पीछे सिर्फ चुनाव की ही बातें है ।यह दीगर बात है कि आजादी के पचहत्तर साल बीत जाने के बाद भी हमारा चुनाव आज भी मुंह बाए खड़ा है। चुनावी ढोल हमेशा मुंह बाए खड़ा रहता है। अगर राजनीतिक दलों का जिक्र न भी करें तो भी हमारे यहां बजरंगदल है। विश्व हिंदू परिषद है । दुर्गा वाहिनी है ।इस्लामिक संगठन हैं । क्रिश्चियन सोसाइटी है । नव बौद्ध दलित संगठन हैं । पार्टियां छोटी हैं फ्रेम बड़े हैं । इनके पांव पीछे की ओर हैं । देखते आगे चलते पीछे हैं । हम रोशनी की जगह अंधेरा बांट रहे हैं । स्कूल हैं तो विद्यार्थी गायब हैं । दोनो हैं तो स्कूल गायब है । पीपल की घनी छांव में शिक्षा पैर पसारे पड़ी है । नए साल में कहां टेंडर पड़ेंगे ? सबकी आंखों के आगे यही सवाल है । जो बीत गया वह तो बवाल था अब तो कहने को हमारे कंधों पर नया दुशाला डाले नया साल है ।

जिस प्रकार आत्मा अपने पुराने शरीर को त्याग कर नए शरीर मे लांच हो जाती है,ठीक उसी तरह पुराना साल आउटडेटेड होकर नया साल धारण कर लेता है । नया साल हर साल जन्म लेता है । विश्व मे मनुष्यों, पशुओं सहित सभी जीवधारियों की प्रजातियों की आबादी के बाद सबसे ज्यादा आबादी नए सालों की है ।

कहने को हर साल नया साल बीर बहूटियों की तरह सज धज कर आता है। जाते साल को हम ठीक से टाटा भी नहीं कर पाते हैं कि नया साल नए आगंतुक की तरह हमारे गले पड़ जाता है । यही क्या कम है कि पुराने साल की रवानगी और नए साल की आमद साल दर साल हम आधी रात को दर्ज करने की परंपरा पूरी अंग्रेजियत से मना लेते हैं और अपने फागुन को याद तक नहीं करते । दिन दहाड़े तो हम सिर्फ अप्रैल फूल मनाते हैं । नए साल की दस्तक होते ही पुराना साल बेगाने रेलयात्री की तरह प्लेटफॉर्म आते ही मुंह फेर कर बिना टाटा किये उतर जाता है ।पहले नए साल का मतलब नया कैलेंडर डायरी और बड़े लोगो मे 'डाली' पहुंचाई जाती थी । लेकिन जब से मोबाइल आया कलाई से घड़ी उतर गई दीवारों से कैलेंडर का मोह खत्म हो गया ।

अब नए साल की अगवानी का मतलब ढूढना मुश्किल हो रहा है । अधिकांश सरकारी अधिकारियों ,कर्मचारियों की वेतन बढोत्तरी नए साल में हो जाती है ।इंक्रीमेंट लग जाता है । खरगोश की गति से चल रहे तमाम विकास कार्यों को कछुए की गति से पूरा करने के संकल्प लिए जाते हैं क्योंकि इन्हें पता है कि अंततः जीत कछुए की ही होती है । डॉक्टर नए नए नर्सिंग होमो में नए पैकेज के साथ गरीबों की सेवा करने का संकल्प लेते हैं । अब गरीब अपनी टेंट मजबूत न हो पाने के चलते नर्सिंग होम न जा पाए तो यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है । सरकार जाने,गरीब जाने या उसकी तकदीर जाने । इंजीनियर नए नए ओवर ब्रिजों की संस्तुति की खबर अखबारों में ढूढते हैं और सम्बन्धों के नए नए ब्रिज राजनीतिक गलियारों में बनाने के लिए संकल्प लेते हैं । व्यापारी पिछली दीवाली से पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने और जीएसटी घटाने की कामना शुरू कर देते हैं ताकि मंहगाई के झूले के साथ उनका मुनाफा नए साल में और कुलांचे भरे नेताओं के लिए नया साल निगेटिव शेड्स लेकर आता है । पांच साल के लिए सत्ता की दहलीज पर खड़े लोगों को लगता है कि शाही जिंदगी कोहरे की अरदब में आ गयी है । इसलिए वे भी नई नई विकास योजनाओं को जल्दी जल्दी निपटने में लग जाते हैं । धन आवंटन और मन आवंटन दो अलग अलग चीजें हैं क्योंकि लोकतंत्र में नोट और वोट दोनो जरूरी है ।इसलिए नया साल मनाना हमारे लिए जरूरी है और मजबूरी है ।

'बेगर्स हैव नो च्वाइस' नया साल हमें बख्शीश में मिला है । जो तोहफा हमें मुगल शासक नहीं दे सके थे वे हमारे गौरांग प्रभु बख्शीश में दे गए थे । हम जैसे स्वतंत्रता दिवस मनाकर अपनी नई पीढ़ी को जताते हैं कि हम कभी गुलाम थे ठीक उसी तरह से नया साल मनाकर हम कभी दी गयी बख्शीश को भी याद कर लेते हैं ।इस तरह से नया साल हमारे हर तीज त्योहार पर भारी पड़ जाता है । नए साल में यह कहना मुश्किल है कि वह हमें किस घाट उतरेगा ? जो घाट घाट का पानी पिये हुए हैं हो सकता है वे न घर के रहे न घाट के ।और जो घाट पर खड़े हैं नए साल में छलांगे लगाते नजर आये । भैये ! नया साल किसी को पदस्थ करेगा किसी को अपदस्थ करेगा । क्या पता ? नए साल से हमारी सिर्फ इतनी फरियाद है कि वह यह न भूले कि कल तक हम वर्तमान थे आज अतीत हैं सिर्फ याद हैं ।

**(सी पी 5,सेक्टर सी,पत्रकार कालोनी,लखनू, संपर्क 9335276946)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# आयुष्मान कार्ड से मिलने वाली सुविधाओं पर बल

**बैठक**

### आयुष्मान कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, आशाओं का समय पर भुगतान, अन्य बिन्दुओं पर हुई समीक्षा



स्वास्थ्य समिति की बैठक को सम्बोधित करते डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास खण्ड रामपुर के सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड, दवाओं की उपलब्धता, हेल्थ वेलनेस सेण्टर, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, जननी सुरक्षा योजना, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा किया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी बैठक के एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पीएचसी पर चिकित्सक बैठे।

बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान गोल्डेन कार्ड के अन्तर्गत आने वाली बीमारियों के प्रकारों तथा सन्दर्भित लाभार्थियों को मिलने वाले सुविधाओं पर बल दिया। उन्होंने आयुष्मान गोल्डन कार्ड योजना के अंतर्गत श्रमिक कार्ड धारकों के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों एवं अंत्योदय कार्ड धारकों के लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए, जिससे कि वह अपनी गंभीर बीमारियों के इलाज हेतु 5 लाख तक का इलाज सरकारी एवं सम्बद्ध किये गए प्राइवेट अस्पताल में सुविधा प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी ने डीएसओ को निर्देश दिया कि कोटेदारों से प्रतिदिन मोनिटरिंग करें और अधिक से अधिक लोगों का गोल्डेन कार्ड बनाया जाए। गर्भवती महिलाओं की समय से समस्त जांच कराकर संस्थागत एवं सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराए जाने हेतु आशा एवं एएनएम को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहाँ-जहाँ डिलीवरी कम हुई है आशा एनएम और सुपरवाइजर की जिम्मेदारी तय की जाय। उन्होंने बैठक में मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाए जाने तथा टीकाकरण को पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। आशाओं के प्रशिक्षण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जल्द जल्द प्रशिक्षण कराकर अवगत कराएं अन्यथा कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। टेण्डर प्रकिया में किसी प्रकार लेट लतीफी बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने बाल स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। चिकित्सालयों में ओपीडी प्रगति, आयुष्मान भारत-पीएम जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड वितरण, उसके सापेक्ष उपचारित लाभार्थियों की अद्यतन स्थिति, जन्म पंजीकरण, जननी सुरक्षा योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय दृष्टिहीनता निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग, न्यूबॉर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की व जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. लक्ष्मी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं लाल बहादुर, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आरडी यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरबी सिंह सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रेलवे फाटक बंद रहने से नाराज ग्रामीण आमरण-अनशन पर बैठे



रेलवे फाटक के किनारे आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीण

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बिठुआ कला रेलवे फाटक किनारे शुक्रवार की सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आमरण-अनशन पर दर्जनों ग्रामीण बैठ गए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि 23/एसी बिठुआ कला रेलवे फाटक 23 दिसंबर से अधिकांश बंद रहता है। जिसको लेकर हजारों ग्रामीण, किसान, छात्र-छात्राओं को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि उक्त सम्बन्ध में पूर्व में श्रीकृष्णा नगर रेलवे स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन भी दिया जा चुका है कि पूर्व की भांति उक्त रेलवे फाटक को समय-समय पर बंद किया जाए और खोला जाए। जबकि रेलवे विभाग उक्त फाटक को ट्रैफिक के अनुसार संचालित करना चाहता है और हम ग्रामीणों की मांग पर कोई अमल नहीं कर रहा है जिसको लेकर विवेक यादव की अध्यक्षता में दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने अनिश्चितकालीन आमरण-अनशन पर बैठे हैं जिसमें राजेश बिंद, ओमप्रकाश गुप्ता, विकास मिश्रा, राजीव यादव, प्रेमचंद बिंद, पंचमराम सरोज, अरबाज खान, पुनीत तिवारी सहित आदि लोग रहे।

# स्टेट बैंक के बगल में बजबजा रहा नाला, जिम्मेदार बेखबर



**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के सरायबीरू रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाले रोड के किनारे बना नाला बजबजा रहा है। राहगीर समेत दुकानदारों ने डेंगू समेत अन्य घातक वीमारियों को लेकर लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है।

गौरतलब हो कि रेलवे स्टेशन रोड पर स्थिति स्टेट बैंक के ठीक बगल में एक नाला निकला है जो मरम्मत के अभाव में पूरी तरह से पटने के कगार पर है।

**दुकानदारों में डेंगू समेत अन्य वीमारियों को लेकर दहशत का माहौल**

बरसात के दिनों की तो बात छोड़िए इस नाले हर रोज बजबजाते गंदे पानी को देखा जा सकता है जबकि इसी रोड से होकर अधिकारी व कर्मचारी ब्लॉक पर जाते है मगर नाले में बह रहे गंदे पानी को देख नजरंदाज कर निकल जाते हैं। नाले से सटे दुकानदारों को गंदे पानी से होकर हर रोज आना जाना होता है और शाम होते ही गंदे पानी की वजह से दुकानों में मच्छरों का आवागमन बना रहता है जिसको लेकर दुकानदारों में डेंगू समेत अन्य घातक वीमारियों को लेकर दहशत का माहौल व्याप्त है जबकि बरसात से पहले नालों की साफ सफाई कराने को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहता है मगर इसे दुर्भाग्य ही कहा जाय की बरसात के दिनों की बात तो छोड़िए अब तक इस नाले की सुधि लेने की आवश्यकता ग्राम प्रधान ने ली और न सचिव ही ने ली। बहरहाल कब और कैसे इस नाले की मरम्मत कराई जाएगी ये तो जिम्मेदार ही तय करेंगे।

## शिक्षण संस्थानों में हुआ शोक सभा का आयोजन

**सुइथाकला।** देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की माँ हीराबेन के निधन की खबर पर शुक्रवार को क्षेत्र के कई शिक्षण संस्थानों में शोकसभा का आयोजन किया गया। दिवगंत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस कड़ी में शुक्रवार को जहाँ क्षेत्र के श्री गाँधी स्मारक इण्टर कालेज समोधपुर व शान्ति निकेतन पूर्व माध्यमिक विद्यालय सारी जहाँगीर पट्टी में आठवें कालांश में क्रमशः प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह व प्रधानाध्यापक महेश दूबे की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजन किया गया वहीं बाल संरचना संस्थान इण्टरमीडिएट कालेज लालापुर में प्रधानाचार्य सन्तोष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में चतुर्थ कालांश के बाद शोक सभा का आयोजन कर संस्थान को बन्द कर दिया गया। ऊँचगाँव स्थित एसबीडी गुरूकुल महाविद्यालय में प्रबन्धक व प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चन्द तिवारी की अध्यक्षता में शोकसभा कर मृतक के प्रति श्रद्धांजली प्रदान की गई। इस दौरान दिवगंत आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान शिक्षण कर्मियों समेत छात्र छात्राएं मौजूद रही।

# मैजिक-ट्रक की टक्कर में महिला सहित पांच घायल

जनसंदेश न्यूज



टक्कर के बाद मैजिक हो गई क्षतिग्रस्त

**जलालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के असबरनपुर गांव के सामने शुक्रवार की भोर में ट्रक एवं मैजिक के आमने-सामने भिड़ंत में मैजिक सवार पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को 108 द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहटी ले आए जहां पर डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन की गम्भीरावस्था को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार आल्हा राजभर निवासी करखियाव फूलपुर वाराणसी अपने परिजनों के साथ वाराणसी में स्थिति रिश्तेदारी में दुआर करने गया था। जब वह भोर में अपने घर वापस आ रहा था तो असबरनपुर गांव के सामने वह उल्टी दिशा में मैजिक लेकर आ रहा था जिससे वह सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया जिसे मैजिक में सवार आल्हा राजभर 32 वर्ष, रीना 30 वर्ष, सीमा 28 वर्ष, चंद्रकला 45 वर्ष, अन्शू 7 वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गये।

सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहटी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों की टीम ने आल्हा राजभर रीना तथा अंशु की गंभीरावस्था को देखते हुए डाक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं ट्रक चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया।

## संक्षेप

### दो स्कूली बसों की टक्कर में आठ घायल

**चंदवक।** मोढ़ैला-थानागद्दी मार्ग पर भैंसा गांव के सामने घने कोहरे के कारण दो स्कूली बसों के आमने सामने हुईं टक्कर में चालक सहित सात शिक्षक घायल हो गये। थाना क्षेत्र के भैंसा गांव के समीप थानागद्दी-मोढ़ैला मुख्य मार्ग पर दो स्कूली बसों की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें एचएस एकेडमी टिसौरा वाराणसी के ड्राइवर 55 वर्षीय श्यामकेर बुरी तरह घायल हो गए और देव इन्टर नेशनल शिवरामपुर रतनुपुर जौनपुर की बस से सात शिक्षक 29 वर्षीय अभिषेक वर्मा, 23 वर्षीय चंचल मिश्रा, 39 वर्षीय मधुबाला सिंह, 23 वर्षीय कहकशां, 23 वर्षीय काजल गुप्ता, 41 वर्षीय नीलम सिंह, 40 वर्षीय राजेश कुमार घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज वाराणसी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर पर किया गया।



हादसे में क्षतिग्रस्त स्कूली बस

### हौसला बुलंद बदमाशों ने दुकानदार को लूटा


**केराकत।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरकी चौकी अंतर्गत बीती रात दुकान से घर जा रहे दुकानदार को डेडूवाना डेहरी रोड के शक्ति माई मंदिर के सामने हौसला बुलंद बदमाशों ने लूट लिया। गौरतलब हो कि संजय गुप्ता बाजार में राशन की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। गुरुवार की देर लगभग नौ बजे दुकान बंद कर बाइक से अपने घर डेहरी जा रहे थे। जैसे डेडूवाना डेहरी रोड के शक्ति माई मंदिर के पास पहुंचे कि पहले से ही घात लगाये बदमाशों ने घेर कर उससे हाथापाई करने लगे। कुछ न मिलने पर मोबाइल छीनकर बदमाश फरार हो गये। पीड़ित ने पुलिस को घटना की जानकारी दी पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुटी रही।

### छात्रों को प्रबंधक ने दिया स्वेटर

**केराकत।** स्थानीय पब्लिक इंटर कालेज में शुक्रवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक शमशेर बहादुर सिंह ने मुख्य अतिथि एसडीएम माज अख्तर के हाथों विद्यालय के अलग अलग कक्षाओं के आर्थिक रूप से कमजोर 3 सौ छात्रों को स्वेटर वितरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामदत्त सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद सिंह, मुन्ना लाल यादव, प्रवीण कुमार सिंह, रामापति सरोज, मनोज कुमार सिंह, सुधीर राय, संजय सिंह, योगेन्द्र नाथ सिंह, प्रियंका सिंह, जूही सिंह आदि उपस्थित रहीं।

### आराधना शुक्ला अटल रत्न से सम्मानित

**खेतासराय।** कवि सम्मेलनों एवं मुशायरों के मंचों पर अपनी आवाज और शायरी का जादू बिखरने वाली कवियत्री आराधना शुक्ला को अटल रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। पत्रकारों की एक राष्ट्रीय संस्था द्वारा आयोजित भव्य समारोह में आराधना को यह सम्मान सूबे के पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा के हाथों दिया गया। प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उभरते नए लेखकों, कवियों और शायरों को अटल सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष यह सम्मान समारोह राजधानी के दीनदयाल उपाध्याय भवन में आयोजित हुआ जिसमें पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने उभरती कवयित्री आराधना शुक्ला को साहित्य के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए अटल रत्न सम्मान से नवाजा। आराधना शुक्ला जिले के शाहगंज नगर में रहती हैं और अनवार पब्लिक स्कूल गोधना में अध्यापिका हैं। हाल के वर्षों में आराधना मुशायरों और कवि सम्मेलनों के मंच का एक बड़ा नाम बनकर उभरी हैं। बीते वर्ष उन्हें भोपाल में हिंदी सेवी सम्मान से भी सम्मानित किया गया था। आराधना को अटल रत्न सम्मान मिलने पर साहित्य प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।



अटल रत्न से सम्मानित होती आराधना शुक्ला

# पक्की सड़क से जुड़ेगा हर गांव मंजिल होगी आसान : धनंजय सिंह



सड़क का लोकार्पण करते पूर्व सांसद धनंजय सिंह

**सिकरारा।** पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने गुरुवार की देर शाम पचोखर गांव में जिला पंचायत द्वारा बनाई गई सड़क का लोकार्पण किया। साथ ही गांव में एक पार्क का शिलान्यास भी किया।

अपने सम्बोधन में उन्होंने कहाकि विकास के लिए सड़के अच्छी होनी चाहिए। कहाकि जनपद के हर गांव को

**शिलान्यास**

### पूर्व सांसद ने पचोखर गांव में सड़क का लोकार्पण व पार्क का किया शिलान्यास

पक्की सड़कों के जरिये एक दूसरे से जोड़ा जाएगा। गांवों के विकास को रफ्तार, खुशहाली और रोजगार के लिए सड़क आवश्यक है। इस कार्य के लिए धन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जिला पंचायत द्वारा पचोखर गांव में बनाई गई। उक्त सड़क से ब्राह्मण बस्ती, गौड़ बस्ती, यादव बस्ती सहित अन्य कई बस्तियों को लाभ मिलेगा। पूर्व सांसद ने कहाकि गांव में पार्क बन जाएगा तो उसका लाभ बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक लोगों को मिलेगा। कहाकि किसी भी गांव में ब्लाक प्रमुख संजय सिंह व उनके बड़े भाई धीरू सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव में अन्य जो भी मूलभूत समस्याएं हैं उनका खुली बैठक कर निराकरण कराया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत यादव, राहुल यादव, रविकांत यादव, विपिन यादव, दीपक चौरसिया व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अध्यक्षता एडवोकेट ताराचंद, संचालन व आभार जिला पंचायत सदस्य विकास यादव ने ज्ञापित किया।

## अधिवक्ता समिति चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री सहित 6 पदों पर मतदान

**मछलीशहर।** अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों के चुनाव के लिये 269 में 256 लोंगो ने मतदान किया। एल्डर्स कमेटी/चुनाव समिति के पदाधिकारी केदारनाथ यादव, दिनेश चंद्र सिन्हा, आरपी सिंह, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिये प्रेम बिहारी यादव, रघुनाथ प्रसाद, राम आसरे द्विवेदी, महामंत्री पद के लिये वेद प्रकाश, बनवारी राम, नंद लाल यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये जय प्रकाश दूबे, नागेन्द्र प्रसाद पटेल, उपाध्यक्ष 2 पद के लिये अनुराग सिन्हा, कमलेश कुमार सिंह, जितेंद्र प्रसाद यादव, राजेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये अनुपम यादव, रतन लाल गुप्ता, शिव सागर पाल, कोषाध्यक्ष पद के लिये कृष्ण कुमार शुक्ला, रमेश चंद्र यादव के बीच मुकाबला है। 6 पदों पर मतदान हुआ। शान्ति व्यवस्था के लिये एसडीएम राजेश चौरसिया, क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, कोतवाल सहित भारी संख्या में पुलिस तैनात रही। 31 दिसंबर को मतगणना होगी।

**269 मतदाताओं में 256 ने डाले वोट**

# पीएम मोदी की मां के निधन पर शोकसभा आयोजित



चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते लोग

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन की खबर आते ही पूरा देश शोक में डूब गया है। इसी क्रम में मछली शहर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक की लहर फैल गई और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मछलीशहर नगर के रामलीला मैदान में सभा का आयोजन किया। उक्त सभा में पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित किया। बताते चलें कि प्रधानमंत्री की माताजी वह 100 साल की थीं। उन्होंने शुक्रवार सुबह अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में अंतिम सांस ली। इसी क्रम में मछली शहर नगर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दुख जाहिर करते हुए सभा का आयोजन था। इस मौके पर राकेश जायसवाल, मनोज जायसवाल, संतोष जायसवाल, कृपा शंकर श्रीवास्तव, ज्यानंद चौबे, राम कुमार डब्लू, फहमी रिजवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अहम : उपजिलाधिकारी

जनसंदेश न्यूज



लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों को शपथ दिलाते बीएसए

**सिकरारा।** जनसमुदाय के समक्ष निपुण लक्ष्यों एवं मूलभूत साक्षरता की आवश्यकता से अवगत कराने व ग्रामीण बच्चों को प्री-प्राइमरी शिक्षा दिलाने के लिए शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केंद्र पर ब्लाक स्तरीय हमारा

**कार्यक्रम**

### शत प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए बीएसए की उपस्थिति में दिलाई गई शपथ

आंगन-हमारे बच्चे उत्सव समारोह आयोजित कर अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। एक मां जिस तरह से अपने नौनिहालों को सम्भालती है उसी तरह देश के होनहारों को सवारने एवं एक मुक्कमल इंसान बनाने में शिक्षक का बहुत बड़ा योगदान है। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल ने कहा कि ऐसे अभियानों से बच्चों का शिक्षा स्तर प्री प्राइमरी से ही मजबूत होगा। मुझे यहाँ के शिक्षकों की ऊर्जा देखकर यह कहने में जरा भी संकोच नही है कि सिकरारा जनपद के पहला निपुण ब्लाक बनेगा।

खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत मे ब्लाक अध्यक्ष मृत्यंजय सिंह द्वारा उपस्थित सभी लोगों को निपुण लक्ष्य जागरूकता शपथ दिलाया गया। वक्ताओं में मुख्य रूप से डीसी एमडीएम अरुण कुमार मौर्य, डायट प्रवक्ता शैलेष कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह व पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, ब्लाक अध्यक्ष द्वय मृत्युंजय सिंह व अजय पांडेय, संतोष कुमार सिंह, अलका सिन्हा आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में संगीता मौर्या, नूपुर श्रीवास्तव, मंजूलता यादव, एआरपी शैलेश कुमार चतुर्वेदी, अनुपम श्रीवास्तव, शैलेंद्र कुमार यादव ने निपुण लक्ष्य से सम्बंधित जानकारियां दी। अध्यक्षता समाजसेवी व प्रधानपति विनय सिंह व संचालन एआरपी सुरेश कुमार यादव ने किया।

### डिस्कवरी लैब का उपजिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**सिकरारा।** उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती ने प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में बने आधुनिक डिस्कवरी लैब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के छात्रों से लैब में रखे गए आधुनिक संयंत्रों के बारे में जानकारी ली तो बच्चों ने भी बहुत अच्छे ढंग से जबाब दिया तो उन्होंने छात्रों का जमकर उत्सावर्धन किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अमित सिंह द्वारा विद्यालय के अन्य शैक्षणिक कार्यो की जानकारी दी गई।

# धर्मापुर ब्लॉक के शहीद हाल में 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन



छात्रों को पुरस्कृत करने के बाद उपस्थित बीईओ व शिक्षक गण

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर ब्लॉक के शहीद हाल में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा में नब्बे प्रतिशत से अधिक उपस्थित होने वाले ब्लॉक क्षेत्र के दस परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय बिहरोजपुर की सहायक अध्यापिका आस्था यादव व शिक्षक अमित सिंह को भी बेहतरीन शैक्षिक कार्य करने के लिए बीडीओ व बीईओ ने सम्मानित किया।

शुक्रवार को ब्लॉक के शहीद हाल में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ धमार्पुर काशीनाथ सोनकर रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीडीओ काशीनाथ सोनकर के द्वारा ब्लॉक क्षेत्र के दस परिषदीय विद्यालयों के दस बच्चों को नब्बे प्रतिशत से अधिक कक्षाओं में उपस्थित रहने के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं स्कूल रेडिनेश में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्राथमिक विद्यालय बिहरोजपुर की सहायक अध्यापिका आस्था यादव व पूर्व माध्यमिक विद्यालय खलसहा के शिक्षक अमित सिंह को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्री प्राईमरी के बच्चों को निपुण लक्ष्य प्राप्त कराने के लिए संयुक्त प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव ने कहा कि ब्लॉक के सभी शिक्षक व शिक्षक संकुल निपुण लक्ष्य प्राप्ति को मिशन बनाकर जुट जाएं जिससे धमार्पुर ब्लॉक इस लक्ष्य को प्राप्त कर ब्लॉक का नाम रोशन करें। इस दौरान एआरपी उमेश मिश्र, महेंद्र यादव ने डिजिटल तरीके से निपुण लक्ष्य के प्राप्ति के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान बीडीओ काशीनाथ सोनकर, खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव, एआरपी महेंद्र यादव, उमेश मिश्र, अखिलेश यादव, ममता श्रीवास्तव, संगीता राय, निशा सिंह, विक्रम प्रकाश यादव, रागनी गुप्ता व शशि रानी आदि मौजूद रहे।

## इस साल नाकाम रहे राहुल

नई दिल्ली। बल्लेबाज लोकेश राहुल के लिए यह साल बेहद खराब रहा और वह एक प्रकार से टीम पर बोझ साबित हुए। हाल में समाप्त हुए बांग्लादेश दौरे पर उन्हें टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया पर वह रन नहीं बना पाये। राहुल इस साल तीनों प्रारुपों में नाकाम रहे हैं। इन तीनों प्रारुपों में हम उनका औसत देखें तो उन्होंने 30 से भी कम के औसत से रन बनाए हैं। उन्होंने इस साल 8 पारियों में 17.12 के औसत से मात्र 137 रन बनाए है जिसमें मात्र एक अर्धशतक शामिल है। इस साल टी20 विश्व कप और एशिया कप टी20 टूनामेंट हुआ। दोनों ही टूनामेंट में राहुल विफल रहे। राहुल ने इस साल कुल 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इस दौरान उन्होंने कुल 434 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 125 के आस पास का था। उन्होंने कुल 6 अर्धशतक लगाये। वहीं एकदिवसीय मैचों की बात करें तो उन्होंने 10 एकदिवसीय मैचों की नौ पारियों में मात्र 251 रन बनाए हैं। उनका औसत 27 के आसपास का रहा। वह इस साल एक भी शतक नहीं लगा पाये।

# महान फुटबॉलर पेले का निधन

मुंबई। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले का निधन हो गया है। उनका पूरा नाम एडसन अरांतिस डो नैसिमेंटो था पर वह पेले के नाम से लोकप्रिय हुए। पिछले काफी समय से वह सांस संबंधी परेशानी और के कारण अस्पताल में भर्ती थे। 82 वर्षीय पेले का ब्राजील के साओ पाउलो में स्थित रॉयल अल्बर्ट अस्पताल में इलाज चल रहा था। वह कैंसर से भी पीड़ित थे और इसके कारण उनकी सर्जरी भी हुई है।

सितंबर 2021 में उनकी बड़ी आंत में बने ट्यूमर को ऑपरेशन कर हटा दिया गया था। उन्हें फीफा ने महानतम का दर्जा और 1999 में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा एथलीट ऑफ द सेंचुरी का दर्जा दिया गया। वहीं टाइम मैगजीन की 20वीं सदी के 100 सबसे महत्वपूर्ण लोगों की सूची में शामिल पेले को 2000 में विश्व खिलाड़ी का वोट दिया गया था। वह इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फुटबॉल हिस्ट्री एंड स्टैटिस्टिक्स द्वारा सेंचुरी और फीफा प्लेयर ऑफ द सेंचुरी अवार्ड के दो संयुक्त विजेताओं में से एक थे।

पेले एकमात्र ऐसे फुटबॉलर थे जिन्होंने तीन बार ब्राजील के लिए 1958 1962 और 1970 में विश्व कप जीता। वह विश्व फुटबॉल में 10 नंबर की जर्सी के साथ उतरते थे। एक नंबर जो अब लियोनेल मेसी और काइलियन एम्बाप द्वारा खेला जाता है। वह प्रतिभा के साथ खेल खेलने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी थे और इतने अजेय थे कि कई डिफेंडरों के सामने उन्हें फाउल करना ही एकमात्र विकल्प था। उनका गेंद पर गजब का नियंत्रण था और ऐसा लगता था जैसे उनके पैरों में कोई जादू हो।

# पेले जैसा कोई दूसरा नहीं हुआ फुटबॉल के खेल को दी खूबसूरती

**महानता के नए मानदंड बनाये**

साओ पाउलो। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के निधन के साथ ही फुटबॉल के एक युग का अंत हो गया। ब्राजील को तीन बार विश्व विजेता बनाने वाले पेले के पैरों का जादू जब चलता था




तो ऐसा लगता था जैसे दुनिया मानों थम सी गयी हो। इस खिलाड़ी ने फुटबॉल को खूबसूरती देकर महानता के नये मानदंड बनाये थे। पहली बार 1958 में सत्रह साल की उम्र में उन्होंने ब्राजील के लिए विश्वकप जीता। इसके बाद से ही उनके खेल में लगातार निखार आता गया और सत्तर के दशक में खेल को अलविदा कहने से पहले उन्होंने ऐसे मानदंड कायम कर दिये थे कि ब्राजील ही नहीं बल्कि दुनिया के हर फुटबॉलर को उस कसौटी पर रखा जाता है। ब्राजील में गारिंचा से लेकर दिदि तक जिको से लेकर रोमारियो तक कई सुपरस्टार फुटबॉलर हुए पर पेले जैसा कोई दूसरा नहीं हुआ। तीन विश्व कप जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी पेले ने ब्राजील के लिए 95 गोल किए। दूसरे नंबर पर नेमार हैं जिन्होंने 75 गोल किये हैं जबकि रोनाल्डो ने 62 गोल किए हैं।

पेले ने ब्राजील के लिये 114 मैच खेले जिनमें से 92 पूर्ण अंतरराष्ट्रीय मैच थे। उन्होंने विश्व कप में 14 मैच खेलकर 12 गोल किए। फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में शामिल पेले ने पहले सांतोस क्लब के लिये और फिर राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलते हुए अपनी अलग पहचान बनायी। उनकी कलात्मकता हुनर और पैरों की जादूगरी के विरोधी भी कायल थे। उनके खेल में ब्राजील की सांबा शैली झलकती थी। ब्राजील को फुटबॉल की महाशक्ति बनाने वाले पेले के कैरियर की शुरूआत साओ पाउलो की सड़कों पर हुई जहां वह अखबारों के गट्ठर या रद्दी के ढेर का गोला बनाकर फुटबॉल खेला करते थे। फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों का जिक्र होता है तो पेले के साथ सिर्फ अर्जेंटीना के पूर्व कप्तान डिएगो माराडोना और अब लियोनेल मेसी का नाम लिया जाता है। पेले ने लीग मैचों में करीब 650 और सीनियर मैचों में 1281 गोल किए।

ब्लैक किंग कहे जाने वाले पेले ने सबसे पहले 1958 में स्वीडन में 17 वर्ष की उम्र में विश्व कप में अपना असर दिखाया। वह उस टूर्नामेंट के सबसे युवा खिलाड़ी थे। फाइनल में मेजबान के खिलाफ 5-2 से मिली जीत में दो गोल करने वाले पेले को उनके साथी खिलाड़ियों ने कंधे पर उठा लिया था। फिर चार साल बाद चोट के कारण वह दो ही मैच खेल सके लेकिन ब्राजील ने खिताब बरकरार रखा। मेक्सिको में 1970 में हुए विश्व कप में इटली पर मिली जीत में पेले ने फाइनल में एक गोल किया और कार्लोस अलबर्टो के गोल में उनकी अहम भूमिका रही। उन्होंने ब्राजील के लिये 114 मैचों में 95 गोल किए। जब यूरोपीय क्लबों में उन्हें खरीदने के लिए होड़ मची थी तो ब्राजील सरकार को इसे रोकने के लिए उन्हें राष्ट्रीय संपदा घोषित किया। उन्होंने करियर का आखिरी मैच 1971 में पूर्व यूगोस्लाविया के खिलाफ खेला जो 2-2 से ड्रॉ रहा। मैदान से वापसी पर वह भावुक नजर आये।

## रोनाल्डोएम्बाप्पे सहित कई खिलाड़ियों ने पेले को श्रद्धांजलि दी

बार्सिलोना। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और फ्रांस के कालियान एम्बाप्पे ने भी महान फुटबॉलर पेले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रदांजलि दी है। 82 साल के पेले का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को साओ पाउलो के अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में निधन हो गया था। वह कैंसर और सांस की बीमारी से पीड़ित थे। तीन बार के विश्व कप विजेता का सितंबर 2021 में एक ट्यूमर हटा दिया गया था। वह हाल ही में किडनी और दिल की बीमारी के कारण भी निगरानी में थे। रोनाल्डो ने पेले के निधन की खबर सार्वजनिक होने पर उन्हें तत्काल भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

रोनाल्डो ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा पूरे ब्राजील और विशेष रूप से पेले के परिवार के लिए मेरी गहरी संवेदनाएं। किंग पेले को एक मात्र अलविदा कभी भी उस दर्द को व्यक्त करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा जिसमें पूरा फुटबॉल जगत इस समय डूब गया है। वहीं फ्रांस के विश्व कप विजेता और पीएसजी फॉरवर्ड एम्बाप्पे ने ट्विटर पर कहा फुटबॉल के राजा ने हमें छोड़ दिया है लेकिन उनकी विरासत को कभी नहीं भुलाया जाएगा। रिप किंग। वहीं इंग्लैंड के पूर्व स्ट्राइकर ज्योफ हर्स्ट ने कहा मेरे पास पेले की बहुत सारी यादें हैं निस्संदेह वह सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर हैं जिनके खिलाफ मैं खेला हूं। मेरे लिए पेले सर्वकालिक महान हैं और मुझे उनके साथ मैदान पर होने पर गर्व था।

## पेले का निधन एक बड़ी क्षति प्रशंसकों के दिलों में रहेंगे : विजयन

तिरुवनंतपुरम। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान आईएम विजयन ने ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे विश्व के लिए एक बड़ी क्षति है। विजयन ने कहा कि पेले की दुनिया भर में फैन फॉलोइंग थी। विजयन ने कहा कि पेले हमेशा अपने फुटबॉल प्रशंसकों के दिलों में रहेंगे चाहे वे अपने देश में हों या हजारों मील दूर। विजयन ने सोशल मीडिया पर लिखा हो सकता है कि उनका निधन हो गया हो पर वह केरल के फुटबॉल प्रशंसकों के दिलो-दिमाग से कभी नहीं उतरेंगे। हर चार साल में फुटबॉल विश्वकप आता है उस समय केरल के हर कोने में पेले की तस्वीर प्रदर्शित की जाती है।

# पेले के निधन पर बाईचुंग भूटिया ने श्रृद्धांजलि देकर कहा वह वाकई किंग थे

**सचिन तेंदुलकर ने पेले के निधन को खेल जगत के लिए बड़ा नुकसान**

कोलकाता। ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के निधन पर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से लेकर फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया तक सभी ने श्रृद्धांजलि दी है। तीन विश्व कप जीतने वाले एकमात्र फुटबॉल खिलाड़ी पेले का कैंसर से लंबे समय तक जूझने के बाद 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। भूटिया को 2018 में पेले की भारत यात्रा के दौरान उनका इंटरव्यू करने का मौका मिला था। उन्होंने कहा मुझे दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान उनका इंटरव्यू करने का मौका मिला था। वह इतने शानदार और विनम्र व्यक्ति थे । मैने करीब 40 मिनट तक उनसे बात की ।

उन्होंने कहाह्यह्यबातचीत फुटबॉल पर उनके जीवन और कुछ भारतीय फुटबॉल पर थी। वह काफी मजाकिया भी थे। मैंने इंटरव्यू के दौरान उनसे पिछले भारत दौरे के बारे में पूछा लेकिन उन्हें याद नहीं था कि किस शहर में उन्होंने खेला और मैच का नतीजा क्या था। शायद उम्र का असर था। उन्होंने कहाह्यह्यवह वाकई किंग थे। हमारे लिये भगवान। वह इतने विनम्र और मृदुभाषी थे। फुटबॉल जगत के लिए उनका जाना बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने लाखों को प्रेरित किया । वह भारत का उनका आखिरी दौरा था जब वह दिल्ली में सुब्रोतो कप इंटर स्कूल फाइनल के लिए पहुंचे थे।

भूटिया ने कहाह्यह्यपहली बार वह आए तब फिट थे लेकिन दूसरी बार व्हीलचेयर पर आए थे । क्रिकेटर तेंदुलकर ने ट्वीट किया फुटबॉल ही नहीं बल्कि खेल जगत का बड़ा नुकसान। पेले जैसा कोई दूसरा नहीं होगा। रेस्ट इन पीस पेले । पेले के खिलाफ कोलकाता में खेल चुके भारत और मोहन बागान के पूर्व फॉरवर्ड श्याम थापा ने कहाह्यह्यमैं बहुत दुखी हूं। मैं खुशकिस्मत हूं कि उनके साथ खेल सका। उस शाम को मैं कभी नहीं भूल सकता। वह करिश्माई थे।

सिर्फ पेले के साथ खेलने के लिये थापा ईस्ट बंगाल क्लब छोड़कर मोहन बागान से जुड़े थे। उनके पूर्व साथी खिलाड़ी प्रदीप चौधरी ने उस मैच को याद करते हुए कहाह्यह्यतीन दिन तक बारिश हो रही थी और ईडन गार्डन गीला था। स्टेडियम के भीतर हालांकि 90000 प्रशंसक मौजूद थे। फुटबॉल की ऐसी दीवानगी पहले नहीं देखी थी।

# क्रिकेटर ऋषभ कार दुर्घटना में घायल

नई दिल्ली। टीम इंडिया के क्रिकेटर ऋषभ पंत आप सुबह एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। राहत की बात यह है कि वह खतरे से बाहर आ गये हैं और बात करने की स्थिति में हैं। रुड़की

**डिवाइडर से टकराकर कार में लगी आग**

पुलिस के अनुसार ऋषभ की मर्सिडीज कार डीएल 10 सीएन 1717 है आज तड़के 5 .30 बजे एक डिवाइडर से टकरा गयी जिसके बाद उसमें आग लग गयी। पुलिस के अनुसार वह देर रात दिल्ली से रुड़की की तरफ अकेले ही निकले थे। इस दौरान अचानक ही उन्हें झपकी आ गयी जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार वह अभी खतरे से बाहर हैं। देहरादून के मैक्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

पुलिस अधीक्षक स्वपन किशोर ने बताया कि ऋषभ की कार हरिद्वार जिले के मंगलौर और नरसन के बीच एनएच-58 पर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर के बाद उनकी कार पलटने के बाद उसमें आग लग गई। ऋषभ ने स्वयं कार का दरवाजा खोलकर खुद बाहर निकलने का भी प्रयास किया पर घायल होने के कारण वह सफल नहीं हुए। वहां पहुंचे लोगों ने उन्हें किसी प्रकार निकालकर रुड़की सिविल अस्पताल में भर्ती कराया यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें देहरादूल के मैक्स अस्पताल में भेजा गया। उनके पैर में फ्रैक्चर के साथ ही सिर और पीठ में भी चोट लगी है। प्रत?यक्षदशिर्यों के मुताबिक ऋषभ की कार रेलिंग से जा टकराई जिसके बाद कार में आग लग गई. बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया गया।

राज्या के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस घायल क्रिकेटर के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उनके समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने ऋषभ के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि उनके इलाज का सारा व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन





किया जाएगा। साथ ही कहा कि अगर एयर एंबुलेंस की आवश्यकता होती है तो उसकी भी व्यवस्था की जाए।

# ऋषभ के शीघ्र ठीक होने की उम्मीद : जय शाह

**हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे**

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के कार हादसे में घायल होने पर चिन्ता व्यक्त करते हुए उनके शीघ्र ठीक होने की कामना की है। बोर्ड सचिव जय शाह ने ट्वीट किया ह्यमेरी प्रार्थनाएं और विचार ऋषभ के साथ हैं। उम्मीद है कि वो जल्द ही अपनी चोट से उबर जाएंगे। मैंने उनके परिवार और उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों से बात की है। ऋषभ की हालत स्थिर है और उनके जरूरी स्कैन हो रहे हैं। हमारी नजरें उनकी सेहत पर नजर है और हम उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे।

गौरतलब है कि ऋषभ बीसीसीआई के केन्द्रीय अनुबंध में शामिल क्रिकेटर हैं। पिछले साल बीसीसीआई ने उन्हें ए-ग्रेड में रखा था। इस ग्रेड में शामिल खिलाड़ियों को सालाना पांच करोड़ करोड़ रुपये है। यह राशि खिलाड़ियों को मैच फीस के अलावा मिलती है। केन्द्रीय अनुबंध में शामिल में शामिल के कारण बीसीसीआई उनके इलाज की जिम्मेदारी भी उठाएगी. एक रिपोर्ट के अनुसार इस क्रिकेटर के शरीर में कहीं कोई फ्रैक्चर या जलने के निशान नहीं है। शुरूआती एक्सरे रिपोर्ट में उनके घुटने के लिगामेंट में चोट की बात सामने आई है। इसके अलावा उनकी पीठ में चोट लगी है।

# मावी को श्रीलंका के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

नई दिल्ली। युवा तेज गेदबाज शिवम मावी को श्रीलंका के खिलाफ आगामी सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का भरोसा है। मावी के अनुसार अगर कप्तान हार्दिक पांड्या श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्हें अवसर दें तो वह अपने को साबित करेंगे। आईपीएल की छोटी नीलामी में गुजरात टाइटंस ने मावी को छह करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं उन्हें श्रीलंका के खिलाफ तीन जनवरी से शुरू हो रही तीन टी20 मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

मावी ने कहा कि वह हार्दिक को निराश नहीं करेंगे। मावी ने कहा ह्यहार्दिक पांड्या प्रत्येक खिलाड़ी का समर्थन करता है। वह शानदार कप्तान है। पहले ही प्रयास में आईपीएल चैंपियन बनना बहुत मुश्किल है पर उसने ऐसा कर दिखाया। उसने आगे बढ़कर गुजरात टाइटंस की अगुआई की और टीम को चैंपियन बनाया। उन्होंने कहा ह्यकप्तान के रूप में हार्दिक बेहद चतुर और शानदार रणनीतिकार है। उसे पता है कि किससे कब गेंदबाजी करानी है और किसे बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजना है। मुझे पता है कि यह मेरे लिए आसान नहीं होने वाला पर मुझे उम्मीद है कि मुझे मैच खेलने को मिलेगा मैं उसमें प्रदर्शन करूंगा और भारत के लिए नियमित रूप से खेलूंगा।

गौरतलब है कि आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले मावी के लिए राष्ट्रीय टीम का सफर आसान नहीं रहा। नाइट राइडर्स ने मावी को सात करोड़ 25 लाख रुपए में खरीदा लेकिन वह छह मैच में 10.31 के इकोनोमी रेट से पांच विकेट ही ऐ पाए। मावी ने इसके बाद नेट पर कड़ा अभ्यास किया और उन्होंने उत्तर प्रदेश की ओर से सीमित ओवरों की घरेलू प्रतियोगिताओं में प्रभावित किया। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में 10 विकेट लेक के बाद विजय हजारे ट्रॉफी में 14 विकेट हासिल किए। इससे उन्हे राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है।

## ऑस्ट्रेलियाई टीम फरवरी में भारत आयेगी

मुम्बई। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम अगले साल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत दौरे पर आयेगी। इस दौरे में चार टेस्ट और तीन एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे। इस दौरे का पहला टेस्ट 9 फरवरी से नागपुर (विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम) में शुरू होगा। इसके बाद अगले तीन टेस्ट मैच दिल्ली (अरुण जेटली स्टेडियम) धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम) और अहमदाबाद (नरेंद्र मोदी स्टेडियम) में खेलेगा।

ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे में दिल्ली पांच साल के लंबे इंतजार के बाद पहली बार किसी टेस्ट की मेजबानी करेगी। साल 2017 में कोरोना संक्रमण के कारण यहां टेस्ट मैच नहीं हो पाया था। यह पहली बार होगा जब भारत 2020-21 में अपनी प्रसिद्ध 2-1 सीरीज जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ लाल-गेंद क्रिकेट में खेलेगा। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया कोविड महामारी के बाद टेस्ट के लिए भारत का दौरा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले इंग्लैंड न्यूजीलैंड ओर श्रीलंका ने भारत दौरा किया था।

# रणजी ट्रॉफी में धर्मेंद्रसिंह के शानदार प्रदर्शन से सौराष्ट्र ने मुम्बई को हराया

मुबंई। सौराष्ट्र ने धर्मेंद्रसिंह जडेजा के शानदार प्रदर्शन से रणजी ट्राफी के ग्रुप बी मुकाबले में मुम्बई को 48 रनों से हरा दिया। इस मैच में सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुये अपनी पहली पारी में 289 रन बनाए जिसके जवाब में मुबंई की टीम पहली पारी में 230 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार सौराष्ट्र को पहली पारी के आधार पर 59 रनों की बढ़त मिली। इसके बाद सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 220 रन बनाये और मुम्बई को जीत के लिए 280 रनों का विजय लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए मुम्बई की टीम दूसरी पारी में 231 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच के बाद मुबंई के तीन मैचों में दो जीत साथ ही 13 अंक है और वह अभी भी अंकतालिका में पहले स्थान पर है वहीं सौराष्ट्र पहले दो मैच ड्रॉ होने के कारण केवल एक जीत के साथ ही 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है।

इस मैच में धर्मेंद्रसिंह ने पहली पारी में 24 रन बनाने के साथ ही चार अहम विकेट भी लिए। वहीं दूसरी पारी में धर्मेंद्रसिंह ने ने 90 रन बनाने के साथ ही दो विकेट भी लिए।

जडेजा के अलावा प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले युवराज सिंह डोडिया ने भी पहली और दूसरी पारी में चार-चार विकेट लिए। मुम्बई की ओर से सूर्यकुमार यादव ने पहली पारी में 95 और दूसरी पारी में 38 रन बनाए पर वह अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाये। दूसरी पारी में सूर्यकुमार के अलावा केवल पृथ्वी शॉ ही 68 रन बना पाये।

# ऋषभ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल पायेंगे

मुम्बई। क्रिकेटर ऋषभ पंत को कार हादसे में घायल होने के कारण देहरादून के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें सिर और पीठ में गंभीर चोट आई है। ऐसे में उनका जल्दी मैदान पर लौटना संभव नहीं है। इससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फरवरी में होने वाली टेस्ट सीरीज से भी एक प्रकार से बाहर हो गये हैं। पहले के कार्यक्रम के अनुसार उन्हें एनसीए जाना था पर अब उन्हें एक्सीडेंट के कारण लंबे समय तक बाहर रहना पड़ सकता है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम को घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड से एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद 9 फरवरी से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 मैचों की टेस्ट सीरीज होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप को देखते हुए यह सीरीज टीम इंडिया के लिए बेहद अहम है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस क्रिकेटर का रिकॉर्ड भी अच्छा है पर अब वह इस सीरीज में नहीं उतर पायेंगे। इसके साथ ही बीसीसीआई को उनका विकल्प भी तलाशना होगा। इस युवा क्रिकेटर की नजरें अब अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप पर रहेंगी।

## उर्वशी ने ऋषभ के शीघ्र ठीक होने के लिए प्रार्थना की प्रशंसक भड़के



**मुंबई।** टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के सड़क हादसे में घायल होने की खबर से बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी चिन्तित है और उसने उनके शीघ्र ठीक होने के लिए प्रार्थना की है। उर्वशी ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा प्रार्थना हालांकि इस पोस्ट के बाद वह यूजर्स के निशाने पर आ गई और उन्हें ऋषभ के प्रशंसकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। इसका कारण यह है कि उर्वशी ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीर शेयर की है उसमें वह भड़कीली सफेद ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। अपनी इस पोस्ट के कारण यह अभिनेत्री सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल हो रही हैं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ लिखाप्रार्थना कर रही हूं पर उन्होंने जो अपनी तस्वीर शेयर की है उसमें वह अपने परिधानों के कारण एक मॉडल की तरह नजर आ रही हैं। इसी को देखकर प्रशंसक भड़क गये। एक यूजर ने उर्वशी की प्रार्थना को नौटंकी जबकि एक अन्य ने इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया करार दिया।

## पंत के जल्द ठीक होने की दुआएं मांग करे पाकिस्तानी किक्रेटर

नई दिल्ली। भारत के विकेटकीपर और बल्लेबाज ऋषभ पंत भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हुए हैं। वह दिल्ली से उत्तराखंड जा रहे थे उस वक्त उनकी गाड़ी रुड़की के पास डिवाइडर से टकरा गई। गाड़ी ने आग पकड़ ली इसके बाद पंत ने गाड़ी का शीशा तोड़कर बाहर निकले। इस हादसे के वक्त पंत गाड़ी में अकेले थे। रिपोर्ट्र्स के मुताबिक पंत की हालत स्थिर हैं। पंत के जल्दी स्वस्थ होने की दुआएं फैंस भारतीय और विदेशी क्रिकेटर भी कर रहे हैं। पाकिस्तानी क्रिकेटर भी ऋषभ पंत के लिए दुआएं कर रहे हैं। कई पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने पंत के जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हुए सोशल मीडिया के जरिये संदेश भेजे हैं। मोहम्मद हफीज ने लिखा है कि वह पंत के जल्दी से ठीक होने के लिए दुआएं कर रहे हैं। हसन अली ने ट्वीट कर लिखा है कि उम्मीद है कि ऋषभ पंत के साथ कुछ गंभीर नहीं हुआ है। मैं कामना करता हूं कि आप जल्दी से ठीक होकर आ जाए। आपके लिए दुआएं भाई इंशा अल्ला आप जल्द ठीक हों और मैदान पर वापस लौटे।

# बेवजह का हंगामा कर रहे रमीज : बट

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज सलमान बट ने पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रमुख रमीज राजा पर निशाना साधा है। बट ने कहा कि रमीज पीसीबी प्रमुख पद से हटाये जाने के बाद बेवजह हंगामा कर रहे हैं। वह इस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं जैसे किसी बच्चे से उसका खिलौना ले लिया गया हो। पीसीबी ने हाल ही में रमीज की जगह पर नजम सेठी को अध्यक्ष बना दिया था। इसके बाद से ही रमीज ने पीसीबी के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी है। उन्होंने कई आरोप भी लगाये हैं। बट ने कहा रमीज पीसीबी के चेयरमैन पद से हटाए जाने के बाद इस तरह का बर्ताव कर रहे हैं जैसा कोई छोटा बच्चा खिलौना छीन लेने के बाद करता है। उन्होंने आगे कहा कि रमीज राजा भाग्यशाली थे कि नई सरकार ने सत्ता में आने के बाद भी उन्हें पीसीबी चेयरमैन के रूप में कई महीनों तक काम करने का अवसर दिया। उन्होंने सीधे राजा को नहीं हटाया बल्कि उनका समर्थन भी किया। बट ने साथ ही कहा कि रमीज को हटाने की बात काफी समय से चल रही थी उन्हें अचानक नहीं हटाया गया है। अब इस प्रकार बयानबाजी कर वह अपने संबंध ही खराब कर रहे हैं। इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने कहा कि पहले भी लोगों को बर्खास्त किया गया है पर किसी ने भी पद से हटाए जाने के बाद इस तरह की बातें या आरोप नहीं लगाए थे। रमीज को इस तरह की बयानबाजी से बचना चाहिए और कुछ शालीनता दिखानी चाहिए। उन्हें अब कॉमेंट्री करने पर ध्यान देना चाहिये। रमीज ने नये अध्यक्ष नजम सेठी की अगुआई वाली नई समिति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इन लोगों का क्रिकेट पर ध्यान नहीं है। ये केवल अधिकार चाहते हैं।

# भारत-पाकिस्तान के बीच मुकाबले चाहता है एमसीसी

लंदन। मेलबर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) अब भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबलों के रोमांच को हुए इनके बीच एक टेस्ट मैच को आयोजन करना चाहता है। इसके लिए वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) से बात भी कर रहा है। एमसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्टुअर्ट फॉक्स ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि विक्टोरिया सरकार ने इस बारे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से बात की थी।

एमसीसी जानता है कि भारत और पाकिस्तान के मैचों के प्रति प्रशंसकों में जुनून रहता है जिससे जमकर पैसा बरसता है। अब प्रशंसकों के इसी उत्साह को एमसीजी प्रबंधन भुनाना चाहता है। भारत-पाकिस्तान 2007 से टेस्ट मैच नहीं खेला है। दोनों देश केवल आईसीसी इवेंट में ही खेलते हैं। हालांकि फॉक्स ने कहा कि एमसीसी नवंबर में टी20 विश्व कप में आखिरी गेंद का रोमांच देखने के लिए 90293 प्रशंसकों के एमसीजी में जमा होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में दोनों देशों की मेजबानी करना पसंद करेगी।

उन्होंने आगे कहा उम्मीद है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस विचार को आईसीसी के सामने भी रखेगा। जब आप दुनिया भर के कुछ स्टेडियमों को खाली देखते हैं तो मुझे लगता है कि यहां प्रशंसकों से भरे स्टेडियम में उस खेल का जश्न मनाने के लिए बेहतर विकल्प होगा।

# अर्जुन तेंदुलकर ने सिक्स पैक एब्स की तस्वीरें साझा कीं

मुम्बई। आजकल क्रिकेट में फिटनेस पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। इसी को देखते हुए अब जूनियर खिलाड़ी भी अपनी फिटनेस को लेकर सजग है। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर भी ऐसे ही खिलाड़ियों में अब शामिल हो गये हैं।

अर्जुन काफी शमीर्ले स्वभाव के हैं और सोशल मीडिया पर काफी कम नजर आते हैं पर इस बार और उन्होंने अपनी सिक्स पैक एब्स की तस्वीरें साझा कर सबको हैरान कर दिया है। अर्जुन ने अपनी इंस्टास्टोरी में जिम से एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह शर्टलेस हैं और अपने एब्स दिखा रहे हैं।

अर्जुन ने इसी महीने रणजी ट्रॉफी में गोवा की ओर से डेब्यू किया था।

अर्जुन ने रणजी ट्रॉफी में उतरने से पहले कुछ समय तक युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह से भी ट्रेनिंग ली थी। योगराज सिंह को उनकी कड़ी ट्रेनिंग के लिए जाना जाता है। युवराज भी अपने पिता की कड़ी ट्रेनिंग के बारे में कई बार बता चुके हैं। योगराज ने अर्जुन को ट्रेनिंग देते समय का कहा कि उसे अपने पिता के साये से बाहर निकलने की जरूरत है। वहीं जब मैंने उसे बल्लेबाजी करते देखा तो मुझे लगा कि यह खिलाड़ी विस्फोटक हो सकता है। मैंने से बातें सचिन और युवराज को भी बतायीं और कहा कि उसे गेंदबाजी के साथ ही बल्लेबाजी पर भी ध्यान देना चाहिये।

# जोकोविच मन में कोई बुरी भावना नहीं है

एडिलेड। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने कहा है कि इस बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में भाग लेने को लेकर उनके मन में किसी भी नाराजगी या खराब भावना नहीं है। जोकोविच को कोरोना टीकाकरण नहीं होने के कारण पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूनामेंट में भाग लेने से रोक दिया गया था और उन्हें देश से बाहर कर दिया था। इस खिलाड़ी ने कहा कि निर्वासित किए जाने को लेकर उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है और वह उस देश लौटकर अच्छा महसूस कर रहे हैं जहां उन्होंने काफी सफलताएं हासिल की हैं। साथ ही कहा कि मेरा लक्ष्य यहां बेहतर प्रदर्शन कर अच्छी भावना से रहना है।

जोकोविच को कोविड-19 का टीकाकरण नहीं कराने के कारण तब ऑस्ट्रेलिया से निर्वासित कर दिया गया था क्योंकि तब ऑस्ट्रेलिया में टीकाकरण को लेकर सख्त नियम थे। बाद में कोविड-19 से जुड़े कड़े दिशा निदेर्शों को वापस ले लिया गया और नवंबर में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने जोकोविच पर लगा तीन साल का प्रतिबंध भी हटा दिया। वहीं जोकोविच को इस बार 16 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने के लिए वीजा मिल गया था।

जोकोविच ऑस्ट्रेलिया पहुंच गये हैं। उन्हें अगले सप्ताह एडिलेड अंतरराष्ट्रीय में भाग लेना है। उन्होंने कहा ह्यऑस्ट्रेलिया वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह ऐसा देश है जहां मैंने बहुत सफलताएं हासिल की हैं विशेषकर मेलबर्न में। मैं सभी ग्रैंड स्लैम में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में सबसे अधिक सफल रहा हूं। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि आगे सब कुछ अच्छा रहेगा। निश्चित तौर पर दर्शकों की प्रतिक्रिया को लेकर मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकता।

# डीडीसीए ने ऋषभ के शीघ्र ठीक होने की कामना की

नई दिल्ली। दिल्ली जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के सचिव सिद्धार्थ साहिब सिंह ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के कार हादसे में घायल होने पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। ऋषभ आज सुबह उस समय गंभीर रूप से घायल हो गए जब उनकी कार दिल्ली से रुड़की जाते समय एक डिवाइडर से टकरा गई। इससे कार में आग लग गयी हालांकि राहत की बात यह रही कि ऋषभ अब खतरे से बाहर हैं।

डीडीसीए सचिव सिद्धार्थ ने कहा हम सभी चिंतित हैं पर शुक्र है कि उनकी हालत स्थिर है। हम उनके शीघ्र ठीक होने की कामना करते हैं। ऋषभ ने अब तक 33 टेस्ट में पांच शतक और 11 अर्धशतकों की सहायता से 2271 रन बनाए हैं। उन्होंने 30 एकदिवसीय और 66 टी-ट्वेंटी में भी देश की ओर से खेला है। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ आगामी श्रृंखला से बाहर रखा गया जिससे वह फरवरी में होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से पहले दमखम और अनुकूलन कार्यक्रम के लिए एनसीए में शामिल हो सकें।

# 8 जनवरी से सभी यात्रा प्रतिबंध खत्म करेगा चीन

**फिर कोरोना विस्फोट की चपेट में आ सकती है दुनिया**

बीजिंग। दो साल के बाद दुनिया जब कोरोना वायरस महामारी से राहत पाने लगी थी तो चीन के एक फैसले ने कोविड-19 के नए वैरियंट का खतरा बढ़ा दिया है। आठ जनवरी से चीन ने सभी यात्रा प्रतिबंधों को खत्?म करने का फैसला कर लिया है। चीन के इस फैसले की वजह से विश्?व में फिर से कोरोना विस्फोट हो सकता है।

जीरो कोविड चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सबसे सख्त नीति थी। तीन साल से जारी इस नीति के खिलाफ चीन में बड़े स्तर पर प्रदर्शन हुए। इन प्रदर्शनों के बाद नीति को खत्?म कर दिया गया है। अब नए साल पर चीनी नागरिक घूमने और अपने घर लौटने की तैयारी कर चुके हैं। साल 2023 की शुरुआत में करीब तीन अरब ट्रि?प्स लेने की तैयारी है।

चीन में कोविड के केसेज तेजी से बढ़ रहे हैं। इस बीच यूके की तरफ से भी चीन से आने वाले पर्यटकों पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी हो चुकी है। चीनी अधिकारियों ने रोजाना आने वाले केसेज के आंकड़ों को जारी करना बंद कर दिया है लेकिन माना जा रहा है कि रोज चीन में कोविड की वजह से 5000 लोगों की मौत हो रही है। अस्?पतालों में जगह नहीं है और शवदाह गृह के बाहर लाशों का ढेर लगा हुआ है। चीन की अलग-अलग फैक्ट्रियों में काम कर रहे कर्मचारी इस बार नए साल के मौके पर अपने परिवार के पास जाने की तैयारी कर रहे हैं। चीनी नागरिक हर साल ?लेन ट्रेन जहाज और कारों से अपने घर के लिए सफर करते हैं। ये चीन के अलावा दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में जाते हैं।

सात जनवरी से चीन से लोग निकलना शुरू करेंगे और इसे दुनिया का सबसे बड़ा मानवीय अप्रवासन बताया जा रहा है। चीन के परिवहन मंत्रालय की तरफ से बताया जा रहा है कि कम से कम 40 दिनों तक यात्रा को लेकर मारामारी जारी रहने की आशंका है।

माना जा रहा है कि इसके बाद यात्रा की स्थिति महामारी के पहले वाले स?तर पर लौट सकती है। साल 2020 में 21 जनवरी से एक मार्च तक करीब तीन अरब लोगों ने सफर किया था।

चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों की मानें तो कोविड-19 का ओमीक्रॉन वैरियंट अभी तक प्रभावी बना हुआ है। वहीं वैज्ञानिकों को डर है कि जैसे ही चीनी नागरिक घूमने निकलेंगे हो सकता है कि कोविड का नया वैरियंट सामने आ जाए। चीन में काफी समय तक लॉकडाउन लगा था। इसका मतलब था कि बहुत ज्यादा चीनी नागरिक नए वैरियंट से संक्रमित नहीं हुए थे। वहीं इस वायरस से इम्युनिटी भी बहुत कम स्तर पर है। वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी में क्लिनीकल एपिडेमियोलॉजी सेंटर के डायरेक्टर जियाद अल-अली की मानें तो चीनी नए साल पर कोविड केसेज का विस्फोट होने की आशंका है क्योंकि नए म्यूटेशन का खतरा बहुत ज्यादा है। चीनी नागरिक जापान थाईलैंड दक्षिण कोरिया अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया इन छुट्टियों पर जाने की तैयारियां कर रहे हैं।

# मोदी की मां के निधन पर पाक पीएम ने भेजा शोक संदेश

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। पीएम शहबाज शरीफ ने ट्वीट कर पीएम मोदी की मां को श्रद्धांजलि दी है। पीएम मोदी की मां हीराबेन मोदी का शुक्रवार तड़के निधन हो गया है। हीराबेन 100 साल की थीं। उनकी तबियत बुधवार को बिगड़ गई थी और उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को डॉक्टरों ने जब उनका हेल्थ बुलेटिन जारी किया तो उनकी सेहत में सुधार की जानकारी दी थी। डॉक्टरों ने कहा था कि उन्हें एक या दो दिन में छुट्टी मिल सकती है। मगर नियति को कुछ और मंजूर था और उनका निधन हो गया। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने लिखा मां को खोने से बड़ा दुख और कोई नहीं होता है। मां के निधन पर मेरी संवेदनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा के बाद कांग्रेस 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान शुरू करेगी

**भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से गदगद पार्टी**

नई दिल्ली। मैंने नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोली है। कन्याकुमारी से शुरू होकर 23 जनवरी को श्रीनगर में समाप्त होने वाली कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में यह लाइन गूंजती रही है। 26 जनवरी को कांग्रेस हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत करेगी जो अगले दो महीने तक चलेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी ने हर राज्य में कार्यक्रम की निगरानी के लिए वरिष्ठ नेताओं को नियुक्त किया है। भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से उत्साहित कांग्रेस बूथ स्तर के सम्मेलन के माध्यम से हर मतदाता तक पहुंचने की योजना बना रही है। कांग्रेस ने महिलाओं के मार्च का नेतृत्व करने के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा को नियुक्त किया है।

प्रियंका प्रत्येक राज्य की राजधानी में महिला मार्च का नेतृत्व करेंगी और एक महिला घोषणापत्र पढ़ेंगी क्योंकि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा को बूथ स्तर तक ले जाने के लिए तैयार है। पार्टी ने इसके लिए राज्य स्तर और फिर जिला और ब्लॉक स्तर पर अपनी तैयारी बैठकें शुरू कर दी हैं। भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए पार्टी समान विचारधारा वाले नेताओं तक पहुंची है। कुछ पहले ही शामिल हो चुके हैं और महबूबा मुफ्ती और फारूक अब्दुल्ला जैसे नेता इसमें शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं। यात्रा के बाद प्रत्येक जिले में एक ब्लॉक स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें प्रदेश अध्यक्ष और राज्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल होने वाले हैं।

कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा भारत जोड़ो यात्रा एक आंदोलन बन गया है आप लोग इसके बारे में जानते हैं। इस यात्रा में प्रतिदिन लाखों लोग भाग ले रहे हैं। कन्याकुमारी से शुरू होकर आज तक करोड़ों लोगों ने भाग लिया है। कांग्रेस नेताओं के अलावा आम लोगों ने इसमें उत्साहपूर्वक यात्रा में भाग लिया। पार्टी महासचिव ने कहा कि चूंकि यह यात्रा इस देश में सबसे बड़े आंदोलन के रूप में उभरी है इसलिए कांग्रेस संचालन समिति ने 26 जनवरी से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का फैसला किया। उन्होंने कहा यह दो महीने का व्यापक अभियान होगा। वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में ब्लॉक स्तर पर दो महीने तक लगातार पदयात्रा होगी जबकि राज्य इकाइयां यात्रा संचालन के लिए प्रत्येक ब्लॉक के लिए दो नेताओं को नियुक्त करेंगी।

यात्रा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में निकलेगी लेकिन यात्रा का नेतृत्व करने के लिए राज्य इकाई द्वारा प्रतिनियुक्त दो नेता होंगे। उन्होंने कहा इस यात्रा के साथ-साथ ग्राम-स्तरीय सभाएं होंगी। गांवों के प्रभावशाली लोगों से संवाद होगा और विशाल जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। फिर इस यात्रा का समापन राज्य की राजधानी में एक विशाल रैली के साथ होगा जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे या राहुल गांधी भाग ले सकते हैं। पार्टी कह रही है कि आलोचक अब मान रहे हैं कि यात्रा सफल रही। हरियाणा में भाजपा के गठबंधन सहयोगी दुष्यंत चौटाला को भी राहुल गांधी द्वारा यात्रा में किए जा रहे प्रयास की प्रशंसा करते सुना गया है। रामदेव ने 3570 किलोमीटर की यात्रा करने के लिए गांधी परिवार की प्रशंसा भी की।

# तहरीक-ए-तालिबान और व्रिदोही बलूच संगठनों ने पाकिस्तानी सेना की नाक में दम किया

क्वेटा। पाकिस्तान में सुरक्षा बलों पर हो रहे हमलों में पिछले कुछ दिनों में तेजी आ गई है। पाकिस्तानी आर्मी के लिए बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वां में स्थिति को संभाल मुश्किल हो रहा है। यहां पर व्रिदोही बलूच संगठनों के अलावा तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी ) ने सेना की नाक में दम किया हुआ है। शाहबाज सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों में अब सेना और इसके जवानों को भी निशाना बनाया जाने लगा है। पिछले दिनों इसी तरह से बचूलिस्तान में सात ब्लास्ट्स हुए। इन ब्लास्ट्स में पाकिस्?तानी आर्मी के छह सैनिकों की मौत हो गई थी। इसमें एक कैप्टन रैंक का ऑफिसर भी शामिल था। कम से कम 17 लोगों की भी जान इन हमलों में चली गई थी। हमले का जो वीडियो सामने आया है वह भी काफी डराने वाला है।

मीडिया के मुताबिक क्वेटा में जो चार ब्लास्ट्स हुए उसमें से एक काहान के कोहलू में हुआ। जबकि चौथा हमला तुरबत में हुआ था। इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस का कहना है कि काहन इलाके में एक आईईडी ब्लास्ट हुआ था। यह ब्लास्ट 24 दिसंबर को उस समय हुआ जब इंटेलीजेंस की रिपोर्ट के आधार पर एक क्लीयरेंस ऑपरेशन चलाया जा रहा था। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि ब्लास्ट के बाद गाड़ी पर सवार जवानों के परखच्चे उड़ जाते हैं। बलूचिस्तान और खैबर में पाकिस्तानी सेना पर लगातार हमले हो रहे हैं। रविवार को अलग-अलग ग्रेनेड ब्लास्ट्स में कम से कम 15 लोग घायल हो गए।

बलूचिस्तान में पिछले कुछ समय से पाकिस्तानी आर्मी को निशाना बनाया जा रहा है। 25 दिसंबर को भी बलूचिस्तान के काहान इलाके में आईईडी ब्लास्ट हुआ था। सेना की मीडिया विंग के मुताबिक सुरक्षा बलों की गाड़ी जब गुजर रही थी तब आईईडी ब्लास्ट हुआ। कैप्?टन फहाद लांस नायक इम्तियाज और सिपाही असगर और मेहरान और शमूम की इस ब्लास्ट में मौत हो गई। इसके अलावा आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच बलूचिस्तान के झोब जिले में मुठभेढ़ हुई थी।

# पीएम मोदी की मां के निधन पर अनुपम खेर कंगना रनौत अक्षय कुमार व कपिल शर्मा ने जताया दुःख

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी का शुक्रवार को 100 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में सुबह 3.30 पर आखिरी सांसें ली। प्रधानमंत्री गुजरात पहुंच चुके हैं और मां की अंतिम यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने मां को कंधा भी दिया। इस दुखद घड़ी में देश विदेश से लोग हीराबा को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। वहीं बॉलीवुड से लेकर टीवी सितारों तक शोक संवेदना प्रकट की है।

बालीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत कामेडियन कपिल शर्मा और वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर समेत तमाम स्टार्स ने पीएम मोदी की मां को याद किया और भावुक पोस्ट शेयर किया। बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने पीएम मोदी को हिम्मत देते हुए ट्विटर पर एक पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा मां को खो देने के दुख से बड़ा कुछ नहीं है। बता दें कि पिछले साल ही अक्षय कुमार की मां का निधन हुआ।

अनपुम खेर पीएम मोदी की मां हीरा बा की तस्वीरें शेयर करते हुए ट्विटर पर लिखा आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी! आपकी माताश्री हीराबा जी के निधन का सुनकर मन दुखी भी हुआ और व्याकुल भी। आपका उनके प्रति प्यार और आदर जग जाहिर है। उनका स्थान आपके जीवन में कोई नहीं भर पाएगा! पर आप भारत मां के सपूत हैं! देश की हर मां का आशिर्वाद आपके ऊपर है। मेरी मां का भी!

कॉमेडियन कपिल शर्मा ने पीएम मोदी के ट्वीट को रीट्वीट किया। उन्होंने लिखा-आदरणीय पीएम मोदी जी मां का दुनिया से चले जाना बहुत ही दुखदायी होता है। उनका आशीर्वाद हमेशा आपके साथ रहेगा। ईश्वर माता जी को अपने श्री चरणों में स्थान दें हम यही प्रार्थना करते हैं ओम शांति

दसवीं फिल्म के डायलॉग और स्क्रिप्ट लिखने वाले प्रख्यात कवि कुमार विश्वास ने लिखा-आदरणीय प्रधानमंत्री जी। मां-पिता व गुरु कभी दिवंगत नहीं होते। वे अपने गुणों के माध्यम से अपनी संततियों व शिष्यों में सदैव उपस्थित रहते हैं। आपकी पूज्य माँ आपके सत्कार्यों व सात्विक संकल्पों में सदैव जीवित रहेंगीं। ईश्वर उन्हें अपने चरणों में परमपद प्रदान करे। ॐ शांति ॐ। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम पर लिखा- ईश्वर प्रधानमंत्री जी को इस कठिन समय में धैर्य और शांति दे ओम शांति।

# तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने पार्टी सहयोगी साकेत गोखले की गिरफ्तारी को उत्पीड़न कहा

नई दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने पार्टी सहयोगी साकेत गोखले की गिरफ्तारी को उत्पीड़न कहा है। सत्तारूढ़ बीजेपी का नाम लिए बिना मोइत्रा ने ट्वीट किया कि बार-बार की गिरफ्तारियों को लोग देख सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य और बीजेपी शासित राज्य गुजरात में पुलिस ने साकेत गोखले को कथित रूप से धन का दुरुपयोग करने के आरोप में कल शाम को गिरफ्तार किया। यह धन तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता ने क्राउड फंडिंग के माध्यम से जुटाया था। महुआ मोइत्रा ने ट्वीट किया केवल 15 दिनों के भीतर टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) के राष्ट्रीय प्रवक्ता साकेत गोखले को तीन बार गिरफ्तार किया गया है। इस तरह का उत्पीड़न कभी भी लंबे समय तक काम नहीं आता है। लोग इसे देख सकते हैं इससे विपक्ष और मजबूत होगा।

साकेत गोखले को गुरुवार को तीसरी बार गिरफ्तार किया गया। उनको गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार किया था। साकेत गोखले को पहली बार 6 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुजरात की मोरबी यात्रा से जुड़ी फर्जी खबरें साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। तब मोरबी में एक पुराना सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था जिसमें 135 लोग मारे गए थे।

कई लोगों ने कहा था कि गोखले द्वारा पीएम मोदी की मोरबी यात्रा की लागत पर साझा की गई जानकारी अत्यधिक बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई थी। गोखले को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था लेकिन बाद में मोरबी में पुलिस ने उनको उसी मामले में फिर से हिरासत में ले लिया था। तृणमूल नेता अगले दिन जमानत पर बाहर आ गए थे।

# यूक्रेन पर रूसी मिसाइलों का अब तक का सबसे घातक हमला

कीव। रूसी मिसाइलों के हमलों में यूक्रेनी शहरों को निशाना बनाया गया। 24 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से यह अब तक का सबसे घातक हमला है। यूक्रेनी वायु सेना कमान के हवाले से बताया गया है कि युद्धग्रस्त देश में कामिकेज ड्रोन से रात भर हमले किए गए। यूक्रेन की सेना ने कहा कि 69 मिसाइलें लांच की गईं इसमें से 54 को हवाई सुरक्षा सिस्टम ने रोक दिया। इससे पहले राष्ट्रपति के सलाहकार मिखाइलो पोडोलीक ने कहा था कि 120 से अधिक मिसाइलों को नागरिक बुनियादी ढांचे पर लांच किया गया था। देश भर में हवाई हमले के सायरन बजाए गए और कीव में पांच घंटे तक बजते रहे। राजधानी के मेयर विटाली क्लिट्सको ने कहा कि कीव के दक्षिण-पूर्वी डार्नीत्स्की जिले में एक निजी आवास पर हुए हमले में 14 वर्षीय एक लड़की सहित कम से कम तीन लोग घायल हो गए। खारकीव के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने कहा कि कम से कम चार एस-300 मिसाइलों ने यूक्रेन के पूर्व में खारकीव शहर में महत्वपूर्ण बुनियादी सुविधाओं को निशाना बनाया।वहीं पश्चिम में लविवि क्षेत्र और देश के मध्य भाग में पोल्टावा क्षेत्र में विस्फोटों की सूचना दी। यूक्रेनी राष्ट्रपति के कार्यालय के उप प्रमुख किरिलो टिमोशेंको ने कहा कि दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में एक क्रूज मिसाइल के टुकड़े एक आवासीय इमारत पर गिरे।

चश्मदीदों ने कीव और उसके बाहरी इलाके के उत्तर-पश्चिम में जोरदार धमाकों की सूचना दी और कीव में कुछ लोगों के अनुसार अपार्टमेंट इमारतों में कांच हिल रहे थे। हाल के सप्ताहों में दर्जनों रूसी हमलों ने यूक्रेन को तबाह कर दिया है जिससे देश भर में बार-बार बिजली कटौती हुई है। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री हरमन हलशचेंको ने कहा कि हमलों ने बिजली उत्पादन सुविधाओं को नुकसान पहुंचाया और कहा कि ओडेसा और कीव क्षेत्रों में स्थिति गंभीर है। लविवि के मेयर ने कहा कि उनके शहर का 90 प्रतिशत हिस्सा बिना बिजली के है। जबकि क्लिट्सको ने कहा कि कीव का 40 प्रतिशत इलाका बिना बिजली के रह रहा है। ओडेसा और निप्रॉपेट्रोस क्षेत्रों में भी बिजली कटौती की सूचना मिली है।

# इजरायल के पीएम के रूप में बेंजामिन नेतन्याहू ने छठी बार ली पद और गोपनीयता की शपथ

यरूशलम। बेंजामिन नेतन्याहू ने छठी बार इजराइल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इजराइल में सबसे अधिक समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले 73 वर्षीय नेतन्याहू ने अपनी सरकार का गठन कर लिया है जिसमें कई धुर दक्षिणपंथी घटक दल शामिल हैं। नेतन्याहू को इजराइली संसद ह्यनेसेटह्ल के 120 सदस्यों में से 63 का समर्थन प्राप्त है जो सभी दक्षिणपंथी हैं। सदन में नेतन्याहू के खिलाफ 54 सांसदों ने मतदान किया। उनको समर्थन करने वालों में उनकी लिकुद पार्टी के अलावा यूनाइटेड तोरा जुदैज्म दक्षिणपंथी ओत्ज्मा येहुदित रिलिजियस जियोनिस्ट पार्टी और नोआम शामिल हैं।

अनेक लोगों ने आशंका जताई है कि नेतन्याहू के नेतृत्व में बने इस समीकरण से देश की आबादी के बड़े हिस्से की सरकार के साथ असहमति हो सकती है। इजराइल की 37वीं सरकार के विश्वासमत प्राप्त करने से महज कुछ समय पहले नेसेट ने लिकुद पार्टी के सांसद अमीर ओहाना को नया अध्यक्ष (स्पीकर) चुना। पिछली सरकारों में न्यायमंत्री और जन सुरक्षा मंत्री रह चुके ओहाना नेसेट के पहले घोषित समलैंगिक स्पीकर हैं। नयी सरकार के शपथ-ग्रहण से पहले नेसेट में अपने संबोधन में नेतन्याहू ने कहा कि उनकी सरकार के तीन ह्यराष्ट्रीय लक्ष्यह्ल ईरान को परमाणु आयुधों की ओर बढ़ने से रोकना पूरे देश में बुलेट ट्रेन चलाना और अब्राहम समझौतों के दायरे में और अधिक अरब देशों को लाना हैं।

नेतन्याहू के भाषण के दौरान विपक्षी सदस्य बार-बार टोका-टोकी कर रहे थे और उन्हें ह्यकमजोरह्ल तथा ह्यनस्लवादीह्ल कह रहे थे। हंगामे के बीच नेतन्याहू ने कहा मतदाताओं के जनादेश का सम्मान कीजिए। यह लोकतंत्र का या देश का अंत नहीं है। उन्होंने देश के नागरिकों की निजी सुरक्षा में सुधार करने और जीवनस्तर के बढ़ते खर्च को कम करने का वादा किया। इस दौरान अनेक विपक्षी सांसदों को सदन से निष्कासित कर दिया गया। नेतन्याहू ने 31 मंत्रियों और तीन उप मंत्रियों की नियुक्ति की घोषणा की है।

रक्षा शिक्षा और कल्याण मंत्रालय में दो-दो मंत्री एक साथ काम करेंगे। मंत्रियों के रूप में पांच महिलाओं को स्थान दिया गया हैं। नेतन्याहू के सरकार बनाने की घोषणा करने के बाद निवर्तमान प्रधानमंत्री येर लापिद ने अपने संबोधन में अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती और गठबंधन सहयोगी नाफ्ताली बेनेट की भी उपलब्धियां गिनाईं। लापिद ने कहा हम आपको अच्छी हालत में सरकार सौंप रहे हैं। इसे बर्बाद करने की कोशिश मत कीजिए। हम जल्द ही लौटेंगे। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में पहले कहा था कि आने वाली सरकार को गिराने के लिए संघर्ष करते रहेंगे और वापसी करेंगे। उन्होंने कहा यह अंत नहीं हमारे प्यारे देश के लिए संघर्ष की शुरूआत है।

# नव वर्ष के मद्देनजर मुंबई में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**- मुंबई में करीब बारह हजार पुलिसकर्मी तैनात**

**- ड्रंक एंड ड्राइव आतिशबाजी ड्रोन पर पूरी पाबंदी**

मुंबई। कोरोना काल के प्रतिबंधों के बाद पहली बार थर्टी फर्स्ट नाइट का सेलिब्रेशन और नए साल का स्वागत होने जा रहा है. मुंबई में जगह-जगह भीड़-भाड़ और जश्न के आयोजन को ध्यान में रखते हुए मुंबई पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं. भगदड़ छेड़छाड़ रैश ड्राइविंग नशा मारपीट और कानून व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए मुंबई पुलिस ने करीब बारह हजार कर्मचारियों और अधिकारियों को तैनात किया है. 31 दिसंबर यानि आज शाम से मुंबई पुलिस की खास सुरक्षा बंदोबस्ती मुंबईकरों की सुरक्षा के लिए सक्रिय होगी.

मुंबई पुलिस ने खास तौर से समुद्री किनारों की सुरक्षा बंदोबस्ती बढ़ाई है. प्रशासन ने होटल्स पब बार वाइन शॉप रेस्टोरेंट पुलिस की इजाजत से सुबह 5 बजे तक खुले रहने की इजाजत दी है. मुंबई शहर में जो करीब 12 हजार पुलिसकर्मी तैनात होंगे उनमें 7 अपर पुलिस आयुक्त 25 उपायुक्त 1500 अधिकारी और 10 हजार पुलिसकर्मी तैनात होंगे. इनके अलावा स्टेट रिजर्व पुलिस फोर्स की तैनाती की गई हैं. जगह-जगह पुलिस सादी वर्दी में भी कार्यक्रमों में शामिल होगी और उपद्रवियों पर नजरें बनाए रखेगी. इसके साथ ही आज थर्टी फर्स्ट की रात जश्न के दौरान जमा होने वाली भीड़भाड़ में कोई गलत काम या हंगामा ना हो इसके लिए खास तैयारी के तौर पर शहर के पांचों एंट्री ग्रेट और 100 से ज्यादा अहम ठिकानों पर नाकाबंदी की गई है. गाड़ियों की तलाशी ली जा रही है. संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं की सख्ती से जांच-पड़ताल शुरू है. वहीं शहर में बड़ी तादाद में ड्रग्स तस्करी की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस की नशा विरोधी मुहिम वाली टीम पूरी तरह से ऐक्टिव है. होटल्स पब नाइट क्लब लाउंज फ्लैट बंगलो रिसॉर्ट की पार्टियों पर मुंबई पुलिस की नजरें बनी हुई हैं. अगर कोई गैरकानूनी हरकत होती है तो आयोजक और भागीदार जिम्मेदार होंगे और उन पर कड़ी कार्रवाई होगी.

**- ड्रंक एंड ड्राइव आतिशबाजी ड्रोन पर पूरी पाबंदी**

कोरोना काल में ठंडी पड़ चुकी ड्रंक एंड ड्राइव मुहिम फिर से शुरू हो चुकी है. ट्रैफिक पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर का इस्तेमाल शुरू कर दिया है. सार्वजनिक ठिकानों पर पटाखे और आतिशबाजियों पर रोक लगा दी गई है. बिना इजाजत ड्रोन और आकाश कंदील उड़ाने पर पाबंदी लागू है.

# मुंबई के माउंट मेरी चर्च को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। मुंबई के माउंट मेरी चर्च को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. खबर है कि लश्कर-ए-तैयबा ने ईमेल के जरिए चर्च को बम से उड़ाने की धमकी दी है. ई मेल के जरिए चेतावनी दी गई है कि आतंकी संगठन बम के जरिए चर्च पर हमला करेगा. पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 505 (3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है. मुंबई के बहु सांस्कृतिक बहु धार्मिक संस्कृति का गवाह रहे माउंट मेरी चर्च को उड़ाने की धमकी को लेकर लोगों में दहशत है. वहीं धमकी भरे इस मेल को लेकर मुंबई पुलिस भी अलर्ट हो गई है. आपको बता दें कि माउंट मेरी चर्च भारत के पांच पुराने चर्चों में से एक है. यह ईसा मसीह की मां वर्जिन मैरी को समर्पित है. ना सिर्फ धार्मिक बल्कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान वाले इस चर्च को बम से उड़ाने की खबर से खलबली मच गई है. इस चर्च के बारे में मान्यता है कि यहां मन्नतें पूरी होती हैं. इस चर्च में हर साल 8 सितंबर को मदर मेरी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता है. सितंबर माह में यहां एक हफ्ते तक मदर मेरी फेयर लगता है. यहां हर धर्म के लोग अपनी मन्नत मांगने आते हैं. यह चर्च 300 सालों से मुंबई की पहचान रहा है. यह 1640 में बना था और 1761 में इसका पुनर्निमाण करवाया गया. बहरहाल मुंबई हमेशा से ही आतंकियों का टारगेट रही है. लेकिन अब तक होटल्स रेलवे स्टेशन हॉस्पिटल जैसी जगहें आतंकियों की हिट लिस्ट में रहा करती थीं. लेकिन अब आतंकियों की मुंबई के ऐतिहासिक महत्व के धार्मिक स्थल को टारगेट करने की योजना सामने आई है.

# मास्टर दीनानाथ मंगेशकर की 122वीं जयंती के अवसर पर लता दीदी पर रचित गीत ऑडियो टेप पर जारी

मुम्बई/इन्दौर। मास्टर दीनानाथ मंगेशकर की 122वीं जयंती के अवसर पर टाइम्स म्यूजिक द्वारा निर्मित भावगंधर्व पं. हृदयनाथ मंगेशकर के मार्गदर्शन में रचित और डॉ. दीपक वझे वंदनिया लता दिदी पर रचित पहले गीत का विमोचन समारोह गुरुवार 29 दिसंबर को मुम्बई के विले पार्ले के दीनानाथ नाट्यगृह में रात 8 बजे हुआ। तुषार पांके ने गाने को दीदी पर शूट किया है। इस अवसर पर विश्वस्वरमाऊली लता दीदी के लोकप्रिय गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। केतकी माटेगावकर सवानी रवींद्र प्रियंका बर्वे और विभावरी आप्टे जोशी की विशेषता वाले इस कार्यक्रम में संगीत अजय मदान द्वारा रचित और स्मिता गावणकर द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह कार्यक्रम में पं. हरिप्रसाद चौरसिया और उषा मंगेशकर प्रमुख थे। आर्यन इंस्टीट्यूट ऑफ चेस एंड आर्ट एक्सीलेंस द्वारा प्रस्तुत इस कार्यक्रम को एमआईटी-एडीटी यूनिवर्सिटी से विशेष सहयोग मिला।

# मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने 538 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ को नष्ट किया

मुंबई। मुंबई कस्टम डिवीजन-3 की ओर से शुक्रवार को नवी मुंबई के तलोजा में मैसर्स मुंबई वेस्ट मैनेजमेंट लिमिटेड की इंसीनरेशन फैसिलिटी में 140.57 किलोग्राम नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 538 करोड़ रुपए है। इस संबंध में जब्त नशीले पदार्थों का विवरण देते हुए मंडल-3 के मुख्य आयुक्त राजेश सानन ने कहा कि नष्ट किये गए नशीले पदार्थ को मंडल-3 के तहत कार्यरत तीन आयुक्तालयों द्वारा जब्त किया गया था. जब्ती की कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है।

1) मुंबई एयरपोर्ट कमिश्नरेट ने 14 मामलों में 56.06 किलोग्राम हेरोइन और 33.81 किलोग्राम चरस जब्त की है।

2) एयर कार्गो एक्सपोर्ट कमिश्नरेट में दर्ज मामले में 21.70 किलो चरस जब्त।

3) डीआरआई ने एक मामले में 29 किलोग्राम हेरोइन जब्त की जबकि मुंबई सीमा शुल्क विभाग-3 के निषेध आयुक्तालय ने खेप को नष्ट कर दिया।

सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित नशीली पदार्थ और सायकोट्रॉपिक यानि मन को प्रभावित करने वाले पदार्थों को रखने वाले व्यक्तियों को अवैध कार्य करने वाला माना जाता है। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सबस्टेंस (एनडीपीएस) अधिनियम 1985 की धारा 8 के तहत दोषी हैं। अधिनियम की धारा 21 धारा 23 और एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 29 के तहत भी दंडनीय है। सीमा शुल्क अधिकारियों के अनुसार मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर मादक पदार्थों की बरामदगी के आंकड़े बताते हैं कि नशीले पदार्थों की तस्करी मुख्य रूप से केन्या युगांडा जाम्बिया और जिम्बाब्वे के नागरिकों द्वारा की जाती है।

सामान में विशेष गुप्त डिब्बे बनाकर इन नशीले पदार्थों की तस्करी की जाती है। यह भी पता चला है कि यात्री ने भी इस तरह के पदार्थ का सेवन किया है। मुंबई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग ने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार का पता लगाने के लिए स्निफर डॉग्स का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है। भले ही जब्त की गई नशीली पदार्थ को जलाया जाना चाहिए यह पर्यावरण की दृष्टि से हानिकारक है। अतः ऐसी सामग्रियों का दहन प्रमाणित प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित भस्मक में किया जाना चाहिए।

# बोलीवुड पर गुजरात लोकगायकों का प्रहार कहा- लोगों की धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखें

वलसाड। वापी में आयोजित एक लोक संगीत के कार्यक्रम में गुजरात के विख्यात लोक गायकों ने बोलीवुड को आडे हाथ लेते हुए कहा कि फिल्म बनाते समय लोगों की ध्यान भावनाओं को ध्यान में रखना चाहिऐ इसका ध्यान रखें कि कौन सा वस्त्र कहां शोभा देगा? गुजराती को लोक गायकों ने अपरोक्ष रूप से बोलीवुड की फिल्म ह्यपठानह्ल बॉयकोट ट्रेन्ड से सहमती जताई है दरअसल दक्षिण गुजरात के वलसाड जिले की उमरगाम तहसील के भिलाड के निकट इंडियापाडा में 51 शक्तिपीठ मंदिर और गौशाला के लाभार्थ श्री शक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से भव्य लोक संगीत का आयोजन किया गया थो वलसाड के वीआईए ग्राउंड में आयोजित लोक संगीत में श्री शक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी गजानंद महाराज समेत साधु-संत और राजनीतिक व सामाजिक नेता उपस्थित रहे गुजरात के विख्यात लोक गायक मायाभाई आहिर और गीताबेन रबारी ने गायकी और संगीत के जरिए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दियो गुजरात की परंपरागत संस्कृति के तहत लोक संगीत के कार्यक्रम सेवाकीय भावनाओं से आयोजित किया जाता है और इसमें आनेवाले लोग दिल खोलकर रुपए बरसाते हैं क्योंकि लोगों को पता है कि उनका रुपए किसी धार्मिक या सामाजिक सेवा के लिए खर्च किया जाना है वैसे तो डांस बार समेत कई जगह रुपए उड़ाए जाते हैं लेकिन गुजरात के परंपरागत लोक संगीत के दौरान रुपयों की जो बारिश की जाती है वह सेवा पर खर्च किए जाते हैं इसीलिए धनवान लोग लोक संगीत कार्यक्रमों में दिल खोलकर रुपए उड़ाकर हर्ष व्यक्त करते हैं लोकगायक मायाभाई आहिर और गीताबेन रबारी ने गुजरात की इस परंपरागत संस्कृति की सराहना की इस मौके पर दोनों ने बोलीवुड पर भी प्रहार किऐ बता दें कि शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण अभिनित बोलीवुड की फिल्म ह्यपठानह्ल को लेकर विवाद चल रहा है इस फिल्म को लेकर गुजराती लोक गायकों ने टिप्पणी की मायाभाई आहिर और गीताबेन रबारी ने कहा ह्यफिल्मवालों को भी ध्यान रखना चाहिए कि कौन सा वस्त्र कहां शोभा देता है? साथ ही लोगों की धार्मिक भावनाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिऐ ऐसा कहते हुए गुजराती लोक गायकों ने पठान फिल्म के बॉयकोट के चल रहे ट्रेन्ड का अपरोक्ष रूप से सहमति जताई उन्होंने कहा कि फिल्में ऐसी बनाई जानी चाहिए जिससे लोगों की भावनाएं आहत ना हों साथ ही फिल्म पूरा परिवार साथ में बैठकर देख सके।

# आजाद की घर वापसी करने में जुटी कांग्रेस

**सोनिया की करीबी अंबिका सोनी संपर्क में**

**भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कर वापसी की योजना**

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गुलाम नबी आजाद की घर वापसी कराने की कोशिशें तेज हो चुकी हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की करीबी अंबिका सोनी आजाद के संपर्क में हैं। आजाद को पहले भारत जोड़ो यात्रा में शामिल करवाने की रणनीति है। उसके बाद उनकी कांग्रेस में वापसी होगी। उन्होंने साल 2022 अगस्त में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की ह्यनेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर उन्हें ह्यचाटुकारोंह्ल से घिरा हुआ बताकर कांग्रेस पार्टी के साथ अपनी करीब आधा दशक (50वर्ष) पुरानी यात्रा को विराम दे दिया था। आजाद ने जम्मू-कश्मीर की राजनीति में उतरने का ऐलान कर ह्यआजाद डेमोक्रेटिक पार्टीह्ल बनाई। उनके इस फैसले के बाद जम्मू-कश्मीर कांग्रेस में भी टूट पड़ी और कई वरिष्ठ नेता आजाद के साथ आ गए।

लेकिन आजाद डेमोक्रेटिक पार्टी गठन के 4 माह बाद ही टूटने लगी है। एक के बाद एक कई नेताओं ने आजाद का साथ छोड़कर कांग्रेस में वापसी कर ली है। सूत्रों के अनुसार आजाद राजनीतिक रूप से अब कमजोर पड़ गए हैं और कांग्रेस में अपनी वापसी को लेकर सकारात्मक हैं। इधर कांग्रेस भी बिना शर्त उनकी वापसी की बात कह रही है। अंबिका सोनी ने आजाद से इस बारे में बात कर रही हैं। हालांकिअभी तक कुछ भी आधिकारिक रूप से नहीं कहा गया है। कांग्रेस के अंदर आजाद के नेतृत्व वाले जी -23 में शामिल रहे नेता हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भी आजाद से बात कर रहे हैं। इसके अलावा बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष और जी-23 के सदस्य रहे अखिलेश प्रसाद सिंह भी आजाद के संपर्क में हैं।

नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने का ऐलान कर चुके हैं। इसके बाद आजाद पर भी दबाव और बढ़ गया है। कांग्रेस से बगावत करने वाले उनके कुछ और साथी भी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने की फिराक में हैं। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता आजाद को समझा रहे हैं कि उन्हें भी भारत जोड़ो यात्रा से जुड़कर घर वापसी कर लेनी चाहिए। सूत्रों की मानें 10 जनपथह्ल के खास राहुल के करीबी जयराम रमेश ने भी आजाद को मैसेज किया है। सूत्रों का कहना है कि गुलाम नबी आजाद कांग्रेस में वापसी के लिए तैयार हैं लेकिन वह चाहते हैं कि गांधी परिवार का कोई सदस्य उन्हें एक फोन कॉल कर इसके लिए कहे। लेकिन पार्टी छोड़ते वक्त जिस तरह का निजी हमला उन्होंने राहुल गांधी पर किया था उसकी वजह से गांधी परिवार आजाद को मनाने के मूड में नहीं है। यही चुनौतीड्डउनसे बात कर रहे नेताओं के सामने है।

## शेयर बाजार अंतिम दिन गिरावट पर बंद हुआ

मुम्बई। मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 293 अंकों की कमी के साथ 60840.74 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 86 अंक नीचे आकर 18105 पर बंद हुआ। आज सुबह बाजार की शुरूआत तेजी के साथ हुई। सेंसेक?स आज सुबह 195 अंकों के उछाल के साथ ही 61329 पर खुला वहीं निफ्टी 68 अंक ऊपर आकर 18259 पर खुला।

निवेशकों ने आज साल के आखिरी सत्र की शुरूआत में जमकर खरीददारी की पर कुछ समय बाद ही इसमें गिरावट आने लगी। थोड़ी देर बाद ही निवेशक पीछे हट गये। बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों वाले इंडेक्स में आज ज्यादातर स्टॉक नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान हैवीवेट शेयरों में जमकर बिकवाली हुई। सेंसेक?स के 30 शेयरों में से 12 शेयरों में बढ़त रही जबकि 18 नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए है.

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक भारती एयरटेल एचडीएफसी आईटीसी नेस्ले लार्सन एंड टुब्रो एशियन पेंट्स महिंद्रा एंड महिंद्रा पावरग्रिड और इंडसइंड बैंक के शेयरों को नुकसान हुआ। वहीं दूसरी ओर बजाज फिनसर्व टाइटन बजाज फाइनेंस टाटा स्टील टाटा मोटर्स विप्रो कोटक महिंद्रा बैंक टेक महिंद्रा रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर बढ़त हासिल करने में सफल रहे। एशिया के अन्य बाजारों में टोक्यो शंघाई और हांगकांग के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं यूरोप के शेयर बाजार शुरूआती कारोबार में गिरावट पर रहे जबकि गत दिवस अमेरिकी शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। साल 31 दिसंबर 2021 को स्टॉक मार्केट 58253.82 अंकों पर बंद हुआ था। वहीं आज सेंसेक?स 293 अंकों की कमी के साथ 60840.74 अंकों पर बंद हुआ। एक साल में बाजार ने 2586.92 अंकों की तेजी दर्ज की।

## 2023 मे सैटेलाइट कॉलिंग वाले स्मार्ट फोन

नई दिल्ली। 2023 मे नए साल की शुरूआत के साथ स्मार्ट फोन बाजार में भारी गहमागहमी देखी जा रही है. भारत में 5ऋकी शुरूआत होने जा रही है. इसके लिए स्मार्टफोन में बदलाव और नए फोन को लेकर तरह-तरह के मॉडल बाजार में उपलब्ध होने वाले हैं.इसके साथ ही सेटेलाइट कॉलिंग फैसिलिटी वाले मोबाइल फोन भी वर्ष 2023 में बड़ी संख्या में बाजार में उपलब्ध होंगे.

बाजार से प्राप्त जानकारी के अनुसार नए फीचर वाले स्मार्टफोन में सेटेलाइट कॉलिंग सुविधा होगी. वहीं मात्र 9 मिनट में इन्हें चार्ज किया जा सकेगा.20000 से कम के दाम में एलसीडी एमोलेड डिस्प्ले के स्थान पर अब ओएलईडी डिस्प्ले वाले मोबाइल फोन बाजार में उपलब्ध होंगे. इसमें क्वालिटी और शार्पनेस दोनों अधिक होंगी.

एंड्राइड 14 ऑपरेटिंग सिस्टम पर आधारित फोन फरवरी माह में लांच होने की संभावना जताई गई है.यह फोन हमेशा इंटरनेट के साथ कनेक्टेड रहेगा.

### 5G के कारण भी नए स्मार्ट फोन बाजार में

मार्केट में सेटेलाइट सपोर्ट के नए एंड्रॉयड फोन मार्केट में आने जा रहे हैं.इस फोन में सेटेलाइट कॉलिंग की सुविधा भी होगी. गूगल स्मार्टफोन कंपनियों के साथ भागीदारी करके इसे मार्केट में ला रही है.

जो नए मोबाइल फोन बाजार में आ रहे हैं. उसमें 9 मिनट के अंदर मोबाइल फोन को फुल चार्ज करने की क्षमता होगी.

जो नए मोबाइल फोन 2023 में लांच होने जा रहे हैं.उसमें पेरिस्कोप कैमरा होगा. यह ऑप्टिकल जूम फोटो के लिए फोकल लेंथ बढ़ा देते हैं. कुछ फोन के फीचर में 4 से 9 गुना ऑप्टिकल जूम फैसिलिटी उपलब्ध होगी. ऐसे फीचर वाले मोबाइल फोन मे डीएसएलआर कैमरे होते हैं. जो फोटो की बढ़िया क्वालिटी देते हैं.

## टाटा कंज्यूमर ने जोकेल्स के 23 प्रतिशत अतिरिक्त शेयर खरीदे

मुंबई। रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने 43.65 करोड़ रुपए में एक अनुषंगी कंपनी के जरिये दक्षिण अफ्रीका स्थित जोकेल्स टी पैकर्स के 23.3 प्रतिशत अतिरिक्त शेयर हासिल किए हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी एक सूचना में कहा ?कि कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ओवरसीज होल्डिंग्स लिमिटेड (टीसीपी ओवरसीज) ने टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स यूके ग्रुप के जरिये दक्षिण अफ्रीका के अपने संयुक्त उद्यम भागीदारों से जोकेल्स टी पैकर्स की शेयर पूंजी का 23.3 प्रतिशत खरीदने का फैसला किया है। इसमें कहा गया है कि यह सौदा शेयरधारक करार और शेयर खरीद समझौते की शर्तों के अनुरूप है। इसे टीसीपी ओवरसीज जोकेल्स और संयुक्त उद्यम भागीदारों ने अंतिम रूप दिया है। टाटा समूह की एफएमसीजी इकाई ने हिस्सेदारी के अधिग्रहण की लागत पर कहा कि यह सौदा 43.65 करोड़ रुपये और समायोजित राशि पर हुआ है। इस अधिग्रहण से जोकेल्स में टीसीपी ओवरसीज की हिस्सेदारी 51.7 प्रतिशत से बढ़कर 75 प्रतिशत हो गई है। शेष 25 प्रतिशत हिस्सेदारी संयुक्त उद्यम भागीदारों के पास है।

## 16.36 लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ी 2022 में इक्विटी निवेशकों की संपत्ति

नई दिल्ली। शेयर बाजारों के निवेशकों की संपत्ति इस साल 16.36 लाख करोड़ रुपए से अधिक बढ़ी है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और मुद्रास्फीति की चिंताओं के बावजूद शेयर बाजार नई ऊंचाई पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि बेहतर व्यापक आर्थिक बुनियाद खुदरा निवेशकों का विश्वास और 2022 के अंतिम महीनों में विदेशी निवेशकों की वापसी के चलते घरेलू इक्विटी में तेजी आई। इस वजह से दुनिया भर के कई अन्य शेयर बाजारों की तुलना में भारतीय बाजार का प्रदर्शन बेहतर रहा। साल के शुरूआती दौर में रूस-यूक्रेन युद्ध से बाजारों को झटका लगा था। रूस ने जब 24 फरवरी को यूक्रेन पर अपना हमला शुरू किया तो 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 2702.15 अंक या 4.72 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज करते हुए 54529.91 अंक पर बंद हुआ। बाद के महीनों में प्रमुख सूचकांक ने खोई हुई जमीन को पुनः प्राप्त किया और इस वर्ष 29 दिसंबर तक 2880.06 अंक या 4.94 प्रतिशत चढ़ गया। अमेरिका आधारित हेज फंड हेडोनोवा के सीआईओ सुमन बनर्जी ने कहा बाजार ने भू-राजनीतिक तनाव और तेल की बढ़ती कीमतों के सामने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि 2022 में भारतीय शेयर बाजार ने चुनौतियों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बावजूद बढ़त दर्ज की। उन्होंने कहा कि इस साल खुदरा निवेशकों ने भी भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुत भरोसा दिखाया और एसआईपी में निवेश 2022 में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

## नवंबर में ई-केवाईसी लेनदेन 22 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। आधार आधारित ई-केवाईसी लेनदेन नवंबर में मासिक आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 28.75 करोड़ तक पहुंच गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि ई-केवाईसी लेनदेन की कुल संख्या 1350 करोड़ से अधिक हो गई है। बयान के अनुसार नवंबर महीने में आधार सत्यापित लेनदेन में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 195.39 करोड़ रहा। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने कहा कि देशभर में निवासियों द्वारा आधार के उपयोग में लगातार प्रगति देखी जा रही है।

अकेले नवंबर में आधार का उपयोग करके 28.75 करोड़ ई-केवाईसी लेनदेन किए गए। यह इससे पिछले महीने की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। नवंबर 2022 के अंत तक ई-केवाईसी लेनदेन की कुल संख्या 1350.24 करोड़ हो गई।

## वैश्विक झटकों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत हैः दास

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि वैश्विक झटकों और चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती की तस्वीर पेश कर रही है और सभी संबद्ध नियामक वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए उपयुक्त कदम उठाने को पूरी तरह से तैयार हैं। दास ने 26वीं वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट की भूमिका में लिखा है कि दुनिया के ज्यादातर देशों में मौद्रिक नीति सख्त किये जाने के साथ अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था चुनौतीपूर्ण बनी हुई है और वित्तीय बाजारों में उथल-पुथल है। उन्होंने कहा कि खाद्य और ऊर्जा आपूर्ति तथा कीमतों पर दबाव है। कई उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में कर्ज को लेकर दबाव की स्थिति बननी शुरू हो गई है। प्रत्येक अर्थव्यवस्था विभिन्न चुनौतियों से जूझ रही है। दास ने कहा ?कि ऐसे वैश्विक झटकों और चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती की तस्वीर पेश कर रही है। वित्तीय स्थिरता बनी हुई है। घरेलू वित्तीय बाजार स्थिर और काम कर रहे हैं।

बैंक व्यवस्था मजबूत बनी हुई है और उनमें पर्याप्त पूंजी है। उन्होंने कहा कि विकट वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत के बाह्य खाते बेहतर और व्यावहारिक बने हुए हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रबंधन के प्रमुख मुद्दे अगर कोई अप्रत्याशित और ताजा झटके आते हैं तो उससे निपटना वित्तीय प्रणाली को और मजबूत करना वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवान्मेष का पूरा उपयोग करना और वित्तीय समावेश को मजबूत बनाना नियामकों और नीति निमार्ताओं की प्राथमिकता में बना रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत 2023 में जी-20 के अध्यक्ष के रूप में वैश्विक मंच पर प्रमुख भूमिका निभाने को लेकर बेहतर स्थिति में है।

## पीएचडीसीसीआई ने कहा- स्वास्थ्य बजट में 30-40 प्रतिशत बढ़ोतरी होनी चाहिए

मुंबई। उद्योगमंडल पीएचडीसीसीआई ने कहा कि आगामी बजट 2022-23 में स्वास्थ्य बजट में 30-40 प्रतिशत की वृद्धि की जानी चाहिए। उद्योग मंडल ने कहा कि देशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी ढांचे अधिक जरूरत है। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष साकेत डालमिया ने आगामी आम बजट के लिए सुझाव देते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बजट अनुमानों के बीच स्वास्थ्य के लिए कुल बजट में लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हमारा विशेष ध्यान स्वस्थ जीवन के लिए एक व्यापक अभियान पर होना चाहिए। यह देश के लिए एक स्वस्थ मानव संसाधन के निर्माण के लिए समय की मांग है। उन्होंने कहा ?कि स्वस्थ जीवन के महत्व को स्कूल के पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही स्थानीय निकायों मंडलों और संघों द्वारा मधुमेह तथा अन्य जीवन शैली संबंधी बीमारियों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। सिनर्जी एनविरोनिक्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय पोद्दार ने अगले बजट से अपनी उम्मीदों पर कहा कि तेजी से और सटीक निदान सबसे प्रासंगिक मांग है।

यह प्रभावी स्वास्थ्य प्रबंधन की दिशा में संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने में मदद करने के अलावा रोगी के स्वास्थ्य में तेजी से वापसी करने में सक्षम होगा। उन्होंने कहा कि हमें देश में बहु-रोग डायग्नोस्टिक मंच किफायती डायग्नोस्टिक्स और वेलनेस प्रमोशन की जरूरत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अगले साल एक फरवरी को आम बजट 2023-24 पेश करने वाली हैं। मंत्रालय ने बजट पर सुझाव लेने के लिए विविध क्षेत्रों में विभिन्न हितधारकों के साथ कई दौर की चर्चा की है।

## आरबीआई ने मुद्रास्फीति को काबू में लाने तत्परता से कदम उठाये हैं: रिपोर्ट

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि देश की खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी से लगातार संतोषजनक सीमा से ऊपर रहने के बाद अब नरम हुई है और इसे काबू में लाने के लिए जिस तत्परता से कदम उठाये गए हैं उससे इसके और नीचे आने की उम्मीद है। साथ ही इससे महंगाई को लेकर जो आशंकाएं हैं उस पर भी लगाम लगेगी। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक हालात का सामना कर रही है। लेकिन मजबूत वृहत आर्थिक बुनियाद और वित्तीय एवं गैर-वित्तीय क्षेत्र के मजबूत बही-खाते के चलते वित्तीय प्रणाली बेहतर स्थिति में है। इसमें कहा गया है ?कि हालांकि मुद्रास्फीति ऊंची बनी हुई है लेकिन तेजी से उठाये गए मौद्रिक नीति कदम और आपूर्ति के स्तर पर हस्तक्षेप से अब इसमें नरमी आ रही है। आरबीआई ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में मजबूती से आयात महंगा होने के कारण भी मुद्रास्फीति बढ़ती है। इससे खासकर उन जिंसों के दाम बढ़ते हैं जिन वस्तुओं का आयात डॉलर में किया जाता है। रुपए की विनिमय दर में गिरावट से स्थानीय मुद्रा में जिंसों के दाम में तेजी अभी भी बनी हुई है और कई अर्थव्यवस्थाओं में यह औसतन पिछले पांच साल के मुकाबले ऊंची बनी हुई है।

### अमेरिकी डॉलर में मजबूती से आयात महंगा होने से भी बढ़ती है मुद्रास्फीति

रिपोर्ट के अनुसार गरीब अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह दोहरा झटका है। इससे एक तरफ जहां जिंसों के दाम बढ़ते हैं वहीं दूसरी तरफ इससे मानवीय संकट भी पैदा होता है। घरेलू वित्तीय स्थिति के बारे में आरबीआई ने कहा कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुसार संतोषजनक दायरे में लाने के लिए मौद्रिक नीति को सख्त किया गया है। आरबीआई को मुद्रास्फीति दो से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जनवरी से संतोषजनक स्तर की उच्च सीमा यानी छह प्रतिशत से ऊपर बने रहने के बाद नवंबर में नरम होकर 5.88 प्रतिशत पर आई है।

## ऑटो एक्सपो 2023 किआ मोटर्स लांच करेगी अपनी इलेक्ट्रिक कार ईवी 9

मुंबई। ऑटो एक्सपो 2023 कई मायनों में खास होने जा रहा है। 12 से 18 जनवरी तक होने जा रहे ऑटो एक्सपो में कॉन्सेप्ट और इलेक्ट्रिक कारों का बोलबाला रहेगा। टाटा की पंच के बाद अब किआ की भी एक नई इलेक्ट्रिक कार को शोकेस करने की तैयारी हैं। कॉन्सेप्ट ईवी 9 नाम की इस कार का कंपनी ने ऑफिशियल टीजर भी लांच कर दिया है। ये एक 7 सीटर इलेक्ट्रिक एसयूवी होगी। फिलहाल इस कार का लांच कंपनी कब करेगी इसके संबंध में कोई ऑफिशियल घोषणा नहीं की गई है।

किआ ने पहली बार अपनी इस इलेक्ट्रिक कार को 2021 में लॉस एंजिल्स मोटर शो में शोकेस किया था। हालांकि उस दौरान भी कार को जल्द ही ग्लोबल रुप से लांच करने की बात कही गई थी लेकिन बाद में इस लेकर चर्चा नहीं हुई। अब किआ ऑटो एक्सपो 2023 में शोकेस करने के साथ ही दिसंबर से पहले लांच करने की भी तैयारी में है।

इसके साथ टाटा अपनी नई इलेक्ट्रिक कार पंच ईवी को भी ऑटो एक्सपो में लांच कर सकता है। इस लेकर भी लंबे समय से इंतजार हो रहा था। टाटा टियागो की लांच के बाद से ही पंच ईवी के लांच को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। अब चर्चा है कि ऑटो एक्सपो के दौरान कंपनी इस लांच करेगी और इसके साथ ही कार की बुकिंग भी शुरू कर दी जाएगी। टाटा की इलेक्ट्रिक कारों के लाइनअप में ये चौथी गाड़ी होगी।

## कच्चा तेल दो दिन में 2 डॉलर सस्ता

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और दो सत्र में ब्रेंट क्रूड 2 डॉलर से ज्यादा सस्ता हो गया है। इस बीच शुक्रवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल के खुदरा भाव में बदलाव दिख रहा है और यूपी से बिहार तक कई शहरों में तेल के दाम बढ़ गए हैं। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं आया।

सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गौतमबुद्ध नगर (नोएडा-ग्रेटर नोएडा) में पेट्रोल 14 पैसे महंगा हुआ और 96.79 रुपए लीटर बिक रहा है जबकि डीजल 14 पैसे बढ़कर 89.96 के भाव पहुंच गया है। बिहार की राजधानी पटना में भी पेट्रोल आज 50 पैसे महंगा हुआ 107.80 रुपए लीटर पहुंच गया जबकि डीजल 47 पैसे बढ़कर 94.56 रुपये लीटर है। हालांकि हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में पेट्रोल 6 पैसे सस्?ता होकर 96.83 रुपए लीटर हो गया जबकि डीजल 5 पैसे गिरकर 89.71 रुपए लीटर बिक रहा है।

कच्चे तेल में पिछले 24 घंटे के दौरान गिरावट आई है। ब्रेंट क्रूड का भाव करीब एक डॉलर गिरकर 82.26 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वहीं डब?ल?यूटीआई का भाव 0.05 डॉलर बढ़कर 78.65 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.80 रुपए और डीजल 94.56 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 96.83 रुपए और डीजल 89.71 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

### यूपी बिहार में बदले पेट्रोल-डील के भाव बाकी जगह स्थिर

## रिलायंस कंज्यूमर ने लोटस चॉकलेट में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

मुंबई। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरसीपीएल) की फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स शाखा रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने लोटस चॉकलेट में 51 प्रतिशत नियंत्रण हिस्सेदारी हासिल कर ली है। यह डील 113 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर हुई है जिसकी कुल रकम 74 करोड़ रुपए है। आरसीपीएल ने लोटस चाकलेट के प्रमोटरों के साथ एक समझौता किया है जो चॉकलेट कोको उत्पाद और कोको डेरिवेटिव बनाती है। शेयर खरीद समझौते के तहत आरसीपीएल ने लोटस चॉकलेट की चुकता शेयर पूंजी का 77 प्रतिशत हिस्सा खरीदा है। यह खरीद कंपनी के प्रवर्तकों प्रकाश पेराजे पई और अनंत पेराजे पई से शेयर बाजार में की जाएगी।

इसके बाद रिलायंस लोटस के सार्वजनिक शेयरधारकों के लिए 26 प्रतिशत की खुली पेशकश लाएगी। बता दें कि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड लोटस के 6548935 इक्विटी शेयरों का अधिग्रहण करेगा जो कंपनी के मौजूदा प्रमोटर और प्रमोटर समूह की 51 फीसदी हिस्सेदारी है। इस खबर के बीच लोटस चॉकलेट के शेयर में गुरुवार को अपर सर्किट लग गया। कारोबार के आ?खिर में बीएसई इंडेक्स पर लोटस चॉकलेट का शेयर भाव 117.10 रुपए था। यह एक स्मॉल कैप कंपनी है और इसका मार्केट कैपिटल 150 करोड़ रुपए है।

## सेटेलाइट फोन लेकर टेस्ला जल्द बाजार में

नई दिल्ली। दूरसंचार के क्षेत्र में अब मोबाइल फोन और आईफोन का स्थान जल्द ही सेटेलाइट फोन लेने जा रहे हैं। टेस्ला अगले साल 2023 की प्रथम तिमाही में सेटेलाइट फोन की पहली पीढ़ी को लांच करने की तैयारी कर चुकी है। एलन मस्क ने इसके हाल ही में संकेत दिए हैं। सेटेलाइट फोन का नाम पाई रखा गया है। सेटेलाइट फोन से दुनिया के किसी भी हिस्से में ऊंची गुणवत्ता के साथ हाई स्पीड इंटरनेट सेवा प्रदान करेगी। सेटेलाइट फोन के माध्यम से जहां चाहें बात कर सकेंगे। वहीं बड़ी स्पीड के साथ डाटा भी ट्रांसफर कर सकेंगे।

**स्टारलिंक वी 2**

एलन मस्क ने अगस्त माह में ही घोषणा कर दी थी कि 2023 में वह स्टलिंग वी 2 लांच करेंगे। मोबाइल फोन से जुड़ा यह सीधा नेटवर्क होगा। इस फोन से पानी के 100 मीटर की गहराई में भी उच्च गुणवत्ता वाली सेवा मिल सकेगी।फोन कॉल को रोकने या संदेश रोकने का कोई प्रयास सफल नहीं होगा। मस्क के इस मोबाइल फोन में 1000 से लेकर 2000 गीगाबाइट तक की मेमोरी होगी।

**सेटेलाइट फोन के फायदे**

यह सेवा जीएसएम एंटीना पर निर्भर नहीं रहता है। आपातकालीन स्थितियों में भी संदेश भेजे जा सकते हैं। बिना नेटवर्क वाले इलाके जंगलों पहाड़ों और दूरस्थ क्षेत्रों से भी संपर्क बनाया जा सकता है। डाटा ट्रांसफर करने और धरती के किसी भी हिस्से पर इंटरनेट उपयोग करने की सुविधा होती है।

**सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण**

सेटेलाइट फोन नेटवर्क से एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से संपर्क स्थापित कर सकता है। डाटा ट्रांसफर कर सकता है। भारत जैसे देश में अभी सेटेलाइट फोन के लिए लाइसेंस लेने पड़ते हैं। सेटेलाइट फोन अभी काफी महंगे हैं। स्मार्टफोन की तुलना में अभी सेटेलाइट फोन महंगे थे। लेकिन अब इसे व्यापक स्तर पर लांच किया जा रहा है। सेटेलाइट फोन की कीमत आईफोन की वर्तमान कीमत के आसपास होगी। दुनिया के कई देशों में इसके लाइसेंस के लिए टेस्ला ने आवेदन किए हैं। कई देशों में उसे मंजूरी मिल गई है। भारत में अभी उसके आवेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

**आईफोन होंगे अतीत की बात**

वर्तमान में महंगे आईफोन की सेवाएं सबसे अच्छी मानी जाती हैं। अभी मोबाइल नेटवर्क जो चल रहा है। वह अतीत का नेटवर्क बन सकता है। सेटेलाइट फोन की कीमत कम होने पर यह आम आदमी के बीच अपनी लोकप्रियता बढ़ाएंगे। पिछले दो दशक में मोबाइल फोन के ग्राहक काल ड्रॉप की समस्या और धीमे नेटवर्क के कारण हमेशा परेशान होते रहे हैं। अब सैटलाइट कम्युनिकेशन के माध्यम से काफी तेज गति से डेटा ट्रांसमिशन दूरसंचार की दुनिया में नई क्रांति आने की बात कही जा रही है।

## साल 2023 में आपका रसाई बजट नहीं बिगड़ने देगी मोदी सरकार दाल और तेल पर खास तैयारी

नई दिल्ली। साल 2023 में आपकी रसाई का बजट न बिगड़े इसकी पूरी तैयारी मोदी सरकार ने कर ली है। किचन के बजट को सबसे ज्?यादा प्रभावित करने वाले खादय पदार्थ तेल और दाल पर मोदी सरकार की विशेष नजर है। इतना ही नहीं इनकी कीमतों को काबू में रखने के लिए बाजार में इन खाद्य उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के उपाए शुरू कर दिए हैं। इसके लिए केंद्र ने कम आयात शुल्क पर पाम तेल मंगाने की छूट दी है तब दालों के आयात के लिए फ्री इम्पोर्ट पॉलिसी को एक साल और बढ़ा दिया है। इसके अलावा कपास के आयात पर शुल्क भी खत्म कर दिया है। मोदी सरकार ने खाद्य तेल की कीमतों को काबू में रखने के लिए दिसंबर 2021 में आयात शुल्क घटाया था। इसकी अवधि 31 दिसंबर 2022 को समाप्त होने वाली है लेकिन इससे पहले ही सरकार ने इस अवधि को अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया है। इस फैसले से रिफाइंड पाम तेल का आयात कम टैक?स पर किया जा सकेगा। मोदी सरकार ने रिफाइंड पाम तेल पर आयात शुल्?क 19.25 फीसदी से घटाकर 13.75 फीसदी कर दिया था। इसके बाद भारतीय कारोबारी सस्?ती दरों पर पाम तेल का आयात कर सकते हैं और बाजार में भी इसकी कीमतों पर दबाव नहीं आएगा।

खाद्य तेल ब्रोकर कंपनी के अधिकारी का कहना है कि आयात शुल्क में कटौती से ही 2022 में पाम तेल का खूब आयात हुआ और आगे भी हम 2 लाख टन के आयात का अनुमान लगा रहे हैं। मोदी सरकार ने खुदरा बाजार में अरहर (तुअर) और उड़द दाल के रेट कम रखने के लिए इसके आयात पर लागू फ्री-इम्पोर्ट पॉलिसी को 31 मार्च 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। इसका मतलब है कि कारोबारियों पर दाल आयात के लिए कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा और वे सालभर में कितनी भी मात्रा में दाल का आयात कर सकते हैं। इससे खुदरा बाजार में उपलब?धता बढ़ेगी और कीमतों पर लगाम रहेगी। सरकार ने पिछले साल खुदरा बाजार में दालों की बढ़ती कीमतों को देख यह लागू किया था।केंद्र के इस कदम से नवंबर 2022 में दालों की महंगाई दर गिरकर 3.15 फीसदी पर आ गई थी।

केंद्र सरकार ने दाल और खाने के तेल के अलावा कॉटन (कपास) पर भी आयात शुल्क खत?म कर दिया है। कारोबारी अब बिना आयात शुल?क चुकाए 51 हजार टन एक्स्ट्रा लॉन्ग कॉटन का आयात कर सकते है। साल 2022 में यह आंकड़ा सिर्फ 419 टन रहा था। जाहिर है कि इस फैसले से सूती कपड़ों के उत्पादन की लागत घटेगी और खुदरा बाजार में भी कीमतों पर लगाम रहेगी। इसके अलावा सरकार ने 1.5 लाख टन मसूर के आयात को भी 50 फीसदी शुल्क के साथ लाने की मंजूरी दे दी है और 34 हजार टन बादाम का आयात भी 50 फीसदी शुल?क के साथ हो सकेगा। इससे खुदरा बाजार में इन दोनों उत्पादों की कीमतों पर भी लगाम लग सकेगी।

## इनोवा हाइक्रॉस 3-रो एमपीवी लांच कीमत 18.30 लाख रुपये से शुरू

मुंबई। जापानी वाहन निमार्ता कंपनी टोयोटा ने देश में अपनी इनोवा हाइक्रॉस 3-रो एमपीवी की कीमतों की घोषणा कर दी है। नया मॉडल बेस पेट्रोल वेरिएंट के लिए 18.30 लाख रुपये की कीमत पर उपलब्ध है जो टॉप-स्पेक स्ट्रांग हाइब्रिड मॉडल के लिए 28.97 लाख रुपये तक जाता है। खरीददार को 50000 रुपये की टोकन राशि का भुगतान करके नई टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस को ऑनलाइन या डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं।

नई हाइक्रॉस कुल 5 ट्रिम लेवल-जीजीएक्स वीएक्स जेडएक्स और जेडएक्स (ओ) में उपलब्ध है। क्रॉसओवर-एमपीवी को 7 कलर स्कीम ऑप्शंसन में पेश किया है। इसमें ब्लैकिश एजहा ग्लास फ्लेक प्लेटिनम व्हाइट पर्ल स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन सिल्वर मेटैलिक अवंत-गार्डे ब्रॉन्ज मेटैलिक एटीट्यूड ब्लैक माइका और सुपर व्हाइट शामिल हैं।

नई हाईक्रॉस 4755 मिमी लंबाई 1845 मिमी चौड़ा और 1785 मिमी ऊंचा है और इसका व्हीलबेस 2850 मिमी है। नया मॉडल इनोवा क्रिस्टा से 20 एमएम ज्यादा लंबा और चौड़ा है। हालांकि इसकी हाइट पहले जैसी ही है लेकिन व्हीलबेस को 100 एमएम तक बढ़ाया गया है। व्हीलबेस बढ़ने से केबिन स्पेस बेहतर होता है। नई इनोवा हाईक्रॉस को फ्रंट व्हील ड्राइव लेआउट के साथ टोयोटा के टीएनजीए मोनोकोक चेसिस पर विकसित किया गया है।

नई टोयोटा एमपीवी दो इंजन ऑप्शंस के साथ है एक 2.0-लीटर स्वाभाविक रूप से एस्पिरेटेड पेट्रोल और एक 2.0-लीटर पेट्रोल जिसमें टोयोटा की सेल्फ-चार्जिंग मजबूत हाइब्रिड तकनीक है। नॉन-हाइब्रिड वर्जन 172 बीएचपी की शक्ति और 205एनएम का टार्क पैदा करने में सक्षम है और इस सीवीटी गियरबॉक्स में जोड़ा गया है। हाइब्रिड पावरट्रेन 186 बीएचपी का जॉइंट पावर आउटपुट पैदा करता है और ई-ड्राइव ट्रांसमिशन के साथ आता है।

## दूसरी तिमाही में भारत का विदेशी कर्ज 2.3 अरब डॉलर घटा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत का विदेशी कर्ज घटकर 610.5 अरब डॉलर पर आ गया है। यह जून 2022 की तुलना में 2.3 अरब डॉलर कम है। सितंबर तिमाही के आ?खिरी तक भारत का विदेशी ऋण जीडीपी अनुपात 19.2 प्रतिशत था। जून के आ?खिर तक यह 19.3 प्रतिशत था। मंत्रालय ने कहा कि सितंबर 2022 के अंत तक भारत का विदेशी ऋण 610.5 अरब डॉलर था जो जून तिमाही की तुलना में 2.3 अरब डॉलर कम है।

बयान में कहा गया है कि मूल्यांकन में यह लाभ अन्य मुद्राओं जैसे यूरो येन और रुपए की तुलना में डॉलर में मजबूती की वजह से हुआ है। यदि मूल्यांकन के प्रभाव को हटा दिया जाए तो विदेशी ऋण 2.3 अरब डॉलर घटने के बजाय 8.3 अरब डॉलर बढ़ता। सितंबर 2022 के अंत तक दीर्घावधि का ऋण 478.7 अरब डॉलर था। यह जून 2022 के आखिर की तुलना में आठ अरब डॉलर कम है।

# चौपाल में डीएम ने सुनी समस्याएं, दिया निर्देश

**आयोजन**

### लगाये गये स्टालों का किया अवलोकन

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकासखंड रामपुर की ग्राम पंचायत पट्टीजियाराय में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने चौपाल के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए। चौपाल में कैंप लगाकर कृषि विभाग के द्वारा 48 किसानों का ई-केवाईसी और 19 लोगों का भूलेख अंकन किया गया। कुल 7 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अवशेष 26 लोगों का भी आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बना दिया जाए।

इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा आरबी आजीविका, आरंभन आजीविका समूह, पटेल आजीविका, दुर्गा जी आजीविका समूह के द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन किया। उन्होंने बीडीओ ऋचा सिंह को निर्देश दिया कि गांव में नाले को तत्काल खुदवाए। गांव वालों ने शिकायत किया कि ट्यूबेल आये दिन खराब हो जाता है जिस पर जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत कबीरुद्दीनपुर में विद्युतीकरण कराएं और सौभाग्य योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य क्यों नहीं हुआ इसके संबंध में एक्सईएन से स्पष्टीकरण लेने के लिए निर्देश दिया। उपजिलधिकारी लालबहादुर को निर्देशित किया कि सभी लेखपाल का रोस्टर बनाये। बीडीओ को कहा कि लेखपाल और सचिव का नाम और मोबाइल नम्बर सचिवालय पर लिखवा दें। लेखपाल, सचिव गांव में नही आ रहे हो तो बीडीओ से शिकायत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और पात्रता शर्तें दीवार पर लिखवा दं। आवास प्लस के पात्र का नाम भी सचिवालय को दीवार पर लिखवा दे ताकि लोग परेशान न हों। अभियान चलाकर वरासत के मामले निस्तारण कराए। पेंडेंसी रहीं तो संबंधित लेखपाल के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड वितरित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा तालाब के सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया और निरीक्षण के दौरान तालाब के किनारे किनारे ट्रैक बनाए जाने के लिए निर्देशित किया। चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर डी यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।


आजीविका समूह द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन करते डीएम

# कक्षा एक के छात्र को सम्मानित कर बीएसए ने बढ़ाया उत्साह

**ज्ञानपुर।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीएन सिंह ने कक्षा एक छात्र को शत प्रतिशत उपस्थिति होने पर हौसला अफजाई करते हुए सम्मानित किया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि संज्ञान में एक ऐसा बच्चा आया जिसकी उपस्थिति विद्यालय में शत.प्रतिशत रहती है। कक्षा एक का छात्र राज प्रजापति प्राथमिक विद्यालय पूरेमियांखां विकास खंड औराई का है उक्त बच्चे को बीएसए कार्यालय में सम्मान के साथ प्रमाण पत्र दिया गया। बैग यूनिफॉर्म स्वेटर टोपी कलम पेंसिल रबर कटर इरेज? और कुरकुरे टॉफी बिस्कुट आदि भी दिया गया। बीएसए ने छात्र से प्रश्न भी पूछा जिसका बच्चे द्वारा सरलता से उत्तर दिया गया। बीएसए द्वारा उस बच्चे को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र देते हुए तथा यह भी अपेक्षा किया गया कि जनपद के अन्य विद्यालयों में भी बच्चों द्वारा विद्यालयों में शत.प्रतिशत उपस्थिति रखा जाए जिसके लिए यह बच्चा प्रेरणा का स्त्रोत बना है तथा समस्त अध्यापकों से अपेक्षा है कि आप भी उस बच्चे के बारे में अपने विद्यालयों के बच्चों को बताएं जिससे बच्चे प्रेरित होकर प्रत्येक दिन विद्यालय में उपस्थित हो और निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चलाए गए कार्यक्रम के लक्ष्य की प्राप्ति सभी बच्चे कर सकें और उनके शैक्षिक स्थिति में सुधार हो सके।



## संक्षेप

### प्रधानमंत्री की माता के निधन पर की गई शोकसभा

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन कॉलेज के प्रांगण में विधानसभा परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता हीराबेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस शोकाकुल अवसर पर मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अब्दुल कादिर खान, प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान, शशिकांत त्रिपाठी, राधेश्याम सिंह मुन्ना, गप्पू मौर्या, अमृतलाल, डॉक्टर शाहिद अलीम, मोहम्मद जैस, विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ सभी छात्र उपस्थित रहे।



### शोकसभा कर प्रधानमंत्री की मां को अर्पित किए गये श्रद्धासुमन

**खेतासराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन के निधन पर जहां पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। प्रधानमंत्री के दु:ख में शामिल होने के लिए पूरा देश एक साथ खड़ा हो गया। वहीं विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के सभागार में ब्लॉक प्रमुख पति की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर लोगों ने भी हीराबेन को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। ब्लॉक प्रमुख पति ने कहा कि हीराबेन त्याग और समर्पण की मूर्ति थीं। जिस तरीके से उन्होंने अपने बच्चों को कर्तव्य करने की सीख दी, उससे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। अंत में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।



### अधिकारी को देख सभी मेडिकल की दुकानें बंद

**मुफ्तीगंज।** केराकत कोतवाली के मुफ्तीगंज बाजार में ड्रग विभाग के अधिकारी के पहुंचते ही धड़ाधड़ सभी मेडिकल के दुकानों का शटर बंद हो गया। मेडिकल के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गयी। शाम चार बजे के करीब ड्रग विभाग के अधिकारी के पहुंचते ही रामपुर बाजार से लेकर मुफ्तीगंज बाजार तक सभी मेडिकल की दुकाने बंद हो गयी। ड्रग विभाग के अधिकारी के चले जाने के बाद सभी मेडिकल के दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

### पीएम की मां के निधन पर राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**जौनपुर।** त्याग, तपस्या और कर्म की मूर्ति, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जननी माँ हीराबेन के असामयिक निधन पर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री की माताजी के निधन की खबर से हम सब बहुत मर्माहत हैं ईश्वर माताजी के पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे और परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की संबल प्रदान करें।

### निधन पर शोक सभा आयोजित

**सुजानगंज।** बीआरसी कार्यालय सहायक सतीश कुमार की पत्नी का निधन हो जाने पर उनकी आत्मा की शांति हेतु खंड शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार पांडेय की अध्यक्षता में सुबह 9 बजे एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, शेर बहादुर मौर्य अध्यक्ष, प्रभाकर शुक्ल, राजीव मणि त्रिपाठी महामन्त्री, प्रमोद कुमार सिंह, दीप नारायण और उच्च प्राथमिक विद्यालय के सभी छात्र शोक सभा में सम्मिलित रहे। सभी लोग मृतक आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की।

### नई पेंशन योजना के विरोध में जूनियर शिक्षक संघ ने भरी हुंकार

**सुजानगंज।** जूनियर शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई द्वारा विशाल धरने का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर समस्त ब्लाकों में एक साथ मुख्यमंत्री के नाम खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शासन द्वारा जबरदस्ती नई पेंशन योजना कटौती करने का विरोध किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष शेर बहादुर मौर्य ने कहाकि सरकार शिक्षकों की जबरदस्ती कटौती नहीं कर सकती। हमें पुरानी पेंशन योजना चाहिए। चंद्र प्रकाश तिवारी अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जबरदस्ती कटौती बंद किया जाए ताकि वे पठन पाठन में ध्यान दें। इस अवसर पर राजीवमणि त्रिपाठी मंत्री, अजय कुमार सिंह अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, श्याम बली कोषाध्यक्ष, राकेश कुमार यादव, मंत्री प्रभाकर शुक्ल, डा. विनोद कुमार पाल, प्रमोद कुमार सिंह, शैलेंद्र मणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**ज्ञानपुर।** थाना सुरियावा के कस्तूरीपुर में चकिया के तरफ दुगार्गंज भदोही मार्ग पर एक 25 वर्ष युवक की अज्ञात वाहन से धक्का लग जाने से मौत हो गयी।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि मनोज कुमार बनवासी उम्र 25 वर्ष पुत्र राकेश बनवासी ग्राम कुनौरा थाना सराय ममरेज प्रयागराज का निवासी था। गुरूवार की देर शाम मोटरसाइकिल से किसी भट्टे पर कार्य करता था जा रहा था कुछ लोगो के अनुसार किसी वाहन पर सरिया लदा था जिसके पीछे से बाइक भीड़ गयी। जिससे सरिया से उसके सर में गंभीर रूप से चोट लग गयी। जिससे वह गिरकर बेहोश हो गया। पास में ही कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर विनोद सिंह पहुंचकर सूचना एंबुलेंस को दिया। प्राथमिक केंद्र सुरियावां भेजा, हालत गंभीर होने पर उसे ज्ञानपुर भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत मुकदमें में वांछित अभियुक्त मोतीलाल उर्फ अरुण, विजय कुमार, मिठाई उर्फ संदीप पुत्रगण रामचन्दर निवासी चेरापुर तरहटी थाना मुंगराबादशाहपुर को थानाध्यक्ष विवेक तिवारी, उपनिरीक्षक राकेश कुमार राय ने पुलिसबल के साथ शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर तरहटी बाजार हलऊपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 6 जुआरी गिरफ्तार

**पवांरा।** थानाध्यक्ष विवेक तिवारी, उपनिरीक्षक पन्नेलाल यादव ने शुक्रवार की सुबह चूड़ी गली साहबगंज से 6 जुआरियों मो. अशरफ, मो. सद्दाम, हीरालाल जायसवाल, अंकित कुमार कसौधन, मो. साहिल व फैजान अहमद को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश के बावन पत्ते व 1780 रुपये नकद बरामद किया।

# छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया अपना कौशल

**प्रदर्शनी**

### एसएस पब्लिक स्कूल में शिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** एसएस पब्लिक स्कूल सिद्दीकपुर में शुक्रवार को विज्ञान, साहित्य और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। शिक्षक छात्र अभिभावकों के समक्ष अपने हुनर का लोहा मनवाया।

साहित्य हस्तशिल्प कला विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घघाटन प्रबन्धक विश्वतोष सिंह ने फीता काटकर प्रारम्भ किया। इस दौरान डॉ. नम्रता सिंह ने माँ सरस्वती व संस्थापक स्व. समर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान के मॉडल, बायोलॉजी, कम्प्यूटर मॉडल, जल-प्रदूषण, रसायन, भौतिकी, परिसंचरण तंत्र, अंग्रेजी भाषा के मॉडल, हिन्दी भाषा के मॉडल, संगीत के तमाम माडल को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों ने प्रदर्शनी का भरपूर अवलोकन किया। सभी छात्रों ने अपने हुनर कौशल का उत्तम प्रदर्शन किया जिसको लोगों ने देखकर सराहा। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कहाकि छात्र छात्राओं ने अपने हुनर का जिस तरह से प्रदर्शन किया है वह काबिले तारीफ है। छात्रों के इस प्रदर्शनी में शिक्षक और शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक आलोक यादव, एसएस पब्लिक बाबतपुर की प्रधानाचार्या प्रतिभा सिंह व शिक्षक मौजूद रहे।


विज्ञान प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन करते प्रबन्धक

# गाजीपुर ने नौपेड़वा को भारी अंतर से किया पराजित

**क्रिकेट**

### यादवेश राज्य स्तरीय क्रिकेट

**नौपेड़वा।** यादवेश राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज का मुकाबला गाजीपुर और प्रमुख टिंबर नौपेड़वा के बीच 15-15 ओवरों का मैच खेला गया। टॉस जीतकर गाजीपुर ने निर्धारित 15 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए। गाजीपुर के बल्लेबाज आशुतोष 119 रन बनाकर नाबाद रहे जिसमें 14 छक्के शामिल हैं। इसी प्रकार अरुण ने भी 53 रनों का योगदान दिया। जबकि तालिब ने दो विकेट लिए। जवाब में उतरी नौपेड़वा की टीम 131 रन ही बना सकी जिसमें दिनेश ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच आशुतोष रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कमलेश यादव फौजी के कर कमलों द्वारा दिया गया। कमेंट्री मंगल यादव और दीपक यादव ने किया। स्कोरर हरिओम निगम व अंपायर मोहम्मद अनीस व शिवम यादव रहे। इसी क्रम में दूसरा मुकाबला बैंगलोर ब्लास्टर और कानपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर बैंगलोर ने निर्धारित 15 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाए। दीपक ने 35 रन बनाए और मीसम अब्बास ने 12 रन देकर तीन विकेट लिया। जवाब में कानपुर की टीम ने 12 ओवरों में 125 रन बनाकर मैच को जीत लिया। कानपुर की तरफ से विजेंद्र ने सर्वाधिक 46 व राहुल ने 40 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच मीसम अब्बास रहे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार रवि यादव प्रबंधक आयुष कॉलेज आफ मैनेजमेंट व संदीप यादव प्रधान काधापुर के कर कमलों द्वारा दिया गया। कमेंट्री मंगल यादव और दीपक यादव ने किया। स्कोरर आकाश यादव व अंपायर मोहम्मद अनीस व संदीप सिंह रहे।



# अप्रेन्टिसशिप मेले में 41 लोगों को मिले बांड

**ज्ञानपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ज्ञानपुर एवं उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आईटीआई परिसर में शुक्रवार को अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के चित्र को माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जलवन करके किया।अप्रेन्टिसशिप मेले में 524 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें पंजीकृत 241 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार औद्योगिक अधिष्ठानों के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। औद्योगिक अधिष्ठान साक्षात्कार के उपरान्त ऑन लाईन पोर्टल के माध्यम से ही शिशिक्षुओं को योजित करने की पुष्टि करेगें। अप्रेन्टिसशिप मेला में कुल 26 सरकारी व निजी कम्पनीयों ने प्रतिभाग किया गया ऑन स्पॉट 41 अप्रेन्टिसशिप बान्ड निर्गत किया गया। बान्ड प्राप्त कर शिशिक्षुओं के चेहरे मुस्कान से खिल गये। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग श्री हरेन्द्र प्रताप, कौशल विकास मिशन के प्रबन्धक राजकुमार गिरी एवं प्रधानाचार्य, इत्यादि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# देश के कल्याण के लिए एक दिवसीय यज्ञ का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



**गोपीगंज।** क्षेत्र के तिलेश्वर नाथ धाम तिलंगा पर आयोजित महायज्ञ में सर्वप्रथम आचार्य ने संगीतमय धुनों के साथ देव आवाहन किया। विधिवत पूजा अर्चना के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ और वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ साधकों ने पान, सुपारी, नारियल आदि की आहुतियां समर्पित की। एक दिवसीय यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ आरती हुई और कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

भदोही जनपद के आचार्य शरद पांडे, पंडित विजय पांडेय, मनोज तिवारी, हरिओम शास्त्री, चंद्रभूषण, रोहित मिश्रा, राजन पांडे पुरोहित ने यज्ञ सम्पन्न कराया। इस अवसर पर आचार्य शरद पांडेय ने बताया कि वर्तमान में देश ही नहीं पूरा विश्व कोरोना महामारी के संकट से जूझ रहा है। ऐसे वक्त में यज्ञ में आहुति समर्पित कर विश्व कल्याण की कामना करना ही सर्वोपरि है। यज्ञ से न केवल वातावरण की शुद्धि होती है बल्कि विश्व के मानव जगत का कल्याण भी होता है। भारतीय वैदिक परंपरा में यज्ञ महत्वपूर्ण था और यज्ञ की शुरूआत से ही दिनचर्या शुरू होती थी। उन्होंने आराधना, साधना और उपासना के संबंध में विस्तार पूर्वक समझाते हुए सभी से अपने जीवन में उतार लेने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर संजय राय, रिंकू चौरसिया, ओम प्रकाश गुप्ता, मदन मोहन मिश्राआदि का सहयोग रहा।

### ट्रेन से कटकर किशोरी की मौत

**सुरियावां।** थाना सुरियावां के बदलीपुर रेलवे फाटक के पश्चिमी तरफ वाराणसी जंघई रेलवे रुट पर शुक्रवार की सुबह एक युवती की ट्रेन से कट कर मौत हो गयी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती का पहचान थाना सुरियावां के ग्राम सनाथपुर की ज्योति 20 वर्ष पुत्री विद्या धर बिन्द के रूप में हुआ है। ज्योति की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि ज्योति की मानसिक हालत ठीक नही थी।

### भाजपाइयों ने दी हीराबेन को श्रद्धांजलि

**जफरबाद।** क्षेत्र हुसेंपुर स्थित राष्ट्रीय पब्लिक इंटर कालेज के प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी सिरकोनी मंडल के तत्वाधान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माँ हीराबेन के देहावसान पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म देने वाली माँ महान थीं। उनकी मौत से बड़ी क्षति पहुंची। इसके बाद मंडल अध्यक्ष रमेश चन्द्र जायसवाल, सर्वेश सिंह, शीतला गिरी, डॉ. बद्रीनाथ यादव, सत्यप्रकाश सिंह आदि ने भी सम्बोधित करते हुए दुःख व्यक्त किया।

# झाड़ू लगाकर डीएम ने ग्रामीण बाजार सफाई महाअभियान का किया शुभारम्भ

**आयोजन**

### ग्रामीण बाजारों में सफाई को लेकर जिलाधिकारी की नवीन पहल का आगाज

**भदोही।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 अन्तर्गत ठोस द्रव अपशिष्ट प्रबन्धन योजना में जिलाधिकारी की नवीन पहल ग्रामीण बाजार सफाई महाअभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को केशवपुर सरपतहाँ बाजार जोरई में जिलाधिकारी गौरांग राठी व अपर जिला अधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र द्वारा झाडू लगाकर शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर स्थानीय दुकानदार श्री परमहंस टी स्टॉल एवं जनरल स्टोर सुरेश अहिर ने सफाई कर्मचारियों के पारिश्रमिक हेतु स्वेच्छा से सौ रुपए का यूजर चार्ज कलेक्शन दिया। इसी तरह ₹ग्रामीण बाजार सफाई महाअभियान₹ का शुभारंभ सुरियावा के मोढ बाजार नरोत्तमपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने औराई बाजार में मा. ब्लाक प्रमुख बृजमोहन मिश्र, विकास खंड डीघ के जंगीगंज बाजार में ब्लाक प्रमुख मनोज मिश्रा व अजय शुक्ला द्वारा, विकास खंड भदोही के सरोई में मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह द्वारा, विकास खंड अभोली के दुगार्गंज बाजार में खंड विकास अधिकारी अभोली द्वारा किया गया।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के प्रमुख छः बाजारों में दुकानदारों व खरीददारों के हितों के दृष्टिगत बाजारों में प्रतिदिन साफ-सफाई हेतु स्वेच्छा से मासिक यूजर चार्ज लिया जाएगा। इस अवसर पर डीपीआरओ राकेश यादव, डीआईओ पंकज कुमार, बीडीओ ज्ञानपुर बृजेश नारायण त्रिपाठी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष, सचिव लक्ष्मण यादव, ग्राम प्रधान गुलाबधर, रमेश चन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय दुकानदार व जनता जर्नादन उपस्थित रहे।


केशवपुर सरपतहा में झाड़ू लगाते जिलाधिकारी गौरांग राठी

# भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेसियों ने झोंकी ताकत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय व जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र कुमार दुबे राजन के निदेर्शानुसार पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वसीम अंसारी साथियों सहित जनपद के दर्जनों गांव में पहुंचकर आगामी 3 जनवरी 2022 को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा शामिल होने के लिए लोगों को आमंत्रण पत्र सौंपते हुए शामिल होने का आवाहन किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव व विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वसीम अंसारी ने कहा कि जनपद भदोही के सदौपुर, परऊपुर, मतेथु दानूपुर, भटेवरा, कुंदीपुर, सुरियावा बाजार, महदेपुर , महुआपुर, बनकट, मोंढ, नगर पालिका भदोही के दर्जनों मोहल्लों सहित दर्जनों गांव में लोगों से मिलकर राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि देश में जिस तरह से डर और भय का माहौल बनाकर मुद्दों से भटका कर राजनीति की जा रही है इसी डर व भय के माहौल को खत्म करने के लिए आपसी प्रेम व सौहार्द बढ़ाने के लिए राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा कर रहे हैं। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नाजिम अली व सेवादल अध्यक्ष संदीप दुबे ने कहा कि राहुल गांधी अब तक लगभग 108 दिनों में 3000 किलोमीटर की पदयात्रा कर चुके हैं और आगामी 3 जनवरी को गाजियाबाद में प्रवेश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के लाखों कार्यकर्ता अपने जननायक राहुल गांधी जी का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। आमंत्रण पत्र वितरित करने वालों में मुख्य रूप से दीनानाथ दूबे, राजेश्वर दुबे, सुरेश गौतम, विनोद गौतम इत्यादि लोग रहे।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# यूरिया खाद के लिए किसानों की लगी लंबी कतार

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** गोपीगंज नगर के पड़ाव स्थित गोपीगंज सहकारी क्रय विक्रय समिति पर यूरिया के लिए किसानों की भोर से ही लंबी कतार लगी रही। बताते चलें पूर्व में जहां डीएपी के लिए मारी मारा था वहीं अब यूरिया खाद के लिए किसान परेशान देखे जा रहे हैं। सहकारी क्रय विक्रय समिति में शुक्रवार को किसानों की भोर से ही भारी भीड़ लगी रही और किसान अपने बारी का इंतजार करते रहे। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्नू ने बताया 800 बोरी यूरिया का वितरण किया गया है। बताते चलें नगर में दो सहकारी समिति है जिसमें एक ज्ञानपुर रोड जोगिनका सहकारी समिति है जहां शुक्रवार को वितरण नहीं होने के कारण गोपीगंज सहकारी समिति पर भारी भीड़ देखी गई है। अलमऊ ग्राम की आरती ने कहा चार बजे भोर से अपने बच्चो को घर पर अकेला छोड़कर यूरिया के लिए कतार में खड़ी है अभी तक नई मिल पाया। गुलाबी देवी ग्राम पूरे गुलाब ने कहा घर मे ताला बंद कर यूरिया के लिए आई है और भोर से लाइन में खड़ी है। गोपीगंज निवासी अनूप कुमार ने कहा दो बजे रात से लाइन में खड़े है। वही जब इस संबंध कृषि अधिकारी ने बताया कि यूरिया की कोई कमी नही है। जल्दी पाने के प्रयास में भिड़ एकत्रित हो रही है।



# रेलवे फाटक के करीब अंडरपास के निर्माण की आवाज मुखर

**विरोध**

### दूसरे दिन भी ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड रेलवे के पश्चिमी फाटक आनापुर रेलवे फाटक गेट नंबर 40 सी के बंद हो जाने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए। लगातार दूसरे दिन भी तिलंगा, आनापुर के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और अंडरपास की मांग की।

बताते चले कि आनापुर स्थित गेट संख्या 40 सी को अर्धरात्रि बुधवार को रात्रि में बंद करवा दिया गया है। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने अंडरपास की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। और शुक्रवार को भी कई गाव के लामबंद आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा रेलवे विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों की मांग रही कि आनापुर फाटक के पास अंडरपास का निर्माण करवाया जाए, क्योंकि उक्त मार्ग से पांडव कालीन मंदिर बाबा तिलेश्वर नाथ धाम, गुलौरी घाट, चतुमुर्खी घाट, रामपुर गंगा घाट, समेत बाबा सेमराध नाथ एवं अन्य कई दर्जन गांव तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है। रेलवे के आलाअधिकारियों को पूर्व में कई बार ग्रामीण अंडर पास के लिए पत्रक भी दे चुके है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि अंडर पास नही बनता तो ग्रामीण रेलवे ट्रैक पर सो कर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। गम ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में सांसद द्वारा रेलवे विभाग को पत्र भी लिखा गया है। इस दौरान जटा शंकर पाण्डेय, शिवशंकर दुबे, राकेश पाण्डेय, कृष्णकांत पाण्डेय, कृष्ण कुमार मिश्रा, प्रदीप दुबे, सौरभ पाण्डेय, दीपक तिवारी, अनुज कुमार दुबे, कट्टर दुबे, शिवचन्द दुबे, नाइ समाज के जिलाध्यक्ष ब्रम्हदेव शर्मा समेत काफी लोग मौजूद रहे।


आनापुर रेलवे फाटक पर अंडर पास की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण



# कड़ाके की ठंड में जश्न मनाने को हो जाएं तैयार

**बर्फीली हवाओं से नहीं मिलेगी राहत, और बढ़ेगी सर्दी**

*नए साल का जश्न कड़ाके की ठंड के साथ मनेगा। मौसम विभाग की मानें तो अभी सर्दी से राहत के आसार नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ से आगामी पांच जनवरी तक ठंड का असर ऐसे ही बना रहेगा। वैज्ञानिकों की मानें तो बर्फीली हवाएं भी परेशान करेंगी। नववर्ष की पूर्व संध्या पर वाराणसी समेत पूर्वांचल के ज्यादातर हिस्से कोहरे, शीतलहर और ठंड की चपेट में होंगे। जनवरी की शुरूआत में सर्दी का सितम और बढ़ने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को यह पूवार्नुमान व्यक्त किया। मौसम विज्ञानियों की मानें तो खिली धूप के चलते दिन में तो लोगों को ठंड से हल्की राहत मिली है। लेकिन सुबह और शाम के वक्त गलन और ठंड से जनजीवन बेहाल हो जा रहा है। कमोवेश यह स्थिति आगे कई दिन तक बने रहने की संभावना है। विज्ञानियों का कहना है कि पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर अब धीरे-धीरे बनारस समेत पूर्वांचल में देखने को मिलने लगा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, आगामी शनिवार को न्यूनतम तापमान और घट सकता है। नये साल के पहले सप्ताह में तो पारा के और लुढ़कने के आसार हैं। पूर्वानुमान है कि पहली से चार जनवरी तक बनारस समेत पूर्वांचल के विभिन्न हिस्सों में घना कोहरा छाये रहने और शीतलहर चलने के आसार हैं। ऐसे में बर्फीली हवाओं से राहत नहीं मिलेगी और सर्दी का सितम और बढ़ेगा।*



# झूमेंगे-नाचेंगे-गायेंगे, मनायेंगे मौज

## मौज-मस्ती के बीच करेंगे नये साल का स्वागत

**अलविदा 2022 सुस्वागतम् 2023**

**मदहोशी भरी महफिल होगी तो कहीं डिस्कोथेक पर झूमेंगे-नाचेंगे-गायेंगे कपल्स**

**'सुबह-ए-बनारस' के 'नजारे' के बीच नववर्ष के 'बिहान' का होगा रोमांच**

**बनारस ही नहीं, चंदौली, मीरजापुर व आसपास के पर्यटनस्थलों का ले सकते हैं आनंद**



जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** अलविदा-2022 और सुस्वागतम्-2023। नये साल के आगमन की पूर्व संध्या पर मौज-मस्ती करने को युवा मन बेताब है। 'सुबह-ए-बनारस' की 'नजारे' के बीच काशीवासी भी आनंद और उल्लास के बीच नववर्ष के 'बिहान' का स्वागत करने और रोमांच का अनुभव करने को मचल रहे हैं। मां गंगा की शांत लहरों के बीच घंट-घड़ियाल व गूंजते अजान के बोल दुनिया को सौहार्द की एक मिसाल पेश करेंगे। वैसे भी काशी का फक्कड़पन पूरी दुनिया में मशहूर है। इसी फक्कड़पन के बीच नये साल का स्वागत होगा और जोरदार तरीके से होगा, जिसे समूची दुनिया देखेगी। कोरोना के बढ़ते केसेज के बावजूद नये साल के जश्न के प्रति लोगों की दीवानगी इस कदर है कि कहीं यह भारी न पड़ जाएं। नववर्ष का स्वागत लोग पंच सितारा होटलों, मॉल, क्लब, सारनाथ, रविदास पार्क के अलावा अपने-अपने घरों में मौजमस्ती के बीच करेंगे। कहीं मदहोशी भरा नृत्य होगा तो कहीं डिस्कोथेक की चकाचौंध रोशनी में कपल्स झूमेंगे-नाचेंगे-गायेंगे। इस बार डीजे पर रोक लगने के कारण शोर-शराबा तो नहीं होगा, लेकिन मस्ती तो मस्ती है और यह मस्ती छलक कर रहेगी। गंगा घाट के किनारे स्थित गेस्ट हाउस हो या फिर सारनाथ, रामनगर, बाबतपुर आदि इलाकों में बसे फार्म हाउस। सभी जगह नये साल के जश्न की तैयारियां पूरी हो चुकी है। आपके दिल में नये साल का जश्न मनाने की तमन्ना है। होटल-रेस्टोरेंट-गेस्ट हाउस बुक हो चुके हैं। तो तनिक भी परेशान होने की जरुरत नहीं है। आपके ही आसपास यानी बनारस, चंदौली, मीरजापुर में कई रमणीक पर्यटक स्थल है। जहां आप दोस्तो या परिवार के साथ 31 दिसम्बर की शाम या पहली जनवरी को सैर कर पिकनिक मनाते अथवा घूमते हुए नववर्ष का स्वागत कर सकते हैं।

यकीन मानें, वो लम्हे आपको न सिर्फ नये साल के पूरे दिन तक याद रहेंगे बल्कि उससे जुड़ी सुनहरी यादें जिंदगी भर गुदगुदाती रहेगी। उन जगहों पर अपने-अपने वाहन या किराये की गाड़ियों से जा सकते हैं। वैसे तो इन पर्यटक स्थलों के बारे में आप सभी जानते ही होंगे फिर कुछ जानकारी हम भी आपको दे रहे हैं। बात वाराणसी की करें तो यहां भले ही गंगा में बोटिंग पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन बीएचयू विश्वनाथ मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, संकटमोचन, सारनाथ, रामनगर, जगह-जगह खुले वाटर पार्क, शूलटंकेश्वर मंदिर, कैथी स्थित मारकंडेय महादेव मंदिर, चंद्रावती तीर्थ आदि ऐसे स्थान है, जहां आप नये साल का जश्न मना सकते हैं। इसके अलावा पड़ोसी जिले चंदौली के रामगढ़ में बाबा कीनाराम स्थल, चंद्रप्रभा वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी में राजदरी व देवदरी जलप्रपात और मीरजापुर के चुनार किला, लखनिया दरी, शक्तेशगढ़ में सिद्धनाथ दरी, लोअर खजुरी, विंढम फाल, विंध्यवासिनी देवी मंदिर संग अष्टभुजा मंदिर व काली खोह, टांडा फाल के साथ ही भदोही के सीतामढ़ी में नये बिहार का स्वागत कर सकते हैं। वैसे भी हर मौजमस्ती के मौके पर बनारसी दिल खोल कर खर्च करने से किसी से पीछे नहीं रहते। बनारसियों की इसी मस्ती की तो दुनिया कायल है।

# फनी मग और वेडिंग कलेक्शन का जबर्दस्त क्रेज

**नववर्ष के मद्देनजर डिजाइनर गिफ्ट आइटमों से बाजार अटे-पटे**

**लकड़ी के नक्काशीदार काशी विश्वनाथ धाम के मॉडल के लोग दीवाने**

नये साल पर कुछ नया उपहार देने की परंपरा ने बाजार के मायने बदल दिये हैं। अबकी भी बाजार में डिजाइनर गिफ्ट उपहारों की भरमार है। निर्माता कंपनियों ने ग्राहकों खासकर युवा मन को भांपकर एक से बढ़कर एक आइटम बाजार में उतारे हैं। युवाओं के बीच फनी मग और वेंडिंग कलेक्शन की डिमांड सर्वाधिक है। उपहार देने-लेने की परंपरा ने अब फैशन का जामा पहन लिया है। इसी फैशन का एक हिस्सा है ग्लास, बोन चाइना आदि का बना फनी मग। यह आइटम युवा मन को खासा भा रहा है। कपल के लिए वेंडिंग कलेक्शन भी है, जिसमें खूबसूरत फोटो फ्रेम, वाइन ग्लास, कैंडिल स्टैंड, नाइफ एण्ड फोर आदि आइटम है। पोली स्टोन, मैटल आदि के बने वॉल फ्रेम भी किसी से कम नहीं है। पोली स्टोन निर्मित राधाकृष्ण, सीताराम की फोटो ऐसी कि लगता है अभी बोल पड़ेंगे। लकड़ी की नक्काशीदार काशी विश्वनाथ धाम के मॉडल के लोग तो दीवाने हैं। उपहार देने के लिए शुक्रवार को कोई आर्टिफिशियल ज्वेलरी पसंद करता दिखा तो किसी को मैजिक बाक्स पसंद आया। पोली स्टोन निर्मित विविध प्रकार के झरनों के प्रति दीवानगी भी कम नहीं। इसके अलावा बाजार में शोपीस, लाइटिंग कैंडिल, फ्लावर सेट, कलाई घड़ी, परफ्यूम, डियो, लॉकेट, ब्रेसलेट, रिंग, मोती सेट, मोबाइल सेट, एफएम रेडियो, डेकोरेटिव कैंडल, टेराकोटा पॉट, क्रिस्टल वॉज, इम्पोर्टेड ड्राई फ्लावर, फेंगशुई से संबंधित गिफ्ट आइटमों की तरफ युवाओं का रुझान अधिक नजर आया। विक्रेताओं की माने तो युवा वर्ग में दिलनुमा और मैसेज वाले चाकलेट की डिमांड सर्वाधिक निकली। वाइन चाकलेट भी किसी से कमजोर नहीं है।

### चप्पे चप्पे पर प्रशासन की नजर

नए साल के जश्न के माहौल में शहर को शरारती तत्वों से बचाने के लिए पुलिस की टीम चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी। इसके साथ ही पुलिस के जवान सादे ड्रेस में भी जांच-पड़ताल करते हुए नजर आएंगे। वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस की तरफ से स्मार्ट सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पल-पल की निगरानी की जायेगी। पुलिस के आला अधिकारियों की मानें तो प्रतिवर्ष की भांति नए साल के जश्न के मौके पर सभी नागरिकों की सुरक्षा के लिए हमारे जवान तैनात रहेंगे। इसके साथ ही पेट्रोलिंग को ज्यादा करते हुए सादे वस्त्रों में भी जवानों की तैनाती की जायेगी।



# फूलों संग कहिए हैप्पी न्यू ईयर

**नये साल के स्वागत के लिए बढ़ी फूलों की डिमांड**

नये साल के स्वागत की तैयारियों में फूलों का भी क्रेज बढ़ा है। आप विदेशों में जाकर वहां की आबोहवा के साथ फूलों की ताजगी के बीच 'हैप्पी न्यू ईयर' का सेलिब्रेशन नहीं कर सकते तो क्या हुआ। बनारस में बैठे विदेशी फूलों की ताजगी का मजा आप भी ले सकते हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते चलन के बावजूद नववर्ष के स्वागत के लिए ग्रीटिंग, गिफ्ट आइटमों के बीच एमएमएस का क्रेज बरकरार है। इसके बीच देशी-विदेशी फूलों की चाहत कम नहीं है। मनपसंद विदेशी फूल भी अब स्थानीय बाजार में सर्वसुलभ है। बांग्लादेश, कनाडा, जर्मनी, हांगकांग, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, यूके, यूएसए आदि देशों के पसंदीदा फूल स्थानीय बाजार में नजर आने लगे हैं। तरह-तरह के फूलों के रेट अलग-अलग है। यदि आप ऑर्डर देकर घर पर मंगायेंगे तो डिलेवरी चार्ज अलग से देना होगा। फूल ही नहीं विदेशी केक भी आर्डर भी उपलब्ध हो जाते हैं। फूलों के विक्रेताओं की मानें तो नये साल के स्वागत के लिए देशी फूलों की जबर्दस्त डिमांड होती है। विदेशी फूलों के कद्रदान भी कम नहीं है। अब तो लोग ऑनलाइन ऑर्डर देकर विदेशी फूल मंगाने लगे हैं। देशी फूलों से सुसज्जित स्टाइलिश गुलदस्ते और खूबसूरत पुष्पों से सजे फ्लावरपाट लोग अधिक पसंद करते हैं। आम दिनों की तुलना में जाते साल के अंतिम दिन एवं नये साल के पहले दिन ये फूल ब्लैक में बिकते हैं। सर्वाधिक डिमांड गुलाब की होती है। इसके अलावा डच रोज, आर्किड, रजनीगंधा, गुलदावदी, जेम आर्किड, बेंडा आर्किड, कार्नेशन, इंथोरियम, लिलीयम, बुके, बास्केट, हैंड बंच, बर्थ ऑफ पैराडाइज, ट्यूलिब, हैगिग हलकोनिया आदि बाजार में उपलब्ध है।



# नववर्ष के प्रथम दिन निखरती है कोलम की अलौकिक छटा



**दक्षिण भारतीयों के घर के मुख्य द्वार पर देखते ही बनती है रंगोली**

**हनुमानघाट, केदारघाट में अब भी जीवित है कोलम की प्रथा**

**कोलम काढ़ना एक कला सीखने के सामान**

राधेश्याम कमल

नव वर्षारम्भ (१ जनवरी) पर प्रायः हर दक्षिण भारतीय तमिलभाषी घरों के द्वार पर रंगोली की छटां देखते ही बनती है। इस दिन नववर्ष के शुभ-संदेश स्वरुप कोलम की महत्ता है। इस दिवस विशेष पर दक्षिण भारतीय कन्याओं एवं सुहागिनों में द्वार पर कोलम काढ़ने का उत्साह दोगुना हो जाता है। उनमें एक होड़ सी लगी रहती है। आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण इस दिन प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व ही ये महिलायें अपने घर के द्वार को जल से शुद्ध कर जटिल से जटिल कोलम को जमीन पर अंकित कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करतीं हैं। वैसे तो कोलम काढ़ना दक्षिण भारतीयों की दैनंदिन क्रिया है, पर दक्षिणायन काल के अंतिम मास (खरमास) जिसे मार्घईमासम कहा जाता है, में पूरे महीने ही मनमोहक 'कोलम' काढ़ने का जो अभ्यास शुरू होता है, वह उत्तरायण काल 'मकर-संक्रांति' तक अनवरत चलता है। काशी के हनुमान घाट एवं केदार घाट के तमिल भाषियों ने भी 'कोलम' काढ़ने की इस प्रथा को यथावत जीवित रखा है। काशी में इस प्रथा को संरक्षित एवं संवर्धित करने में काशी के तमिलभाषी कलाविद् डॉ. राधाकृष्ण गणेशन का प्रमुख योगदान है। वह यहां की कन्याओं एवं महिलाओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए भूमि-चित्र 'कोलम' पर अनवरत प्रदर्शनियां करते रहते हैं। साथ ही समय-समय पर 'कोलम' की तकनीकी जानकारी देने के लिए स्कूलों में कार्यशाला एवं प्रतियोगिताएं भी



आयोजित करते रहते हैं। उनका मानना है कि 'कोलम काढ़ना एक कला सीखने के सामान है। इसे सभी को सीखना चाहिए। कोलम में वह सभी गुण विद्यमान है, जो एक अच्छी कला में होना चाहिए। 'प्रतीक' एवं 'बिन्दुएं' ही कोलम अंकन का आधार है।' तमिलनाडु (दक्षिण भारत) में हर महिला को कोलम कला की दीक्षा परम्परागत रूप से दी जाती है। प्रातःकाल की ईश्वरीय वंदना का आरम्भ ही इस रंगोली से किया जाता है। महिलाएं नित्य प्रातःकाल उठकर घर के आंगन, द्वार व देव-घर को धोकर कोलम काढ़ती है। महिलाओं की कोलम में थिरकती उंगलियां, दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत से सामंजस्यता रखती हैं। कोलम को काढ़ते समय इसे ताल के रूप में प्रयोग करती हैं व गुनगुनाते हुए काढ़ती हैं।

### हर शुभ कार्य में कोलम से सजाया जाता है पूरा घर

हर शुभ-कार्यो में पूरा घर कोलम से सजाया जाता है। जिस घर में कोलम के निशान न हों, वहां अपशकुन माना जाता है। निर्धनों के घरों की यह सस्ती सजावट है। पूर्वजों का कहना है कि कोलम काढ़ने से नारी में सहनशीलता आती है, कला का प्रादुर्भाव होता है, सच्चा विश्वास व स्मरण शक्ति बढ़ती है। पोंगल (खिचड़ी), दीपावली कार्तिक पूर्णिमा व कई त्योहारों में दक्षिण भारतीयों को उल्लास व उमंगों में देखा जा सकता है। किसी भी शुभ कार्यो में कोलम उकेरने के लिए महिलाओं में एक होड़ सी लग जाती है। कई जगहों पर कोलम विशेषज्ञों को भी आमंत्रित करते हैं। यहां कई महिलाएं कोलम की स्कूल भी चलातीं हैं जिसमें छात्राओं को इस कला में निपुण किया जाता है। जगह-जगह पर प्रतियोगिताएं होती हैं। इन्हें देखने के लिए चारों ओर भीड़ लगी रहती है। बीच में एक महिला, जिसे कोलम में महारत प्राप्त है, की अंगुलियां काफी तेजी से थिरकती हैं। लोग उसकी अंगुलियों को ही देखते रह जाते हैं और देखते-देखते एक विशाल, कठिन व एक नयी डिजाइन लोगों के सामने दिखलायी पड़ती है और लोग दांतों तले ऊंगली दबा लेते हैं। इन प्रतियोगिताओं में संगमरमर पत्थर के बारीक चूर्ण का प्रयोग होता है। इन्हें अलग-अलग रंग मिलाकर रंगीन भी करते हैं। रोजाना काढ़ने वाली रंगोली में सिर्फ चावल के सूखे आटे का ही प्रयोग होता है। दाहिने हाथ की अंगुलियों से चुटकी भरते हैं व अंगूठे व तर्जनी अंगुली के बीच में आटे को दबाते हुए धीरे-धीरे गिराकर बनाते जाते हैं। चीटियों, चिड़ियों व कीड़े-मकोड़ों के लिए यह आहार (भोजन) बन जाता है। शादी व किसी शुभ कार्यो में रंगोली, कार्य पूरा होने तक स्थिर रहना आवश्यक है, अतः चावल को थोड़ी देर पानी में भिंगो कर बारीक पीस लेते हैं व गाढ़ा घोल तैयार करते हैं। एक छोटे कपड़े के टुकड़े की सहायता से दो अंगुलियों से काढ़ते हैं। त्यौहार विशेष में गेरू को बार्डर के रूप में इस्तेमाल करते हैं। आटे का घोल सूखने पर सफेद पेंट का सा आभास देता है जो अल्प समय के लिए स्थायी बना रहता है।

### दक्षिण भारतीय रंगोली 'कोलम' में है बिंदु की प्रधानता

दक्षिण भारतीय रंगोली 'कोलम' में बिंदु की प्रधानता है। बिन्दु ग्राफ का काम करती है। कोई भी कोलम के डिजाइन को काढ़ने से पहले बिंदु डालकर खाका तैयार कर लेते हैं, इससे सुविधा रहती है। बिन्दुओं को भी दो प्रकार से डालते हैं। एक तो बिन्दुओं की अंकित कतार के ठीक नीचे दूसरी कतार बनाई जाती है जो ऊपर की कतार के समानान्तर होती है। इसे 'नेर पुल्ली', यानि सीधी बिन्दु कहते हैं। दूसरा प्रकार, ऊपर के कतार की दो बिन्दुओं के मध्य नीचे की कतार आती है जिसे 'नडु पुल्ली' कहते हैं। बिन्दु आधारित कोलम भी दो प्रकार से बनाते हैं- प्रथम प्रकार में बिन्दुओं के चतुर्दिक रेखायें घूमकर जाती हैं और दूसरे प्रकार में रेखायें बिन्दुओं को छूती हुई साथ-साथ चलती हैं। दक्षिण भारतीय कोलम के विभिन्न आनन्ददायक, सांकेतिक, मोहक, रुचिकर प्रकार भी देखे जाते हैं जिनमें न जाने कितने ही संकेत, अर्थ, रहस्य छिपे हैं, इस पर अध्ययन व अन्वेषण की आवश्यकता है। इनमें गंडभेरुण्ड, गरुड, कमल रथ, पारिजात पुष्प, वृन्दावन, राम सिंहासन, बिल्व पत्र आदि अनेक प्रकार के अंकन प्रचलन में हैं। आजकल कोलम के इतने आविष्कार हो चुके हैं कि एक-एक पर्व की एक भूमि-चित्र हैं-युगादि (नववर्ष), रथ-सप्तमी, पोंगल, शिवरात्रि, कार्तिक पूर्णिमा, ओणम, दीपावली, कृष्णाष्टमी, नवरात्रि, सूर्य-षष्टी, नाग पंचमी आदि के माध्यम से पर्व पहचाने जा सकते हैं। नित्य प्रति प्रात:काल काढ़े जाने वाले कोलम में समयाभाव के कारण रेखाओं का ही प्रयोग प्राय: महिलाएं करतीं हैं जो कम समय में त्वरित गति से खींचा जा सकता है। ये रेखायें मुक्त-हस्त अंकन होती हैं।





### दो रेखाएं डालकर ही कोलम का करते हैं अंकन

प्राय: दो रेखाएं डालकर ही कोलम का अंकन करते हैं। दक्षिण भारत में एकल रेखाओं के अंकन-चित्र अशुभ माने जाते हैं। यदि कोई एकल रेखाओं वाले कोलम बृहत व जटिल हों तो साथ में दो रेखाओं वाले एक लघु कोलम भी महिलाएं उकेर देती हैं। त्वरित प्रक्रिया में प्राय: ज्यामितीय आकारों का प्रयोग होता है। कई अंकन फूल-पत्तियों, लताओं, पशु-पक्षियों आदि प्राकृतिक विषयों पर भी आधारित होते हैं। कई स्थानों पर ग्राफ का प्रयोग भी देखा जाता है। ग्राफ चित्रांकन में सहायक भूमिका निभाता है। यहां नित्य प्रति अंकन के प्रकार भी प्रचलित हैं जिससे उस दिन का अनुमान लगाया जा सकता है, जैसे- 'ऐश्वर्य कोलम' अथवा 'हृदय कमलम' को शुक्रवार के दिन अंकित किया जाता है।